Only a bunch of PM Modi's pet project got importance in the policy outline of the new Government, the Government has conveniently neglected the aspects of Universal access to health care and education, which are fundamental for the development of downtrodden, in the country. There was no mention of improving Right to Education and improving the condition of Higher Education in the country. I would like to ask the Government that what new progammes and policies they have created for the marginalized in the country. I would like to ask the Government what new schemes and policies, it has introduced to address the rising income and regional inequalities. There has been no special emphasis on the Eastern and North-Eastern backward states of the country.

I would like to ask this Government , what are reasons for the increase of the prices of the essential commodities, despite there has been substantial reduction in the prices of the fuel because of the international markets. I would point out in this context that the Government has completely failed in passing the benefit of the reduced fuel prices on to the consumers.

There is also a lot of expectations, on the foreign policy front, but there has been no concrete plan outlaid by the Government to increase the standing of the country in internal politics, like obtaining consensus for the permanent memberships of the country in the UN Security council and reforming the trade ties with the neighbouring countries by setting up new integrated trade posts and creation of new assets like pipelines and strategic roads. I also regret how the Hon'ble Minister of External Affairs kept mum when the Chinese Government objected to the visit of Hon'ble Prime Minister to Arunachal Pradesh.

I remember many speeches of all the BJP leaders when they were in opposition regarding introduction of progressive reforms, now they are taking U-Turn and introducing the same policies like GST constitutional Amendment and taking credit for them.

Finally, Government has completely downplayed the importance of reassuring the minorities of the country about their safety and security. There have been sudden surge in the violence and hate crimes against religious minorities in the country, which have made them fearful about the intensions of this government. There was no mention of stern warning against the kinds of Ghar Wapasi like programmes which are intensifying communal rift in the country. Thus, it has been proved that the Government is passively encouraging hate crimes against minorities by not adequately warning the Hindutva forces. There has been no new major scheme or project initiated by this Government to uplift the minorities to provide them space in government employment, skill emancipation, affordable housing, etc. which also explains lack of interests of the government in their welfare.

श्री भगत सिंह कोश्यारी (नैनीताल - उधम सिंह नगर): माननीय उपाध्यक्ष जी, आपने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का मुझे अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद।

माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं सोचता हूं कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जब माननीय अनुराग जी ने धन्यवाद प्रस्ताव शुरू किया था, तो उन्होंने अपने एक घंटे के भाषण में अभिभाषण पर चार चांद लगाए। अगर कोई इसे समझते हों, तो उन्होंने इतने सुन्दर ढंग से अभिभाषण पर अपना विषय प्रस्तुत किया है। भाई निशिकांत दूबे ने नेहरू जी को याद करके उस तरफ के लोगों को भी याद दिला दिया कि हम वास्तव में समावेशी हैं, सबका साथ लेकर चलने वाले हैं। उनके सारे उद्धरण उन्होंने दिए। माननीय वैंकैय्या जी ने भी उस पर बहुत बोला है। इधर हमारे चिराग पासवान सहित सभी माननीय सदस्यों ने इसके समर्थन में बहुत-सी बातें कहीं हैं।

महोदय, मैं तो राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के दो बिन्दुओं पर प्राथमिक रूप से ध्यान देना चाहता हूं। पहला वाक्य है - 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यह कहा था कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति इसकी समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत है।' इसका अंतिम वाक्य है - 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत।' मैं सोचता हूं कि इन दो वाक्यों के अंदर इसका सारा समावेश है। मैं कुछ और बिन्दुओं पर

बोलने नहीं जा रहा हूं। मैं न ही 'स्वच्छ भारत' पर बोलने जा रहा हूं और न ही 'स्मार्ट सिटी' वाले बिन्दु पर। कल हमारी माननीय सदस्या श्रीमती सुप्रिया सुले जी बोल रहीं थीं कि इसमें 'एकात्म मानववाद' ला दिया और यह कोई कम्युनल बात इश्यू ला दिया गया है। मैं सोचता हूं कि हम लोग 'एकात्म मानववाद' को समझें। हम लोग हमारे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इस वाक्य को समझें कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति इसकी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत है।

एक बड़े इतिहासकार हैं ऑर्नाल्ड टोयन्बी। वर्ष 1951 में ऑर्नाल्ड टोयन्बी ने अमेरिका के एक यूनिवर्सिटी में भाषण देते हुए कहा था- Nineteenth century was the century of science, twentieth century is the century of technology, and twenty-first century will be the century of spirituality, and that is the century of India. यह मैं नहीं कह रहा हूं। यह ऑर्नाल्ड टोयन्बी ने कहा कि twenty-first century will be the century of spirituality, and that is India. मैं सोचता हूं कि जिस लक्ष्य पर देश को बढ़ना चाहिए था, जिस रामराज्य की बात हमारे महात्मा गांधी ने की थी, उस ओर हमें चलना चाहिए था। पर, लगता है कि पिछले पचास-साठ सालों में हम मूल बात को ही भूल गए। ऐसा लगता है कि जिस समय देश आज़ाद हुआ, देश के प्रधान मंत्री या उस समय के सारे लोगों के ऊपर रामराज्य की ज़गह पर पश्चिम का साम्यवाद और पश्चिम का समाजवाद छा गया। इसीलिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अलग पार्टी बनायी। इसीलिए शायद डॉ. अम्बेडकर ने उस सरकार को छोड़ दिया। वास्तव में, इस देश की नींव किस में होनी चाहिए? देश की नींव हमारी जो संस्कृति है, हमारा जो आधार है, उस पर होना चाहिए।

मुझे बहुत अच्छा लगा जब राष्ट्रपति जी 'सांस्कृतिक आदर्शवाद' बोल रहे थे। तब मुझे राष्ट्रपति जी का वह फोटो दिखाई दे रहा था, जब हर साल वे पूजा के अवसर पर, सरस्वती पूजा के अवसर पर, विजयादशमी के अवसर पर अपने घर जाते हैं और व्रत रखकर उन आस्थाओं का पालन करते हैं। मुझे लग रहा था कि अमेरिका में जाकर हमारे प्रधान मंत्री नौ दिनों तक केवल और केवल पानी पीकर जो व्रत रखते हैं, शायद यही आस्था है, यही हमारा विश्वास है। यह सांस्कृतिक धरोहर केवल मेरी नहीं है। ज्योतिरादित्य जी, यह आपकी भी है। यह हम सभी की धरोहर है। इस धरोहर के कारण शायद आज फिर यह देश दुनिया में आगे बढ़ने जा रहा है।

आप कल्पना कीजिए। 21 जून को 'योग दिवस' मनाने के लिए 175 देशों ने स्वीकृति दी है। यह योग दिवस क्या है? हमारे प्रधान मंत्री की एक आह्वान पर सारे देशों ने योग दिवस मनाने का संकल्प लिया है। अगर सारे देशों ने योग दिवस मनाने का संकल्प लिया है तो क्या हम उस आध्यात्म की ओर चलने के लिए संकल्प नहीं ले सकते हैं?

महोदय, मैं उत्तराखण्ड से आता हूं। वहां चार धाम हैं। वहां देव भूमि है। वहां दुनिया भर के लोग तपस्या करने के लिए आते हैं, तो क्या वास्तव में हम सब लोग एक बार फिर से उस आध्यात्मिक जगत की ओर, उस महान भारत की ओर लौटने की कल्पना नहीं कर सकते? निश्चित रूप से, राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है, उन्होंने जिस महान विरासत के उल्लेख से अपना अभिभाषण शुरू किया, उस महान विरासत को हम लोग प्राप्त करेंगे।

मान्यवर, पंडित दीन दयाल जी के बारे में किसी ने कहा कि केवल चार, पांच ही नाम हैं। साठ साल तक तो केवल एक परिवार के नाम रहे। आखिर जिन्होंने कुछ किया, उनके भी नाम आएंगे। अभी दीन दयाल का नाम आ रहा है, मुखर्जी का नाम आ रहा है, निकट भविष्य में नेता जी सुभाष चंद्र बोस का नाम आएगा, डॉ. अंबेडकर का नाम आएगा, उस दिशा में हम चल तो रहे हैं। इस देश को बनाने वालों में उनका बहुत नाम था। मैं दीन दयाल जी के संबंध में आपसे निवेदन करता हूं कि दीन दयाल जी ने उपनिषद् को उद्धृत करते हुए हम लोगों को मंत्र दिया। इस मंत्र के कारण वर्ष 1952 में 3, 1984 में 2, वहां से बढ़ते-बढ़ते आज हम 282 हो रहे हैं। वह मंत्र है - चरैवेति-चरैवेति। यह मंत्र केवल भारतीय जनता पार्टी के लिए नहीं है, चलते रहो, चलते रहो, यह सारे देश के लिए है। वह मंत्र है, कलःशयानो भवति संजिहानस्तु द्वापरः उत्तिष्ठता त्रेता भवति, कृतः सम्पद्यते चरन चरैवेति चरैवेति। जब आदमी सोया रहता है, तो वह कलिकाल होता है, जब वह थोड़ा अंगड़ाई लेने लगता है तो द्वापर होता है, जब उठ खड़ा होता है तो त्रेता होता है और चलने लगता है तो सतयुग आता है, कृत युग आता है। मैं कह सकता हूं कि मोदी की सरकार का यह कृत युग आ रहा है, चलने वाला युग आ रहा है। स्वच्छता से लेकर हर मामले में मैं समझता हूं कि जिस प्रकार के संकल्प लिए गए हैं और जिस संकल्पशक्ति के साथ यह सरकार बढ़ रही है, निश्चित रूप से वह सतयुग आ रहा है।

आखिर उस समय क्या हुआ? पंडित जवाहर लाल नेहरू का मैं बड़ा आदर करता हूं। उनकी ट्राइस्ट टू डेस्टिनी का भाषण मैं बहुत ध्यान से पढ़ता हूं, दोबारा-दोबारा पढ़ता हूं, लेकिन वे प्रधानमंत्री क्यों फेल हुए? जब हमारे मोदी जी मुख्यमंत्री थे, मुझसे लोग कहते थे कि तुम्हारा क्या कहना है, मैं कहता था कि मोदी मुझे लगभग नेहरू जैसा लगता है, बड़ा विजनरी है। आज तो आप सब देख ही रहे हैं। जब वे चीफ मिनस्टर थे, तब मैं ऐसा कहा करता था, वह विजनरी है, बड़ा-बड़ा काम कर रहा है। ...(व्यवधान) प्लीज लिसेन, इफ यू डोंट एग्री, प्लीज कीप क्वाइट। मैं किसी पर आरोप नहीं लगा रहा हूं। मैं उनकी भी प्रशंसा कर रहा हूं। नेहरू जी का मैं बड़ा आदर करता हूं। मैं कह रहा हूं कि रोज उनके ट्राइस्ट टू डेस्टिनी भाषण को पढ़ता हूँ और आपको बुरा लग रहा है। मेरा आपसे निवेदन है कि कम से कम कुछ तो टॉलरेंस रखिए। मेरा आपसे निवेदन यह है कि आज वास्तव में इतिहास बताएगा कि जब यह देश आजाद हुआ था तब शायद सब लोग, उस समय ऐसी स्थितियाँ बन गई, आजादी की खुशी में ऐसा लगता था कि हम सो गए हैं। अपनों को भूलकर के विदेशी आइडियाज को लेने लगे, विदेशी विचारधारा को हम लोग ग्रहण करने लगे। इसका परिणाम यह हुआ कि देश सो गया। वर्ष 1962 का वह डिबेकल हमने देखा है, वह शर्मनाक घटना हमने देखी है, क्यों? इतना महान आदमी नेहरू, फिर भी ऐसी दुर्घटना हुई। ऐसी अपमानजनक घटना हुई, ऐसा क्यों हुआ? ऐसा लगता है हम विदेशी चकाचौंध में, विदेशी विचारधारा की चकाचौंध में खो गए। हम लोग कहते थे इतना पुराना नेशन, ओल्डेस्ट नेशन और उसको हम लोगों ने नेशन इन मेकिंग कहना शुरू किया। शायद वह गलती थी, वह कहीं भूल थी। मैं नहीं कहता कि उन लोगों ने जानबूझकर किया होगा। ...(व्यवधान) गलती से यह देश पीछे हटा, लेकिन देश जगा। वर्ष 1991 में मेरी सरकार नहीं थी, एक बार देश जगा और जगकर नई उड़ान लेने लगा। ऐसा लगा कि देश अब अंगड़ाई ले रहा है। अटल जी जब आए, घर-घर तक, गाँव-गाँव तक सड़कें पहुँचा दीं और ऐसा लगा कि अब यह देश खड़ा हो गया है। आज जब मोदी जी आए हैं, तो यह देश चलने लगा है, दौड़ने लगा है।

मैं अंत में इतना ही कहूँगा कि श्रमेव जयते की बात कही है। पिछले 60 सालों अनुदान-अनुदान और देश को गुलाम बना दिया है। मैं कहता हूं कि जो इसमें श्रमेव जयते का मंत्र दिया गया है, वह हममें से हर एक का मंत्र होना चाहिए। अगर हम श्रमेव जयते के आधार पर चलेंगे तो निश्चित रूप से यह देश आगे बढ़ेगा। अगले दस सालों के अंदर, बजाए इस देश ने हमें क्या दिया, समाज ने क्या दिया, पार्टी ने क्या दिया, यह कहने के बजाए अगर दस साल तक मोदी जी का शासन रहेगा, तो दस साल के बाद हर एक नागरिक देश ने मुझे क्या दिया, कहने की जगह मैं देश को क्या दे रहा हूं, मैं समाज को क्या दे रहा हूं, यह कहेगा। एक बार फिर से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की शुभकामना के साथ मैं फिर से इसका समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपको, मुझे बोलने का समय देने के लिए और आदरणीय राष्ट्रपति जी का दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए, धन्यवाद देता हूं। मैं इसके विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। ...(व्यवधान)

मैं इससे सहमत नहीं हूं क्योंकि जिन बातों का जिक्र किया गया है, वे सभी बातें कहने में कुछ और हैं और पिछले 9 महीनों में जो सरकार की करनी रही है, जिस तरह हिन्दुस्तान की आर्थिक दिशा और सामाजिक दिशा तय की जा रही है, वह बहुत खतरनाक, आम लोग विरोधी, मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, आदिवासी विरोधी, वह दिशा अख्तियार की जा रही है। हमारे प्रधानमंत्री, मोदी जी अमेरिका जाते हैं, जापान जाते हैं, आस्ट्रेलिया जाते हैं, वहां पूरे जोर से आवाज लगाते हैं कि हमारे देश में आइए, हमारे देश के संसाधन आपके लिए खुले हैं, हमारी खादानें खुली हैं, हमारे प्राकृतिक संसाधन खुले हैं, आप यहां आइए, मैं आपके लिए सब कुछ सुनिश्चित करूंगा। आपको भूमि अधिग्रहण करने में दिक्कत नहीं होगी। भूमि अधिग्रहण बिल, जो नया बिल है, जो किसान विरोधी है, वह लेकर आऊंगा। आपको सस्ते मजदूर चाहिए। मजदूरों के हक में जो कानून बने थे उनमें संशोधन करके, लेबर लॉ को अमैण्ड करके, आपको सस्ता लेबर प्रोवाइड कराऊंगा। अपने ही देश के मजदूरों का गला घोंट कर, आपको भेंट करूंगा। वह कहते हैं कि यहां, आइए, जो पर्यावरण मंजूरियां पहले रुकी हुयी थीं, नहीं दी जा रही थीं, पर्यावरण संबंधी जो कानून हैं, ...(व्यवधान) पर्यावरण के कानून को नरम करके, जो आदिवासी अधिकार थे, उनको खत्म करके, आपको एक ऐसा वातावरण दूंगा कि आप हमारे देश में आइए, यहां कमाइए, यहां लूटिए और अपने देशों में लेकर चले जाइए। यह आर्थिक एजेण्डा बी.जे.पी. ने तय कर दिया है। किसी देश के प्रधानमंत्री ऐसे संदेश देने के लिए कहीं नहीं जाते कि आपके लिए मैं जगह तैयार करता हूं, आपके लिए हालात तैयार करता हूं। ...(व्यवधान)

सर, जो दूसरी बात है, वह इस से भी बुरी है। ...(व्यवधान) मैंने आपकी पूरी बात सुनी है।...(व्यवधान) आप भी सुनने की हिम्मत रखिए।...(व्यवधान) सर, देश का जो सोशल एजेण्डा तय किया जा रहा है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): आप बोलने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन आप जो कुछ भी तथ्य रखें, उनका कुछ आधार हो। आज सुबह भी इसी तरह की घटना के कारण आप सब लोग नाराज हुए। अगर इसी प्रकार से हम लोग भी नाराज हों, क्योंकि आप जो आरोप लगा रहे हैं उनमें तथ्य नहीं है। ...(व्यवधान) आप आदिवासियों की जमीन लेने की बात कर रहे हैं, उसमें तथ्य नहीं है।...(व्यवधान) कृपया ऐसे तथ्य पेश न करें, जो पूरे सदन पर आघात करे और देश पर आघात करे, ऐसा कुछ न करें। ...(व्यवधान)

श्री धर्म वीर गांधी: सर, आपने जो-जो किया है, मैं उनका वर्णन कर रहा हूं। ...(व्यवधान) रूड़ी जी सरकार ने जो-जो किया है, मैं उनका वर्णन कर रहा हूं। मैं वही गिना रहा हूं। यह सब हुए हैं। भूमि अधिग्रहण बिल हुआ है, लेबर लॉज अमैण्ड हुए हैं, पर्यावरण कानून बदले हैं...(व्यवधान) जहां तक देश का जो सोशल एजेण्डा है, उसके तहत जो हो रहा है, हमारे देश की अलग-अलग जगहों पर जो धार्मिक/सेक्युलर कैरेक्टर था, देश का जो धर्मनिरपेक्ष चरित्र था, देश के अलग-अलग भागों में उन पर हमले हो रहे हैं। मैं यह नहीं कहता कि यह सरकार करवा रही है, लेकिन सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है। ...(व्यवधान) इस देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बचाने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए। उन शक्तियों के खिलाफ सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए, जो शक्तियां देश में धर्मान्धता फैला रहे हैं, जो हमारे देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के लिए खतरा बने हुए हैं। ...(व्यवधान) देश का अल्पसंख्यक भय के माहौल में रह रहा है। चर्चेज जलाई जा रही हैं। उनके खिलाफ अलग-अलग बड़ी भड़काने वाली मुद्रा में जगह-जगह पर बयान दिये जा रहे हैं, सरकार को उन सब के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने जो बयान दिये हैं, हम उसका स्वागत करते हैं लेकिन उन तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जो देश को बांटने के लिए तुले हैं। हम उनके खिलाफ हैं।

हमारे देश में कला, साहित्य, विद्या और ज्ञान की जो आजादी है, उनमें मध्ययुगीन और बहुत पुराने एलिमेन्ट्स लाये जा रहे हैं, कुछ संगठन और रूढ़िवादी शक्तियां इन क्षेत्रों की आजादी को खण्डित कर रही हैं।

15.00 hrs

चाहे पीके फिल्म पर बैन लगाने की बात हो, चाहे दक्षिण में एक लेखक को अपना पैन ड्रॉप करना पड़ा हो, उसे माफी मांगनी पड़ी हो, चाहे चंडीगढ़ के कलाग्राम से कुछ आकृतियां उठाने की बात हो, हिन्दुस्तान में डैमोक्रेटिक स्पेस लगातार कम हो रहा है। हम इसकी भर्त्सना करते हैं।

हमारे देश में 50 प्रतिशत औरतें हैं। उनके बारे में कुछ संगठनों द्वारा बहुत ही घटिया बयान दिए जा रहे हैं। वे क्या खाएं, क्या पहनें, कहां जाएं, किससे शादी करें, यह तय करने वाले ये कौन होते हैं। हमारे देश की औरतें बराबर की हिस्सेदार हैं। ये औरतें तय करेंगीं, यह उनका अधिकार है। सरकार को चाहिए कि वह इन तत्वों पर नकेल डाले, उनको पकड़कर अंदर करे और उन पर मुकदमा चलना चाहिए।...(व्यवधान)

यह देश चंद पूंजीपतियों का नहीं है, यह मेरा भी देश है और 125 करोड़ लोगों का भी देश है। कुछ पूंजीपतियों के हाथों इस देश को बिकने नहीं दिया जाएगा। हम लोग इसके बराबर के हिस्सेदार हैं और हम वह हिस्सा किसी को लेने नहीं देंगे, किसी सरकार को लूटने नहीं देंगे, न लुटवाने देंगे। जो सरकार की पूंजीपति पक्ष की नीतियां हैं, गरीब विरोधी नीतियां हैं, किसान विरोधी नीतियां हैं, हम इनका विरोध करेंगे।...(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी : आप किसके बारे में बोल रहे हैं?...(व्यवधान)

श्री धर्म वीर गांधी: जो किया गया, वही बोल रहे हैं।...(व्यवधान) एक भारत-श्रेष्ठ भारत, यह नारा देखने में बहुत सुहावना लगता है, लेकिन इस सरकार की जो कार्रवाईयां हैं, वे न इसे एक छोड़ने वाली हैं, न श्रेष्ठ बनाने वाली हैं।

SHRI E. AHAMED (MALAPPURAM): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I do not have much time. Due to paucity of time, I am not elaborately speaking and I will just mention certain points, on behalf of my Party, Indian Union Muslim League which can form part as a debate on the Motion of Thanks on the

15.02 hrs (Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

Hon. Chairperson, Sir, I have gone through the 18-page Address of our hon. President, wherein various projects, schemes and proposals have been mentioned as a perception of this Government. We are here to discuss the pros and cons and also how they will be affecting the future of the country.

I would like to put forward one thing which I have been very much happy to see in the President's Address that this Government is also for the growth of the entire people, and inclusive growth is one of the ideas of this Government. No doubt it is a welcome feature. But I would just like to know how is this inclusive growth could be brought in the present day India especially under this present Government. Has the inclusive India been given representation and also the role to play for the people in the vast majority parts of India? Or has the inclusive India been given more representation to the people of the corporate section of India? I have noticed that inclusive growth is being given more to the corporate section. What is the percentage of the inclusive growth given to the common people of this country? How have they been given representation to have their role to play in the development of this country?

Hon. Chairperson, I will also like to mention one thing to this Government. One may sometimes welcome that everybody should be there in this inclusive growth but when the corporate section is taking advantage of the inclusive growth, it is not in the interest of the country. This is our own experience. There were revelations after searches and raids conducted by security agecies; and it was found that the people from the Corporate lobby had taken secrets of our proposed Budget also. The organised espionage is a feature given to this country by this some corporate management. So, the country has to be taken care of this organised espionage conducted by the corporate agents of the big companies. I am not against the Corporates. They also have a role to play as any other section of the people of this country but at the very same time, inclusive growth should be for the benefit of the marginalised sections of the people, minorities, downtrodden and others. Their role has to assured by the Government. It is most important thing for the benefit of this country.

Inclusive development demands special encouragement for the downtrodden people including minorities. But the President's Address, unfortunately, does not mention anything about these downtrodden people including minorities. But whether one may like it or not to see minorities or not, it is a fact; *de facto*, nobody would be able to forget about the existence of religious minorities in India. As far as Muslims are concerned, in the world, it is the second largest minority we are having in India. Could we say no? Even if the Minister, who is in-charge of Minority Affairs, may say: "I do not want minority!" Okay, Minister does not want, but the country wants! That is a set rule. How can one say, no? ...(*Interruptions*)

I am very happy to hear the speech made by the BJP Member from Uttarakhand, Shri Koshyariji. He has said about Jawaharlal Nehru's policy. I was very much thrilled when he said so...(*Interruptions*) Sir, why don't you address your party people to follow Jawaharlal Nehru's policy of unity in diversity? How can you forget unity in diversity theme of Jawaharlal Nehru? That is an asset for India...(*Interruptions*)

SHRI BHAGAT SINGH KOSHYARI: Just a minute, please.

When I mentioned the name of Jawaharlal Nehru, you said, I could follow Jawaharlal Nehru. Well, you mentioned my name; and I would request you to follow me, to follow my party. Thank you.

SHRI E. AHAMED : Knowing me what I said is not a matter to follow any party!...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please continue your speech.

SHRI E. AHAMED: Sir, I am here and these days, I have been waiting also to speak.

Inclusive development demands encouragement for all the communities including minorities. But at the national level, the representation of minorities in schools, colleges and educational institutions is abysmally poor. There should be sufficient encouragement given to these marginalized sections.

I am speaking only points due to paucity of time.

There should be sufficient encouragement for each and every language in the country to prosper. I have also discussed it. The Government should give Urdu and Arabic languages their due position in the UPSC selection process, so as to give to the people the education preference.

Mr. Chairman, Sir, in the last nine months, the indication of the Government's intention on the so-called inclusive agenda has been completely ignored some section of people. They have neglected the representation and the grievances for the minority community. I am sure, the education status of the minority community will be given to them, their due share.

Another point, which I am referring here, is that the President's Address is conceptually silent on the political will and the commitment to work for maintaining communal harmony and checking the hate mongers. The recent statement of our hon. Prime Minister at a Christian Congregation about the Government's commitment for freedom of faith has been negated by the subsequent statements made by his own party people. But I would say that the Prime Minister's statement has been welcomed by the minority because he has mentioned in that Christian Congregation that 'the religious faith should be respected.' But after he spoke, it has been negated by his own party people. The Prime Minister wanted and he had shown also as to how we will have to respect the religious faith of the minority community and other sections of people. Unfortunately – I may be permitted to say – in the ruling party, there are also elements who wants to be like more loyal than the king.

They do not want any value to be given to the Prime Minister's statement. Why should I say this? I will say one thing more. In the last Session, our Prime Minister did not speak anything inside the House about minority community and minority's apprehension but he only spoke outside. I am sure in his reply to the debate President's Address, he will definitely say something to give hopes and fulfill the aspirations and also about the Government's policy for protecting the interest and legitimate rights of the minority. I am expecting him to do that but, unfortunately, it

may not be possible because when the Prime Minister has spoken in the congregation of Christians about protection of the minorities, his own people have spoken against the Nobel laureate, Mother Teresa. That shows that they do not like what the Prime Minister has said. But we are very much happy that the Prime Minister has come out and given that assurance, and I am sure that in this Session also, the Prime Minister would say about it.

One thing more I would say. I do not want to take much of the valuable time of this House because a number of Members are waiting. After speaking about Nobel Laurate Mother Teresa, this country has become a target of attack, insult and criticism from the international community. We have to respect the sentiments of the international community also. You may have differences of opinion about the way Mother Teresa had conducted but this is not the way you have to do, and that too it is from a responsible leader of the RSS Chief, backed by the Ruling Party. It is very much shameful for this country and the entire House joins me in condemning such things against a person like Mother Teresa.

So, the country is in dire need of stringent laws against hate propaganda and communal violence. Why is the Government hesitant to bring in a new law? I do not know whether Government will bring new law after withdrawal of Communal Violence Legislation it was there in the Parliament. But why do you not bring in your own law? It is because it is a fact that the minorities have been under threat. That has always been there. I hope my friend from Uttarakhand will also agree with me that the minorities are under attack by the people who want Ghar Wapsi. Ghar Wapsi is creating घर बर्बादी. That is the thing. What is Ghar Wapsi? Why do you do that? You are again casting aspersion of untouchability among the people. It is very bad.

Anyway, I have no time. I thank you very much for giving this much of time. I would only like to say that I am sure our Prime Minister, in his reply, will dispel whatever fear psychosis that the minorities have and also their fear about certain Hindutva elements which, I say, adopting policy of are more loyal than the king in this country. That will definitely make us unhappy. I wish that the Prime Minister would also take this opportunity to dispel the grievances as well as the fear among the minority communities. That is the need of the country. Thank you very much.

*श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) ः वर्तमान सत्र की शुरूआत करते हुए मान्यवर राष्ट्रपति महोदय द्वारा एक प्रकार से आगामी दिनों में भारत का विकास एवं उसकी गति सुनिश्चित करने हेतु जो दस्तावेज राष्ट्रपति अभिभाषण के रूप में संसद के माध्यम से देश के समक्ष प्रस्तुत किया गया मैं उसका स्वागत करते हुए समर्थन करती हूँ।

वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद देश के लोगों की आशा और आकांक्षाओं में बढ़ोतरी हुई है। यह सरकार जब "सबका साथ-सबका विकास " के मंत्र को लेकर चल रही है एवं मान्यवर प्रधानमंत्री महोदय ने भारत देश की आज़ादी के बाद केंद्र एवं राज्य सरकारें टीम इंडिया के नाते काम करे यह भावना देश के सम्मुख सिर्फ रखी ही नहीं है, अपितु उसका अनुसरण भी किया है। कई राज्यों में विपक्ष की सरकार होते हुए भी पिछले वित्तीय वर्ष में वर्तमान सरकार द्वारा राज्यों का कहीं अन्याय हो रहा है ऐसा एक भी निवेदन देश के समक्ष नहीं आया है। यह घटना मान्यवर प्रधानमंत्री महोदय एवं पूर्ण एन.डी.ए. सरकार की देश के विकास के लिए कार्य करने की इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

वर्तमान सरकार के आने के बाद योजनाओं में एवं नीति में गरीब आदमी को केंद्र में रखा गया है। मेरा मानना है कि यही विकास का सच्चा मार्ग है। मुझे हर बार विरोधी पक्ष के नेतृत्व के द्वारा दिये गये निवेदनों के ऊपर आश्चर्य भी होता है एवं हँसी भी आती है। क्योंकि इस सरकार द्वारा रखी गई प्रत्येक योजना को वे हमारी सरकार के समय रखी गई योजना थी, का निवेदन करते हैं और सदन में उसका विरोधी भी करते हैं। अगर उनकी योजना थी तथा उसे सच्चा मानते है तो फिर विरोध क्यों कर रहे हैं और अगर विरोध कर रहे हैं तो उनकी योजना थी कि उसे कैसे सच्चा माने। वास्तव में विरोधी पक्ष देश की जनता द्वारा वर्तमान सरकार को मिले जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। अगर योजनाओं की बात करें तो मान्यवर प्रधानमंत्री जी द्वारा " स्वच्छ भारत मिशन " की शुरूआत की गई। एक अनुमान के मुताबिक आम आदमी एक साल में करीब सात से साढ़े सात हज़ार रूपए ऐसी बीमारियों पर खर्च करता है जो स्वच्छता न होने के कारण होती हैं। मान्यवर प्रधानमंत्री जी ने हरेक घर में शौचालय की अपनी व्यवस्था हो, ऐसी योजना सामने रखी है। मुझे दुःख इस बात का है कि आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी देश के विकास हेतु ऐसे विषय को प्राथमिकता देनी पड़ती है। अगर विगत दशकों में इस बात की ओर ध्यान दिया गया होता तो आज उसके पीछे खर्च करने वाला पैसा विकास की अन्य गतिविधियों पर खर्च किया जा सकता था। आज सरकार देश की जनता से माध्यमों के द्वारा सीधे संपर्क में है। मन की बात कार्यक्रम के द्वारा मान्यवर प्रधानमंत्री महोदय पूरे देश की जनता के प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयत्न कर रहे हैं। शायद भारत में इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री के द्वारा छात्रों की परीक्षा के समय में शुभेच्छा दी गई एवं परिणाम की चिंता न करते हुए परीक्षा की अच्छे से अच्छी तैयारी करने के लिए प्रोत्साहन दिया गया। जिसमें कई ऐसी बातें थी कि परिणाम के बाद जिनका परिणाम ठीक नहीं आया है वे गलत कदम न उठाये उसके लिए भी उनको प्रेरणा दी गई। यह वर्तमान सरकार का देश के विद्यार्थी एवं शिक्षा क्षेत्र को कितना महत्व दे रही है उसका जीवंत उदाहरण है।

वर्तमान सरकार द्वारा जन योजनाओं की घोषणा की गई है उन सभी में देश को अच्छा भविष्य आगामी दिनों में है, ऐसा विश्वास हो रहा है। मेक इन इंडिया और उसकी अनुषांगिक अन्य योजनाएँ भविष्य में हुनरमंद भारत ऐसा चित्र दुनिया के सामने हम प्रस्तुत कर सकेंगे ऐसा पूर्ण विश्वास है। "दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय योजना " एवं "सांसद आदर्श ग्राम योजना ", "मिशन हाउसिंग फॉर ऑल " ये ऐसी योजनाएं हैं, शायद उसके परिणाम दो या तीन सालों में देश के समक्ष आयेंगे, लेकिन उन योजनाओं के प्रति लोगों की आय आज से ही परवान चढ़ने लगी हैं और मुझे विश्वास है कि मान्यवर प्रधानमंत्री जी के सक्षम नेतृत्व में हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल होंगे। मेरा तो यह भी मानना है कि विरोधी पक्ष संसद में चाहे कितना भी विरोध करे पर जब इन योजनाओं के परिणाम सामने आयेंगे तब उन्हें भी इन योजनाओं के अच्छे परिणामों को स्वीकार करने में हिचकिचाहट नहीं होगी।

अधिकतम सुशासन-न्यूनतम सरकार एवं सबका साथ-सबका विकास आगामी दिनों में भारत को फिर से विश्वगुरू बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे साथ ही माई गवर्मेंट एवं अन्य माध्यमों के द्वारा देश की जनता को देश के विकास में अपनी आवाज़ को सम्मिलित करने का प्रयास शुरू हुआ है। वह देश के विकास को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में मील का पत्थर बनेंगे।

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) : सभापति महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण की चर्चा पर अपने सुझाव और सोच-विचार को प्रकट करने के लिए एक मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। राष्ट्रपति महोदय का अभिभाषण सरकार की एक सोच दर्शाता है कि वह किस दिशा में इस देश को ले जाना चाहते हैं और किस दशा में छोड़ना चाहते हैं। सरकार का क्या दृष्टिकोण है, उनकी नीति और नीयत किस तरफ दर्शाती है, राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में उसके प्रमाणित तथ्य हमें मिलते हैं।

मैं पिछले ढाई दिनों से अपने भाजपा के साथियों को सुन रहा था। मैं समझता हूं कि शायद वे भूल गये हैं कि वे अब विपक्ष में न बैठकर सत्ता में बैठे हैं। आपको जनता ने सदैव पूर्व के बारे में चर्चा के लिए यहां नहीं बैठाया है, बल्कि भविष्य के बारे में चर्चा करने के लिए बैठाया है। जैसे एक गाड़ी चालक, जो गाड़ी चला रहा है, वह आगे देखने के बजाय अगर रियर व्यू मिरर में देखते जाये, तो खुदा न करे, कोई दुर्घटना न घट जाये। मैंने पिछले ढाई दिनों में देखा है, सरकार में एक सोच और विचारधारा होनी चाहिए लेकिन, "Offence is the best form of defence" यह प्रवृत्ति देखने को मिली। वार के पहले ही पलटवार कैसे किया जाए, इसके भी दर्शन पिछले ढाई दिनों में मिले हैं। कोश्यारी जी ने ठीक कहा कि महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का संदर्भ दिया था, इसे मैं कोट करूंगा 'भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी समृद्ध, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत है।' दस महीने में उस विरासत की क्या स्थिति हुई? हम घर वापसी का वातावरण देख रहे हैं। भाई-भाई, धर्म और धर्म के बीच टिप्पणी का वातावरण देख रहे हैं। अभी टीवी चैनलों पर चल रहा है कि सत्ता बनाने के लिए गठबंधन की बात कश्मीर में चल रही है। जो पार्टी इस देश को कहती थी कि हम उसूलों के आधार पर आगे बढ़ेंगे, उसूलों के साथ समझौता नहीं करेंगे, मैं इस संबंध में सरकार से एक ही प्रश्न पूछना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 पर आप लोगों का क्या रुख है? मैं यह प्रश्न आप लोगों से पूछना चाहता हूं कि इसके साथ समझौता करने जा रहे हैं कि नहीं? आज देश की जनता इस विषय पर जवाब चाहती है। नई सरकार जरूर दस महीने पहले आई है, लेकिन सरकार अब नई नहीं रही। हम लोगों ने नारे बहुत सुने, अच्छे दिन, एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ-सबका विकास, लेकिन अब यह वलीशे बन चुकी है। देश की जनता की उम्मीद पर सरकार द्वारा धीरे-धीरे पानी फेरा जा रहा है। हमने सरकार का जो चरित्र दस महीने में देखा है, वह एक यू-टर्न का चरित्र है।

सभापति जी, मैं दो-तीन उदाहरण देना चाहता हूँ। जब यू.पी.ए. सरकार आधार स्कीम को लेकर आई थी, डायरेक्ट बैनीफिट ट्रांसफर स्कीम को लेकर आई थी, तब हम उस तरफ बैठे थे और आपकी बात सुन रहे थे। इसकी बहुत आलोचना हुई, बहुत विरोध किया गया, जबकि आपने पिछले दस महीने में आधार स्कीम और डायरेक्ट बैनीफिट ट्रांसफर को अपने गले से लगा लिया और गांव-गांव तक ढिंढोरा पीट रहे हैं। यही स्थिति इंश्योरेंस बिल के साथ है। जब हम इंश्योरेंस बिल लेकर आए ,थे तब आपने पूर्ण विरोध किया। आज उसी इंश्योरेंस बिल को आगे लेकर जाना चाहते हैं। जब आप विपक्ष में बैठे थे, उस समय कहा गया था कि काला धन वापस लेकर आएंगे, इस देश के हर एक नागरिक के बैंक एकाउंट में 15 लाख रुपया डाला जाएगा। आज क्या स्थिति है? BJP पार्टी, सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष स्वयं सभा में कहते हैं - अरे भई, छोड़ दो, यह तो केवल चुनावी जुमला था। सोच, विचारधारा, नीति और नीयत में इतना अंतर नहीं होना चाहिए, इसे हमने पिछले दस महीने में संसद में बैठकर देखा है। आठ अध्यादेश पारित हुए और पिछले ढाई दिनो में इस पर इस तरफ से मुद्दे उठे और उस तरफ से भी मुद्दे उठे। आठ अध्यादेशों में से सात शीतकालीन सत्र के 15 दिनों के बाद एक के बाद एक इश्यू हुए। संविधान और संसद के नियम में लिखा है कि अगर कोई आपातकालीन स्थिति हो, विषम परिस्थिति हो तो जरूर अध्यादेश लाना चाहिए, लेकिन that must be the exception, not the rule. गणतंत्र दिवस पर देश को दिए गए उद्बोधन में महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने अध्यादेश के बारे में कहा था कि बिना चर्चा के किसी कानून को पारित करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

मैं समझता हूं कि अगर कोई अध्यादेश अनावश्यक रूप से पारित किया जाए, पेश किया जाए तो यह संसद के अधिकारों का हनन होगा। अब हम इन अध्यादेशों के बारे में चर्चा करें। आप ई-रिक्शा का अध्यादेश लाए। दिल्ली की 900 अनधिकृत कालोनियों को अधिकृत करने का अध्यादेश लेकर आए। इसका मूल मंत्र क्या था, दिल्ली में चुनाव हो रहे थे, लेकिन दिल्ली की जनता और नागरिकों ने आपके मायाजाल को ध्वस्त कर दिया, आप 32 सीटों से तीन सीट पर पहुंच गये। â€¦(व्यवधान) आप कांग्रेस-मुक्त भारत की बात करते थे। â€¦(व्यवधान) इस चुनाव में तो बीजेपी मुक्त दिल्ली बन चुकी है। â€¦(व्यवधान) हमने भी बहुत सुना, आप भी सुनने की क्षमता रखिए।

इसके बाद, दो अध्यादेश और आए- एक टी.आर.ए.आई. चेयरमैन के बारे में और दूसरा पर्सन्स ऑफ इंडियन ओरिजन (पी.आई.ओ.) के बारे में। इनका क्या मूल मंत्र था, मैं तो इतना ही कहूँगा कि शायद प्रधानमंत्री जी की मन की बात का मुद्दा था। जब यू.पी.ए. सरकार खाद्य सुरक्षा बिल पर अधिनियम लेकर आई थी, तब इसका कड़ा विरोध हुआ था, श्री राजनाथ सिंह जी ने विरोध किया था, श्रीमती सुषमा स्वराज जी ने विरोध किया था, मेरे भाई श्री शाहनवाज़ हुसैन जी ने विरोध किया था। उन्होंने कहा- यह एक्सेप्शन होना चाहिए, रूल नहीं होना चाहिए, संसद में चर्चा के बिना आप कैसे अध्यादेश ला सकते हैं? आज जब वही लोग सरकार के कर्त्ताधर्ता बन चुके हैं, तब अध्यादेशों का एक्सेप्शन नहीं, मैं क्या कहूँ, शताब्दी एक्सप्रेस नहीं, बुलेट ट्रेन तो जनता को नहीं मिली, लेकिन संसद के सामने जनता को अध्यादेशों की बुलेट ट्रेन मिल गई।

हमने भूमि अधिग्रहण विधेयक पारित किया था। आप उसके लिए अध्यादेश लेकर आए हैं, उस पर कोई चर्चा नहीं हुई। प्रधानमंत्री जी ने स्वयं कहा था कि मैं मुख्यमंत्री रहा हूँ, मैं समझता हूं कि जब राष्ट्रव्यापी मुद्दा हो, तो कोई भी अधिनियम लाने के पहले मुख्यमंत्रियों के साथ भी चर्चा होनी चाहिए। क्या इस विषय पर मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा हुई? इसके अंदर हर प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिली, क्या किया गया, आपने सोशल इम्पैक्ट एसेसमेंट को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। कितने लोग उस योजना से प्रभावित होंगे, केवल वे नहीं, जो जमीन के मालिक होते हैं, बल्कि वे भी, जो जमीन के मालिक न हों, लेकिन उनकी दिनचर्या और उनकी कमाई उस जमीन के आधार पर हो सकती है। वह सोशल इम्पैक्ट स्टडी एसेसमेंट बताता है। बहुफसली जमीन पर हमने पाबंदी लगाई थी कि उसका अधिग्रहण नहीं होना चाहिए, आपने उसे भी उखाड़कर फेंक दिया। हमने नियम बनाया था कि प्राइवेट सेक्टर के प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहण होने के पहले 80 प्रतिशत लोगों की अनुमति ली जानी चाहिए और पब्लिक सेक्टर के प्रोजेक्ट के लिए 70 प्रतिशत लोगों की अनुमति ली जानी चाहिए, आपने उसे उखाड़कर फेंक दिया। जिस किसान की भूमि पाँच साल के लिए अधिग्रहण की गई हो और उसका इस्तेमाल न किया गया हो, तो वह जमीन वापस किसान को दी जानी चाहिए, यह कांग्रेस की नीति थी, उसे भी आपने उस अध्यादेश में उखाड़कर फेंक दिया है। आज उस अधिनियम का कौन सा भाग शेष रह गया है? उदाहरण है कि शरीर में से रक्त, मांस, हड्डी आदि निकाल दिया गया, आज संसद के सामने उस अध्यादेश का केवल मृत शरीर रह गया है। आज मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार ने यह जो कदम उठाया है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि गरीबों और किसानों के पेट पर लात और उद्योगपतियों की मान ली बात। यह स्थिति आज सरकार ने बनाकर छोड़ी है। स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी का नारा था- 'जय जवान, जय किसान।' उसके बाद 'जय विज्ञान' भी हुआ। आज इस सरकार का नारा बन चुका है- किसान मुक्त भारत। कांग्रेस पार्टी इस अध्यादेश का पुरजोर विरोध करेगी, यदि कोई भी मुद्दा किसान विरोधी मुद्दा होगा, तो कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर तक इसका विरोध करेगी, मुझे इसका पूरा विश्वास है। आज किसानों का, हमारे अन्नदाताओं का क्या हाल है। उनके लिए हम अन्नदाता शब्द क्यों इस्तेमाल करते हैं? मैं शायद आप लोगों में से उम्र में कम हूँ, लेकिन अन्नदाता का शब्द इसलिए इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि वह किसान अपना ही पेट नहीं भरता, अपने परिवार का ही पेट नहीं भरता, अपने गांव का ही पेट नहीं भरता, बल्कि वह इस राष्ट्र का भी पेट भरता है। हमारे देश की 65 प्रतिशत जनता कृषि पर आधारित है। यू.पी.ए. सरकार का समय किसानों के लिए एक स्वर्ण युग था। जब एन.डी.ए. की सरकार थी, तो कृषि के क्षेत्र में घरेलू उत्पादन की दर केवल 2.4 प्रतिशत थी। यू.पी.ए.-वन में उसे बढ़ाकर तीन प्रतिशत किया गया और यू.पी.ए.-टू में उसे बढ़ाकर चार प्रतिशत तक किया गया था। वह आपको विरासत में मिली है और पिछले दस महीनों में आपने कृषि के क्षेत्र में घरेलू उत्पादन की दर को चार प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत पर लाकर छोड़ दिया है। आज यह किसानों की स्थिति हो चुकी है। राष्ट्रपति जी ने कहा था और मैं उनको कोट करूंगा कि किसान हमारी खाद्य सुरक्षा का प्रहरी है। 'अन्नदाता सुखी भवः।' आज वही अन्नदाता खतरे, भय और संकट का सामना कर रहा है। एक सूखे की स्थिति हमारे देश में निर्मित हुई थी। अनेक राज्यों में सूखे की स्थिति थी। असंवेदनशील रवैया इस सरकार का रहा। जब यू.पी.ए. की सरकार थी और किसान मुसीबत में था तो 72 हजार करोड़ रुपये की ऋण माफी की योजना हमने शुरू करवायी, ताकि किसानों को राहत मिल पाए। आज पिछले दस महीनों में पूरे देश में 4600 किसानों ने आत्महत्या कर ली है, इससे ज्यादा शर्म की बात इस सरकार के लिए नहीं हो सकती। भाजपा के एक सांसद ने कहा और मुझे यह कहते हुए बड़ा खेद है और मैं उनको कोट करूंगा - 'कि किसान फसल उगाने में नाकाम रहते हैं तो यह पता लगाना चाहिए कि यह किसान आत्महत्या क्यों कर रहे हैं। यदि ये मरना चाहते हैं तो इन्हें मरने देना चाहिए।' यह आपके सांसद का बयान मैंने कोट किया है। इससे बड़ी शर्म की बात नहीं हो सकती है। आज किसानों के समर्थन मूल्य में वृद्धि नहीं हुई। आपने चुनाव के समय में कहा था कि स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट है और 50 प्रतिशत उत्पादन लागत खर्चे के ऊपर समर्थन मूल्य बनाकर हम किसानों को देंगे। यह आपके मैनेफेस्टो में भी लिखा है। सुप्रीम कोर्ट ने जब आदेश दिया कि आप इस पर जवाब दीजिए तो 21 फरवरी को चंद दिन पूर्व सुप्रीम कोर्ट में सरकार की तरफ से एफीडेविट पेश किया गया कि यह संभव ही नहीं हो सकता है। अगर यह विश्वासघात देश की जनता के साथ नहीं है तो क्या है, यह मैं पूछना चाहता हूं।

खाद के लिए त्राहि-त्राहि है। कुछ दिन पूर्व हमारे मंत्री जी उत्तर दे रहे थे और मैं सुन रहा था कि पर्याप्त मात्रा में खाद मिल रही है। रबी की फसल नवम्बर में बोई जाती है, उसके चंद दिनों पहले खाद की जरूरत होती है। हमारी खाद आज भी आयात की जाती है। मैं आंकड़े पेश करना चाहता हूं, क्योंकि, मेरे बहुत करीब के दोस्त राजीव पूताप जी ने कहा कि आंकड़ों को quote करना चाहिए जून के माह में वर्ष 2013-2014 में साढ़े चार लाख टन का आयात खाद का हुआ था। इस साल केवल 80 हजार टन खाद का आयात हुआ है। जुलाई में नौ लाख टन और इस साल केवल एक लाख टन, अगस्त में 11 लाख टन और इस साल केवल पांच लाख टन, सितम्बर में 10 लाख टन और इस साल केवल पांच लाख टन खाद का आयात किया गया। खाद की कमी के कारण किसानों को लाठियों का सामना करना पड़ा और खाद के कष्ट के लिए काले बाजार में अपने घर के जेवरों को बेचना पड़ा, आज किसान की यह स्थिति हो गई है। किसान की बोनस की पूक्रिया समाप्त कर दी गई, खाद की पूक्रिया समाप्त कर दी गई।

चुनावी समय में जो मार्केटिंग के स्लोगन दिए गए थे - मेक इन इंडिया, पढ़े भारत-बढ़े भारत और जन-धन योजना। जन-धन योजना के बारे में कहना चाहता हूं। साढ़े बारह करोड़ बैंक एकाउंट जरूर खोले गए हैं, मैं इसके वाद-विवाद में नहीं पड़ना चाहता हूं, लेकिन क्या हम जानते हैं कि उन साढ़े बारह हजार करोड़ एकाउंट्स के अंदर साढ़े आठ करोड़ एकाउंट्स जनता के जीरो बैलेंस के एकाउंट्स हैं। इससे ज्यादा शर्म की बात नहीं हो सकती है। मेक इन इंडिया की योजना के बारे में आप लोगों ने कहा, आज हमारे देश की सामाजिक स्थिति क्या है। अभी चंद दिनों पहले चुनाव हुए थे। आपने अपना मैनिफेस्टो निकाला। सरकार की जिम्मेदारी होती है कि देश के हर धर्म, हर जाति के लोगों को हम एक माला में पिरोएं। देश को अखंड बनाने के लिए हम हर कदम उठाएं। आपने अपने मैनिफेस्टो डाक्यूमेंट में लिखा कि उत्तर-पूर्वी राज्य के लोग इस क्षेत्र में अप्रवासी हैं। इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है। पहले तो हम लोग धार्मिक ध्रुवीकरण के बारे में ही कहते थे, लेकिन अब आपने क्षेत्रीय ध्रुवीकरण भी शुरू कर दिया है। इससे देश की एकता और अखंडता को हम लोग कैसे बनाए रखेंगे? हम लोग परिवर्तन की बात कर रहे हैं, लेकिन किस तरह का परिवर्तन हम लोग पिछले दस महीने में देख रहे हैं। धार्मिक स्थलों पर प्रहार, राष्ट्रपिता और हमारे संतों का अपमान, महिलाओं पर अशोभनीय टिप्पणियां, खिलाड़ियों को भी नहीं बख्शा, शिक्षा के क्षेत्र में भगवाकरण, किस तरीके का भारत आप देखना चाहते हैं? हमारे देश के राष्ट्रपति कहते हैं कि सचेत रहो और जो बाहर से अतिथि राष्ट्रपति आता है वह भी कह के जाता है कि आर्टिकल-25 ऑफ दि कंस्टीट्यूशन आप मैंटेन करके रखिए। हमारे लिए इससे ज्यादा शर्म की बात नहीं हो सकती है। हम लोग सुन रहे हैं, आर्थिक प्रगति, आर्थिक प्रगति। लेकिन मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश की क्षमता अपनी सामाजिक और आध्यात्मिक प्रगति के आधार पर ही होगी। वह आध्यात्मिक प्रगति हमारी नींव होगी और अगर वह नींव हमारी मजबूत होगी तो इमारत मजबूत होगी, नहीं तो आप स्काईस्क्रैपर की बात कर रहे हैं, अगर नींव धसक गई तो पूरी इमारत ही धसक जाएगी। पिछले एक साल का आप मूल्यांकन करिए, सापूदायिक सद्भाव और गौरवशाली इतिहास इस देश का कलंकित हुआ है। आर्थिक प्रगति का सपना केवल सपना ही रहा और स्वयं हित से हटकर हमें देश हित की बात करनी चाहिए। महात्मा गांधी जी ने कहा था: "There is enough in this world for everybody's need. But there is not enough in this world for everybody's greed."

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Respected Chairman, Sir, I would have been happy had I appreciated the President's Address. I am not in a position to appreciate it due to the fact that it is nothing but jugglery of words,. It could be titled as: "बातें ज्यादा, काम कम" - Talk more, work less. People of the country have seen that. In every field, the Government could not achieve what they promised during the last nine months. We have seen their arrogance.

A few Ministers have arrogated themselves with the power. Before I deal with the clause by clause of the Address, let me tell, through you, that we have long been pursuing with the Central Government for waiver of the huge debt burden left upon us by the previous Government in West Bengal. We have waited for more than three and a half years with no result. But unfortunately, the President's Address did not address our demand or grievance.

Sir, I want to point out one thing. The Government of India through the Ministry of Human Resource Development had published a message on the eve of the *Matrabhasha Divas* on 21st February, 2015. In one of the national English daily newspapers in 22 languages of the Schedule of India where the Devanagari script has been used for the Santhali language instead of the Ol Chiki script. The script of the Santhal community is Ol Chiki. Please take corrective steps for future.

The Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana had started earlier from panchayat level. It is not a new one. In every panchayat and village, there is no bank. Please take steps to open first the branches of the bank in every village. In West Bengal, the Government has let out houses to banks in village level at the rate of Re.1 for the benefit of the villagers. Under Direct Benefit Transfer Scheme, public has been harassed. They are spending more money to get subsidy.

Regarding toilets in schools, we appreciate the view. In West Bengal, it is almost covered. But we have a request to the Central Government to take steps for cleaning of toilets and provide one person to clean toilets.

Skill India is not a new concept. We have already made a good number of ITIs and polytechnics. Out of 341 blocks in West Bengal, in 100 blocks, ITIs and polytechnics have been completed and in 100 blocks, these are under progress.

We appreciate the concept of Housing for All. But you must clarify as to what you mean by that. I would like to know whether Housing for All means 125 crore people of the country or one family each will be covered. How many members will be there in one family? It cannot be a vague one.

So far as financial benefits are concerned, financial benefits have been reduced by this Government. In the case of providing 100 days work, the financial benefits have been reduced from 1.50 lakh crore to one lakh crore. Instead of 100 days, it has come down to 40 to 50 days. They have reduced the financial benefit also for construction of village roads.

We oppose the Land Acquisition Amendment Bill. Let us be very clear about this fact. In 2013 also we opposed the Bill. That is because the cultivators' rights cannot be taken away. In 2007, our leader Mamata Banerjee went on a 26-day fast for Singur at Kolkata. One of the stalwarts of the Bharatiya Janata Party, I am not taking the name, had gone there and was with Mamata-di for a few hours. I convey my heartfelt thanks to that leader on behalf of my party. I request that leader to stand up today also for the grievances of the cultivators, an issue which he stood up for then. Do not take away the rights of the cultivators. We oppose this Bill.

Churches are being burnt. *Dharmantaran* is going on in every State. They often quote Swami Vivekananda. स्वामी विवेकानंद जी ने बोला था कि सिंदूर और बेलपत्र में कुछ नहीं है, मन का जब विकास आए तो मन के विकास में धर्म रहता है, धर्म अलग जगह में नहीं रहता है।

During the Christmas vacation I was in Turkey. At Cappadocia, a guide told me that Turkey was a secular country, and 98 per cent of that country's population was Muslim. When I asked him what his religion was he said that he was a Muslim. He asked what my religion was and I told him that I was a Hindu. Then he said, 'Your religion is the origin of all the religions of the world. Your religion has two important features. The first is not to take any lives and the second is to love each and everyone in the world.' He said that Hinduism talks about respecting and tolerating all

religions in the world. That is the foundation of the Hindu religion. On the land of the Turkey at that moment I thought, if only that Muslim guide's message reached the members of the ruling party, our country would move in the correct direction and take the correct path. I would request the hon. Prime Minister to first decide his vision and then take decisions. Hon. Prime Minister, do not be a prisoner of indecision in the country in respect of emotional religious thoughts.

What has the Government done for the girl child? Is it just going for only advertisements, propaganda, *prachaar*? What has the Government done? Rs.100 crore have been allocated for the benefit of the girl child. Our Chief Minister has allocated Rs.1,000 crore for the benefit of the girl child under the Kanyashree scheme, just for the State of West Bengal. We are ready to cooperate with the Central Government in all respects for the welfare of the women of the country.

I am reminded of something I read long ago. During World War II in Germany all citizens of the country had gone to the battlefield but a Professor was found studying in his library. A soldier came to him and said that he wanted to kill him. Professor asked the soldier why so. The soldier said that while every citizen of the country has gone to the battlefield for the country's sake, he was sitting in his library and studying. The Professor then asked: "What do you mean by the country?" The soldier described the country by its boundaries on four sides, by its population of five crore, and by the culture of the country. The Professor then said, 'Victories are gained, peace is preserved, history is made not in the battlefield but in educational institutions.' Education is the seabed of culture. It has to be improved. But allocate money. Do not just go on doing *prachaar.* Do not go for advertisements. Go for that which will fulfil the purpose. You allocate money. We request the hon. Prime Minister to do it. He has undertaken a job, he should fulfil it.

Someone was referring to Swami Vivekananda. I will tell the person who was telling this, kindly convey to the hon. Prime Minister that some followers are following Swami Vivekananda. If you really want to help the girl child, allocate Rs 50,000 crore for that scheme, only then it can be done. It is needed to make the scheme effective, otherwise the scheme will be mere advertisement.

Health is a State subject. Leave it to the States but allocate money to the States so that the State Governments can work. Provident Fund and Employees' State Insurance benefits are not being given to the workers at all. During these 9 months, they have been running for provident fund benefits. Contract labourers in this country do not have the security in their employment. Nobody has thought about that. During the 15th Lok Sabha, the Standing Committee on Coal and Steel submitted a recommendation to the Government that whenever any contract labour is there for a period of more than 5 years, frame out a scheme and absorb the contract labourers, do not keep the contract labourers in the workshops decades after decades; do not exploit them.

As far as E-Government is concerned, we have done it in our State. It is not a new thing you are doing. We have a question. You are talking about governance. Do you have any administrative calendar? Does your Prime Minister hold any meeting at the grassroots' level for the purpose of good governance? Our Chief Minister has held more than 80 meetings at the grassroots' level. The problem is there is no trust. The Government has to trust the Ministers and the administrative officers. Let that trust be built up first.

When you talk about Digital India, what kind of digital India has been made? It is only advertisement. Even at Delhi, even at MPs house, we do not get any Wi-Fi benefit. If you use MTNL every minute it drops. For a conversation of 5 minutes, we have to call a person 5 times from our MTNL mobile connection which has been given to us by Parliament. Digital India is a very good thing but make it effective, bring it to the people at large.

Power crisis should not be there in summer. What power benefits you have given? In every State, especially in the northern States, power crisis is there. Because of power crisis, water supply is not there. I went to Bengaluru a few days back. The people there were telling that there is dearth of water. What has been done? Nothing. It is only advertisement.

We are opposing to the FDI. Do not try to sell this country to the foreign investors. This country is having a lot of investors. This country is having so many industrialists, this country is having a lot of retailers. Do not sell the country to the foreigners, do not be an agent of the foreigners in this country itself.

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि "स्वच्छ भारत" पर चर्चा करते हुए कल कांग्रेस के नेता खड़गे साहब ने कहा कि "निर्मल भारत" को "स्वच्छ भारत" में बदल दिया गया है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं कि हमने एक प्रखंड में "निर्मल भारत" योजना का सर्वे करवाया। दलित बस्तियों में 885 टॉयलेट्स की जगह 30 शौचालय बनाये गये, बाकी पैसा गड़प लिया गया। एफ. आई. आर. हुआ लेकिन अभी तक उसका कोई परिणाम नहीं निकला। "निर्मल भारत" योजना के फंड को निर्मल तरीके से दुरुपयोग को नयी सरकार अपने ऊपर क्यों ओढ़ ले, स्वच्छ भारत में स्वच्छ तरीके से एक नयी व्यवस्था अंतिम व्यक्ति के लिए की गयी है। इसलिए हम सरकार के इस अभियान के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

महोदया, भारत के निर्माण में या किसी भी देश के निर्माण में, मानव सभ्यता के निर्माण में शिक्षा की बड़ी भूमिका है। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न तरीकों से इस पर कुछ चर्चा हुई है। हम कहना चाहेंगे कि पिछले कुछ वर्षों में प्राथमिक शिक्षा का सम्पूर्ण रूप से नाश हुआ है। हम जिन्हें "जन धन योजना" से जोड़ना चाहते हैं, जिस आबादी को हम समाज की मुख्यधारा में लाना चाहते हैं और "मेक इन इंडिया" प्रोग्राम इस देश में लागू करना चाहते हैं, स्किल्ड डेवेलप कराना चाहते हैं, जब तक प्राथमिक शिक्षा का कुशल प्रबंधन नहीं होगा, मैं मानता हूं कि देश उस संकल्प को पूरा नहीं कर पायेगा, जिस संकल्प को भारत सरकार ने दोहराने का प्रयास किया है, माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने अपने संकल्प में लिया है। आज खेत, खलिहान और गांव से निकलने वाले बच्चे जुनूनी होते हैं, उनके अंदर संकल्प होता है, उनके अंदर कुछ करने की तमन्ना होती है लेकिन जो इफ्रास्ट्रक्चर है, जो शिक्षा की व्यवस्था है, वह बिल्कुल ही निम्न स्तरीय है। उनसे हम एक मजबूत भारत का निर्माण नहीं कर सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से हम पारंपरिक तरीके से "मीड-डे मील" का आयोजन कर रहे हैं। आज व्यावहारिक यह है कि हमें इस योजना के बारे में पुनः चिन्तन करना चाहिए। जिस तरीके से "मीड-डे मील" ने संपूर्ण शिक्षा को चौपट करने का काम किया है, शिक्षक और छात्र आधे समय तक उस पर ही केन्द्रित रहते हैं और उसके कुप्रबंधन में सारा कुछ सिमटा हुआ है, शिक्षा के अलावा वहां सब कुछ हो रहा है। इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि खेत-खलिहानों, गांवों को मजबूती देने के लिए, क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए हमें प्रबंध करना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा में जो गिरावट आई है, उसे दूर करने का इंतजाम करना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी को इस बात के लिए भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने कोऑपरेटिव फैडरलिज़्म की बात की। स्टेट को मजबूत करने, पावर डैलीगेट करने का संकल्प हमारे संविधान में है, लेकिन व्यवहार में इतना बड़ा संकल्प माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लिया कि राज्यों को डिवीडैंड पूल से 31 प्रतिशत से 42 प्रतिशत स्टेट इक्विटी डालने का काम किया। यह एक बड़ा स्टैप है। राज्य के पदाधिकारी प्लानिंग कमीशन के चक्कर काटते रहते थे, आज एक बड़े संकल्प के साथ उन्हें निर्माण का मौका मिला है। हम इसके लिए भी सरकार को बधाई देना चाहेंगे।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से एक और बात सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। लैंड एक्विजिशन के मामला पर सरकार को निश्चित तौर से पुनर्विचार करना चाहिए। किसानों के हित में बहुत सारी योजनाएं लागू की गई हैं। लैंड एक्विजिशन में हमें ऐसा लगता है कि जिस योजना के लिए किसान की जमीन ली जाती है, हम टोल टैक्स से पैसे वसूली करके रोड का निर्माण करते हैं। आजादी की लड़ाई में स्वामी सहजानन्द सरस्वती की बड़ी भूमिका रही है। वे किसानों के बड़े नेता थे। उनका यह संकल्प 1942, 1947 में था जिसमें यह बात अंतर्निहित थी कि यदि सरकार किसी भी तरह के विकास के लिए जमीन लेती है तो उस मुनाफे में भी किसानों का हिस्सा होना चाहिए। इस सुधार के साथ लैंड एक्विजिशन के लिए सरकार का बड़ा कदम है जिसके लिए हम उसका अभिवादन करते हैं और महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसका समर्थन करते हैं।

*SHIV SHIVKUMAR UDASI (HAVERI): I support the Motion of Thanks moved by my colleague, Shri Anurag Takur ji and seconded by Shri Nishkant Dubey ji. Hon. President's Address to both the Houses outlines the blueprint of hope and aspirations of the people in general and of development through good governance.

The Hon. President in his address said something very significant. A lot of things has been said. I do not wish to dwell on all these details. My

able colleagues on the Opposition benches have also made several points.

I thank the Hon. President for his address which outlines the Government's hope for the next four years. I feel very happy about all the promises made by the Government.

I see, in the programmes outlined by the Hon. President for Government over the next four years, the same transformational quality. There is a promise of transformation. Transformation is promised on the basis of experience and on the basis of achievements. The Government, I think embodies the fact that every Indian has a dream. Every Indian wants to see an India free of poverty, free of misery and free of all the social ills of casteism, communalism and various other things that are scourge on our society may be removed and India become a leading country in the world and a developed country. But, today, 68 years after Independence, we are nowhere near achieving that dream. I don't want to politicise what I am going to say and I don't blame anybody. Various Governments have come and gone. During Shri Atal Bihari Vajpayee's Government, it was decided to launch Chandrayaan. Now, we have launched Mangalyaan. India is now going to mars, not just to the moon. This is the result of dream. So, when I am saying this Government of hope, it is Government of hope based on dreams always nurtured by this nation of 1.30 billion people. Talking about elimination of poverty, historically, post-Independence, successive Governments have always measured poverty or the poverty line as a percentage, without giving any credence to the increase in our population. That always gave us wrong signals. Hence, I feel that the poverty elimination is a most welcome subject. I am confident that the numerous measures that they have adopted already would improve the standard of living of the common people. This would automatically eliminate poverty.

Particularly, when economic growth takes place, it would generate employment and that would definitely eliminate poverty. The focus on healthcare, education, power and employment, particularly in the manufacturing industry, would also help. So, all these are welcome initiative.

Increase in investments in agriculture sector, both public and private, especially agri-infrastructure, has been mentioned. It is a long-pending issue. Majority of our country's population is dependent on agriculture. Despite knowing this extremely well, successive governments never bothered to provide a level-playing field to our farmers by creating cold storage facilities, building food processing units near the crop fields, etc. Our party is very confident that by providing this kind of support to the farmers, very soon we could hope that our farmers would go to their fields driving cars. Most of our farmers don't want any freebies or doles. They want to live with pride producing their products. We welcome the initiative.

Now, I come to National Education Policy. It is also, in fact, a very long-pending subject. In fact, in the last decade, if you see, our standard of education has gone down extremely. This National Education Policy will definitely maintain common standard and will also give an opportunity to students to get into international employment.

Economic development requires increased access to commercial energy in India, an increasing urbanization and industrialization both create greater demands for energy. Urban population demand high levels of transportation and other energy using services. Building and operating the urban infrastructure and industrial and commercial facilities all require energy, especially electricity and transportation fuel. Moreover, rural electrification as well as energy access for all should be a major priority to the Government, where a small supply of electricity can significantly improve living conditions. We have no doubts that all these kinds of initiatives, particularly thrust on manufacturing industries, reforms to enhance ease of doing business, will help both private and Government employment. That will make all our youngsters to get into jobs. Then comes setting up of world-class investment and industrial regions. I appreciate and welcome this initiative. We are in a global village environment.

Then come modernisation and revamping railways, life-line of the country, that is, Railways are common platform for common people to move around. Particularly thrust on developing infrastructure and also improving the facilities of the Railways is a welcome decision. High-speed trains will help to grow economy in a much speeder manner.

Then comes the National Energy Policy and expanding National Solar Mission. The revival of industry and the emphasis on the manufacturing industry. This is one of the most important points that have been outlined in the President's Address and it is a fundamental article of faith with the Government of Shri Narendra Modi.

Creating 100 world class cities and providing urban amenities in rural areas -Rurban, is a really very good initiative that will decongest all metro cities. Instead of transporting water, power and everything and having a lot of congestion in cities, this will automatically decongest the metros and also lead to uniform development of the States.

Now, I come to the welfare of the people belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes and weaker sections. Though we have been giving reservations in a focused manner, successive Governments have failed to take these initiatives with conviction. In fact, the initiative of the Government will definitely make a lot of weaker section people to come out of the problem.

श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी): सभापति महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया। मैं हमेशा सबसे पहले एक-आध शेर कहता हूं। आज फिर से वही कहना चाहता हूं। हमारे सब मित्र जानते हैं।

ए मेरे वतन के लोगो जरा आंख में भर लो पानी

जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी।

दूसरा शेर इस बात पर कि इस मुल्क की आजादी में सब धर्म के लोगों ने मिलकर बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दी हैं, तब यह मुल्क आजाद हुआ और हम यहां तक पहुंचे हैं। हर आदमी को इस हाउस में बोलने से पहले उस इज्जत और मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए, यह मेरी राय है। मैं सब हिन्दुस्तानियों की तरफ से कह रहा हूं --

आशियां को लहू की जरूरत पड़ी

सबसे पहले हमारी ही गर्दन कटी, सबकी कटी।

फिर भी कहते हैं हमसे ये अहले चमन

ये चमन है हमारा तुम्हारा नहीं।

मैडम, यह अफसोस की बात है। मैं बहुत लम्बी बात नहीं करूंगा।

यूं तो कहते हो कि क्रिश्चियन भी हूं, हिन्दू भी हूं और मुसलमान भी हूं

लेकिन मेरे भाई, यह तो बताओ कि क्या तुम अच्छे इंसान भी हो।

मेरा ताल्लुक न कांग्रेस से है...(व्यवधान)

मैडम, मेरा ताल्लुक एआईयूडीएफ पार्टी असम से है। मेरा ताल्लुक न कांग्रेस से है न बीजेपी, हमारा ताल्लुक इस देश के भविष्य से है। भारत कैसे आगे बढ़े, भारत का निर्माण कैसे हो। मैं दोनों तरफ के लोगों को मैसेज देना चाह रहा हूं, इसके पहले भी कई मर्तबा कोशिश की। यह सारा डिबेट टेलीविजन के माध्यम से पूरी दुनिया देख रही है। जब मुद्दों के ऊपर बात करते हैं, इश्यूज के ऊपर कितना डिबेट करते हैं और पसर्नल कितना करते हैं। यह पूव करने के लिए कि मैं इतना पढ़ा लिखा हूं। इधर वाले भी पूव करते हैं और उधर वाले भी पूव करना चाहते हैं कि हम बोल सकते हैं। यह पब्लिक सब जानती है। हर पांच साल के बाद जब भी मौका मिलता है, पब्लिक उसका बदला लेती है। मैं कांग्रेस वालों से भी कहूंगा। अभी दिल्ली वालों ने बहुत बुरी तरह बदला लिया। उस तरफ के भाइयों से भी कहूंगा कि आप से भी बहुत बुरी तरह से बदला लिया, मैं दिल्ली की बात कर रहा हूं। ...(व्यवधान) असम में आपके साथ मिल कर जीतेंगे। यह हिन्दुस्तान की पब्लिक बहुत पढ़ी-लिखी है। हम यह न समझें कि ये गांव के लोग हैं, आज गांव-गांव में टेलीविजन लगा हुआ है, गांव का देहाती आदमी जितना पॉलिटिक्स समझता है, मेरे विचार से हम जैसे बड़े-बड़े ऑक्सफोर्ड से पढ़े लिखे लोगों को भी वह रास्ते में बैठाकर रास्ते में पानी पिला सकता है, वह इतना पॉलिटिक्स समझते हैं। हमें यह नहीं समझना चाहिए कि वे कुछ नहीं समझते। प्रधानमंत्री जो भी प्रोग्राम लाएं, एक से एक प्रोग्राम ला रहे हैं, बढ़िया से बढ़िया प्रोग्राम ला रहे हैं, हम उनकी पीठ थपथपाते हैं और उनकी तारीफ करते हैं। इससे पहले तकरीबन सारी बातें यूपीए सरकार लाई थीं, मनमोहन सिंह जी की मैंने तारीफ की, लेकिन वे अपनी टीम के ऊपर काबू नहीं रख पाएं, जो उनका हश्र होना था, वह हो चुका। नरेन्द्र मोदी जैसा लीडर बीजेपी को मिला, जो 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से खड़े होकर दहाड़े से कह सकता है कि मुझे यह करना है, वही बातें यूपीए गवर्नमेंट कहती थी, लेकिन वह ऑफिसर के हद तक होता था, छोटे-छोटे मिनिस्टरों के हद तक होता था, ब्यूरोक्रेट्स के हद तक होता था। प्राइम मिनिस्टर ने अपनी जुबान से सीने पर हाथ रखकर पूरी दुनिया को चैलेंज किया, अच्छे-अच्छे प्रोग्राम को अच्छे तरीके से करने की कोशिश की। कोई भी ऐसा प्रोग्राम नहीं है जो नहीं होना चाहिए, अच्छे से अच्छा होना चाहिए। अभी शर्मा जी ने कहा, हिन्दू अच्छा हिन्दू हो, मुसलमान अच्छा मुसलमान हो, ईसाई अच्छा ईसाई हो, ऐसा मदर टेरेसा ने कहा है। इस मुल्क का हिन्दुस्तानी एक अच्छा हिन्दुस्तानी बने। इस वक्त यह देश की जरूरत है। हम सभी लोगों को पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर बातें करनी चाहिए, कोई सरकार नहीं चाहती कि वह खराब योजना लाए और हार जाए, यह बहुत बड़ा सबक है। हमने जिन लोगों को पांच साल पहले वहां देखा वे आज यहां बैठे हुए हैं, ताताद में चार-पांच गुणा कम हैं। अल्लाह न करे, कल ऐसे हालात बन सकते हैं। अगर हमने उससे सबक नहीं लिया, कल उधर वाले फिर इधर आ जाएंगे और इधर वाले उधर चले जाएंगे। पब्लिक के हाथ में बड़ी ताकत है, वोट में बड़ी ताकत है। संगमा जी स्पीकर रह चुके हैं, कितनी बार कैबिनेट मिनिस्टर रह चुके हैं, बड़े दुख के साथ उन्होंने धर्म परिवर्तन की बात की। मदर टेरेसा जैसी महिला के ऊपर जब इलजाम लगता है कि वह धर्म परिवर्तन कराती थीं, यह पूरे हिन्दुस्तानियों के लिए शर्म की बात है। घर वापसी कराके क्या कराएंगे? मैं अपने भाइयों से हाथ जोड़कर माफी के साथ कहना चाह रहा हूं, जो लोग घर वापसी की बातें कर रहे हैं, हिन्दु को मुसलमान बना देंगे, मुसलमान को हिन्दु बना देंगे, क्रिश्चियन को हिन्दू बना देंगे, पारसी को हिन्दू बना देंगे, पूरे हिन्दुस्तान को हिन्दू बनाएंगे, जो पुराने हिन्दू भाई हैं, उनके लिए आपने क्या स्कीम सोची है, इनको लेकर क्या करोगे।

किसी को मंदिर में नहीं घुसने देंगे, किसी को फलां जगह चढ़ने नहीं देंगे, किसी को देवी के सामने झुकने नहीं देंगे। आप जो नयी पार्टी लेकर जायेंगे, उनका क्या करेंगे जिनको आप सबको हिन्दू बना देंगे? यह कुछ ज़ज़बाती लोगों की चीजें हैं।

मैं प्राइम मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद देना चाहता हूं कि उन्होंने बहुत हिम्मत से अभी-अभी कहा, काश यह दिल्ली के चुनाव से पहले कह देते तो शायद दिल्ली में बी.जे.पी. पार्टी की पोजीशन बहुत अच्छी हो जाती। जिस तरह से डॉ. मनमोहन सिंह जी अपने लोगों पर लगाम नहीं लगा पाये, उसी तरह नरेन्द्र मोदी जैसा बहादुर आदमी भी अगर अपने लोगों पर काबू नहीं लगा पायेगा और धर्म के मामले को इसी तरह से माथे का कलंक बनायेंगे, तो उनके लिए भी ऐसा दिन न आये। मैं यहां बैठे हुए अपने भाइयों से कहना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी जी एक बहुत बड़े लीडर हैं, जो इस मुल्क को आगे ले जाना चाहते हैं, इस मुल्क को तरक्की दिलाना चाहते हैं। खुदा के वास्ते आप उन्हें धर्म के चक्करों में मत डालिए। मुल्क को आगे बढ़ाइये। मदर टेरेसा पर हमला करना क्या छोटी-मोटी बात है? यह इस हाउस के लिए भी शर्म की बात है। इसलिए जिस तरह उनका हाल हुआ है, उसी तरह कल आपका हाल न हो। इसीलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि हम मुल्क की तरक्की की बात करें, माइनोरिटीज की तरक्की की बात करें। मुल्क का एक हिस्सा जो 12 से 15 परसेंट या 18 परसेंट है, अगर वह खराब होगा, उसके अंदर बीमारियां होंगी, उसे कैंसर होगा, उसे हार्ट की बीमारी होगी, तो वह मुल्क कभी तरक्की नहीं कर सकता।

मैं आपने भाइयों से कहना चाहता हूं कि आइये, दिल बड़ा करके आगे बढ़िये और सबको मुल्क के विकास में लेकर, जैसा प्रधान मंत्री जी का सपना है, उस सपने को पूरा कीजिए। यह मैं आपको दावत देता हूं और फिर एक मर्तबा माफी के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं। जयहिन्द।

*DR. PRABHAS KUMAR SINGH (BARGARH): I highly appreciate Hon. President's Address on the August House on law makers to discharge their solemn responsibility in spirit of cooperation and mutual accommodation to ensure progress for all and must continue to channelise the patriotic work towards building a strong and modern India.

However, I am very critical on his speech on "The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Amendment Bill, 2015. This Bill will not serve the interest of the farmers in right direction. The extension period of acquisition of unutilized land for more than five years will suit and give relief to particular sections, namely the industrial houses and private bodies. This act can be solely applicable for construction of national highways, metro rails, atomic energy, defence establishments, electricity related projects. Before acquisition of lands specifically needed by the Government and for profit making industry, the concerned owner of the land for acquisition should be negotiated in a transparent way. I apprehend that there is every possibility of misuse of this role, as poor farmers in the rural India who does not know constitution of fundamental rights. In the name of economic reforms and development, the Government has taken significant steps backward

in Indian march towards land justice and it violates all democratic norms. Therefore, this arbitrary Bill should not be brought in a hurry and may be revisited with proper amendments.

Hon. President has made critical reference only to Janasanghi leaders like Late Shyama Prasad Mukherjee, Deen Dayal Upadhaya and former Prime Minister Atal Bihari Vajpayee and forgot to name other national leaders who have immense and notable contribution for the development of this country like Late Rajagopalchari, former Prime Minister Lal Bahadur Shastri, who upheld the dignity of the farmers as well as jawans (Jai Jawan Jai Kisan) and there were many more leaders and patriots of this great land who should be equally given reference in the speech.

Regarding black money, there is no mention of returning of black money deposited in Swiss Bank within 100 days as given in the manifesto of NDA Government, only steps are being taken by the Government to combat black money.

On NITI Ayog, I would like to state that it has been wrongly captioned because this suffix of word Ayog give a wrong connotation. There, it is to be rectified.

SHRI MUZAFFAR HUSSAIN BAIG (BARAMULLA): Thank you, Hon. Chairperson, Madam for giving me this opportunity to speak on a subject which is very close to my heart. This is my maiden speech. I did not make any speech during the last Session because I was looking for an appropriate subject on which I, coming from Kashmir and being a Muslim, should address myself. But before that, Madam, I express my views; I express my dismay. We are not here to address the empty seats. I am extremely disappointed to see that the Treasury Benches do not take the debate on the President's Address very seriously. I wonder if there is a proper quorum present here. We could send letters; we could send our written speeches. But the very soul of a Parliamentary democracy lies in a discourse where both the sides listen to each other with politeness and seriousness. I hope that the Leader of the House as well as the Parliamentary Affairs Minister will look into this grievance.

Madam, I am glad to note that the subject which is close to my heart was touched by the hon. President in Para 2 of his speech, and I quote:

"Dr. Shyama Prasad Mukherjee had said, "The greatest strength of India is her rich spiritual and civilizational heritage".

The commentary by the President on this is:

"The core values of our civilization emphasize universal good."

This is the subject on which I would like to speak. I am slightly disappointed that a very promising and intelligent leader of Congress Party complained. He said that when you are driving a car, do not look what is behind. What he was implying is that as we are moving forward into 21st Century, perhaps it is not appropriate to look back at the history, at the civilization and the values of our past. There is a Persian saying: 'दाहे-दाहे याद्कुन कि साये पारीनाया'।

Sometimes it is imperative as we move forward to look back into our civilisation in history, the lesson it has taught us and the values that we have inherited. It is in that sprit that I have chosen to address this hon. House today.

Madam, I was five years old when my brother interpreted and explained the first three Verses of Qur'an to me. I will not recite them in Arabic. The meaning of those three Verses is this: 'God is the creator of all Universes not just one nation, one people, one planet or one solar system. The core value of the divine is compassion and mercy.' That is exactly what I find here in the Address of the hon. President. The core values of our civilization emphasize universal good.

I am a humble man from a humble background. I was born in Kashmir in a poor peasant's family. I found myself at Howard through the opportunities that this nation provided. I graduated from there. I practiced law. I gave up everything to return to my village where there was no electricity and no drinking water and where my sisters had to walk four kilometers to fetch a tumbler of water from a dirty street. That is my concern and that is why people brought me back. Food, shelter, poverty illiteracy - these are the core challenges of our contemporary time. We have to talk about them and find solutions. But sometimes the task of nation building, the task of uniting people for one common purpose becomes more important than day-to-day business of Parliament.

Today, we have reached a stage when we can look back as to what is the civilization that we are talking about. This civilization is 5,000 years old. It is not a narrative of a static self-serving, self-contained, inward looking society. Throughout these 5,000 years, many people from different areas, different religions, different creeds or colours had come to this country. Some of them came as conquerors in lust of power; some of them came as traders in lust of wealth. They ruled this country. But most of them became part of this country. So, when we talk of the civilization, we must remember that this civilization is not the monopoly or the propriety of one community or one race. This civilization is a composite civilization in which all people irrespective of their religions, beliefs, beginnings are participants. This is our joint civilization.

We have seen ups and downs. Through historical experience of our civilization, we have learnt one thing that change, dynamism, rise and fall are natural to every civilization. But what is the core value? Have we withstood the test of time? I think, the Indian civilization has really withstood the test of time. We will draw the inspiration from our civilization for the next generation and for the next century. We will draw inspiration not only for the people of India but for the entire humanity of which India is one of the most important components. India is no longer seen as a fledgling Third World country. Today, we matter. We are reckoned today. Today, we can set the agenda – political and moral – not only for the sub-Continent but for the entire world.

Madam Chairperson, I am happy to recall that it was the freedom struggle which brought Hindus, Muslims, Sikhs, Jains and Christians

together, and everybody was united for a common purpose. We were sailing in one ship. But the imperial policy of divide and rule took our soul, subverted it, and after 1938 we started squabbling within this note, and those differences and faults led to the greatest brutalization of one of the greatest civilizations of the world, and that brutalization came in the form of partition. We have to revive that spirit which united us during the freedom struggle. We have freed ourselves from the foreign rule. Now we have to free ourselves of hatred, mistrust, discrimination and suspicion of each other, that is the freedom that we have to fight for now, tomorrow, in this House, outside, in temples, in mosques, in shrines and in mountains, rivers and fields of this country. I think, that is the message which must go from this hon. House.

Madam, the rise and fall of this country, the assaults, whether for power or for trade and economic interests that this country suffered from time to time, did not destroy us as a nation. Madam, if you do not mind, I will recall one of the greatest poets of this country, who said:

कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी,

सदियों रहा है दुश्मन, ये आसमां हमारा।

There is some core value, some resilience, and some inherent strength in the people who inhabits this great and vast land of great and long history that despite all kinds of subversions, all kinds of intrusions and aggressions, we still survive and prosper, and an example to behold.

Madam Chairperson, I know that the time is brief. On this issue of partition and how we brutalized our civilization, I have composed a poem. I am not Shri Vajpayee. I will just read that poem, which is a good poem. If you do not mind, Madam, I have to pass on that to you because the rules require that no Member can read anything unless a copy is passed on to the Chair. This poem is in Urdu but there is an English translation also. ...(*Interruptions*)

श्री गणेश सिंह (सतना) : उसकी जरूरत नहीं है।

SHRI MUZAFFAR HUSSAIN BAIG : Madam, the title is 'despair and hope' because that is what some hon. Member from BJP also talked about. Somebody talked about hope as a recurring theme of our politics.

साहिल के बस करीब था,

We were about to anchor

जब शफ़ीना हुआ तबाह,

When the ship in which we were travelling, it was wrecked.

रेज़ों में बंट के रह गया, जो था वादा-ए-वफ़ा,

What we thought would be a future, enduring a permanent future in unity, it was fragmented.

समझा था सारी कौम ने जिसे ज़रिया निज़ात का,

मज़हब क्या यही है, बता मुझको मेरे खुदा।

Oh God, tell me, is this that religion that we thought would deliver us from the bondage, from hatred and is this that religion which led to partition?

कल तक जो मेरा दोस्त था,

This happened to my family also when people migrated from this part to the other.

कल तक जो मेरा दोस्त था, क्योंकर मेरा दुश्मन बना,

हमसाया जो दस्त-ए-राज़ था,

My neighbour who was my right hand

क्योंकर मेरा कातिल बना।

खामद से बीबी खो गई,

You can ask the people who have migrated from Pakistan, and on both sides:

भाई से उसकी बहन,

नामुरेखाना लुट गई,

बेवा बनी चौथी दुल्हन।

I know where the girl, the bride of the first day, became a widow.

ये आज जो विराना है, कल ही था वो मेरा चमन।

कैसी ये आज़ादी मिली, खासूं को मिला तख्तो-ताज।

HON. CHAIRPERSON: Mr. Baig, try to conclude, now.

SHRI MUZAFFAR HUSSAIN BAIG : It will take only one and a half minute. I am just concluding. I thought you would like poetry, Madam. From your face, I could see that you have a poetic face; and I thought, you would have a poetic ear also...(*Interruptions*)

मजदूरों को वही दर्दे आस, बहकान को मायूसी मिली।

भोजन को महरूमी मिली, कैसी ये आजादी मिली।

पानी बंटे, खैरमन बंटे, एक खून की लकीर से दिल बंटे।

अरमान बंटे, वतन बंटा, इंसान बंटे, जमीन बंटी, आसमां बंटे।

â€¦And, this brings tears to my eyes. This might be the fact that I am in politics.

अपने ही बेटों के दरम्यान इक मां के दो टुकड़े बंटे।

ये कैसी कुदरत है ए खुदा। ये कैसा है मज़हब, मुझ को बता।

हिन्दोस्तां से पाकिस्तान

â€¦It is just a change of a few alphabets.

हिन्दोस्तां से पाकिस्तान चंद हरफ़ों के बन जाने से राहें तो बदल गयीं पर हकीकतें बदली नहीं।

â€¦We are the same people.

फिर क्या वजह है कि हमारे दरम्यान कई पर्वतों के हैं फासले, कई समुंदरों की नफरतें।

क्या नाम के बदलाने से मसह हुई हमारी आत्मा।

क्या सब मसीहा मर गए। क्या मर गए सब महात्मा।

Christ is gone! Mahatma is gone!

नानक कहां, कहां राम हैं, कहां हैं वो सूफी हस्तियां

जिनकी इनायत की एक नजर काफी थी जीवन के लिए।

मानो उसे न मानो उसे, जानो उसे न जानो उसे।

ये नाम लो, वो नाम लो, हर दिल में रहता है खुदा।

आओ उसी का नाम लें, टूटे दिलों को जोड़ दें।

नफरतों की हर एक दीवार को मोहब्बतों से तोड़ दें।

मेरे वतन के दोस्तो उठो मायूसी छोड़ दो।

बीते दिनों की याद में आंसू भरी फरियाद में कब तक जिएंगे दोस्तो।

रोना जिसे था, रो चुका। होना जो था, वो हो चुका।

HON. CHAIRPERSON : Mr. Baig, now, please conclude.

SHRI MUZAFFAR HUSSAIN BAIG: Yes, Madam.

कब खत्म होंगी गुलामियां? हो सफेद रंग की हुकूमतें या स्याह हो रंग की नफरतें।

गुलामियां हैं गुलामियां, क्या फर्क पड़ता है लाश को कफन सफेद हो या सियाह हो।

वक्त आ चुका है दोस्तों जैसे तब की गुलामी तोड़ दी अब तोड़ें नफरत की बेड़ियां।

मेरे वतन के दोस्तों बीते दिनों की तल्खियां, रंजिशें और शिकायतें।

HON. CHAIRPERSON: Now, I am calling Shri Dushyant Chautala to make his speech.

SHRI MUZAFFAR HUSSAIN BAIG: Madam, please permit me to speak.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI MUZAFFAR HUSSAIN BAIG : I will conclude, Madam.

किसी कब्र में में गाड़ दें या जला दें किसी घाट पर।

आगे बढ़ें इस आस पर इक नई सुबह आएगी, नया जो जीवन लाएगी।

हमारे आदर्शों की अज़मतें, हमारी मेहनतों की बरकतें।

HON. CHAIRPERSON: Now, Mr. Chautla, please.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : महोदया, मुझे तो लगा था कि बैग साहब और थोड़ी शेरो-शायरी करेंगे, लेकिन आपने आखिर में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मुझे बोलने का मौका दे ही दिया।

महोदया, 23 तारीख को ज्वाइंट सैशन बुला कर महामहिम राष्ट्रपति ने इस देश के आगे एनडीए सरकार का दूसरा विजन डाक्यूमेंट हमारे बीच में रखा। जो पहला विजन डॉक्यूमेंट था, मुझे लगता है कि लगभग उसी को ही रीफॉर्मूलेट करके, थोड़ा सा नया विजन डालकर दुबारा इस देश के आगे राष्ट्रपति जी के द्वारा रखा गया। मैं एक उदाहरण चौधरी देवी लाल जी का याद दिलाऊंगा कि 1989 के अंदर चौधरी देवी लाल जी ने इस सदन में कहा था कि लोक लाज से लोक राज चलता है और उसी को हमारे प्रधान मंत्री जी ने आपके बीच में रखा कि सबका साथ, सबका विकास। आज हमारा देश दिन प्रतिदिन विकास की ओर बढ़ता जा रहा है।

पिछली बार जब मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का मौका मिला था, तब भी मैंने कहा था और आज फिर कह रहा हूं कि हम विकास की दौड़ लगा रहे हैं। हम स्मार्ट सिटीज की बात कर रहे हैं, आदर्श गांवों की बात कर रहे हैं मगर आज 9 महीनों में एक बार भी एनडीए की इस सरकार के मुंह से जनसंख्या पर नियंत्रण कराने की बात मैंने नहीं सुनी। हम 123 करोड़ की आबादी का देश थे, आज 124 करोड़ की आबादी का देश हैं और अगले 13 साल बाद जहां आप ताकत की बात कर रहे हैं, हम चाइना को पीछे छोड़कर जनसंख्या में आगे जाने का काम करेंगे।

प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि सन् 2022 तक हर सर पर छत देने का काम यह सरकार करेगी। बहुत अच्छी बात है और बहुत जरूरी बात है कि हमारे देश के अंदर रहने वाले हर नागरिक का जन्मसिद्ध अधिकार है कि उसके सर पर उसको छत देने का काम उसकी सरकार करे। लेकिन क्या हम सन् 2022 तक यह प्रेडिक्शन कर पाएंगे कि हमारे देश की जनसंख्या 124 करोड़ से 132 करोड़ पर पहुंच जाएगी? क्या हम यह प्रेडिक्शन कर पाएंगे कि हमें कितने फालतू घर आज से बनाने पड़ेंगे कि नयी आबादी के हाथ में भी हम एक मकान देने का काम करेंगे? इसलिए मैं सरकार से मांग करूंगा कि इस विषय पर भी माननीय प्रधान मंत्री जी जब अपना भाषण दें तो जरूर इस पर ध्यान रखने का काम करें कि देश की प्रगति के अंदर जनसंख्या पर नियंत्रण लाना भी बहुत जरूरी है।

राष्ट्रपति जी ने जन धन योजना की शुरुआत की। मैं सरकार को बधाई देता हूं कि 13.2 करोड़ नये खाते खुले। 13.2 करोड़ नये खाते खुलने से देश का नाम गिन्नीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ और उस अवार्ड का प्रमाण-पत्र माननीय वित मंत्री जी के हाथ में आया। मगर क्या सरकार इस पर यह साफ कर पाएगी कि उन 13.2 करोड़ खातों में से आज कितने खाते ज़ीरो बैलेंस के पड़े हैं। मैं आपको एक उदाहरण बताना चाहूंगा कि दिल्ली के चुनाव के दौरान मैं ढांसा गांव जो नजफगढ़ निर्वाचन क्षेत्र का है, वहां पर प्रचार के लिए गया और वहां एक बुजुर्ग औरत ने आकर कहा कि बेटा, मेरा डैबिट कार्ड आ गया, मेरी चैक बुक आ गई मगर मेरे 15 लाख रुपये कब आएंगे? मैंने कहा कि ताई, उन 15 लाख रुपयों का तो मुझे पता नहीं, मगर सरकार विज्ञापन देती है कि आपकी एक्सीडेंटल इंश्योरेंस एक लाख रुपये की है। क्या आज हमारे लोगों को हम यह दिखाने का काम कर रहे हैं कि आप खाता खुलवाइए और खाते के बाद अगर आपका निधन हो जाता है तो यह सरकार पन्द्रह नहीं, एक लाख रुपये देने की बात करेगी। यह बड़े शर्म की बात है। मैं यह बात सदन के पटल पर लाना चाहूंगा।

सभापति महोदया, डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम की बात यहां कही गई। आज सब लोग इस स्कीम को सराहने का काम कर रहे हैं। बहुत अच्छी स्कीम है क्योंकि सबसे ज्यादा चोरी अगर किसी चीज की होती है तो वह सब्सिडाइज्ड प्रोडक्ट्स की ही होती है। मगर मैं इस सदन के समक्ष एक बात रखना चाहूंगा कि हम जब डायरेक्ट ट्रांसफर की बात करते हैं तो क्या हम उस गरीब की जेब को भी आंकने का काम करते हैं?

परसों हमारे फर्टिलाइजर मिनिस्टर कह रहे थे कि फर्टिलाइजर स्कीम के अंदर भी डायरेक्ट ट्रांसफर करेंगे। मैं एक सिम्पल कैलकुलेशन सदन के समक्ष लाना चाहता हूं कि यूरिया का एक कट्टा आज 382 रुपये का मिलता है, यदि बिना सब्सिडी लेंगे तो 848 रुपये का मिलेगा। एक एकड़ में तीन बैग यूरिया के लगते हैं। एक किसान की जेब पर डायरेक्ट ट्रांसफर की वजह से हम 1700 रुपये का अतिरिक्त बोझ उसकी खेती के समय डालने का काम करेंगे, क्या सरकार इस पर भी विचार करने का काम कर रही है?

प्रधान मंत्री जी ने 15 अगस्त को लाल किले से हर सांसद को एक गांव आदर्श गांव के तौर पर गोद लेने के लिए बोला था। मैं बड़ा खुश हुआ, हमारे यहां मखंड नामक उचाना के अंदर एक गांव हैं, जिसकी सभी गलियां टूटी पड़ी हैं, जिस गांव के अंदर हर घर तक आज हम पानी नहीं पहुंचा पा रहे हैं, मैंनें उसे गोद लिया। उस गांव के अंदर गया, आला अधिकारियों को बुलाया और कहा कि केन्द्र सरकार की 42 स्कीम्स थीं, जो हमें सेमिनार के दौरान बताई गई, अधिकारियों को बोला कि लागू करो, विकास कराओ। मगर मैं सदन के समक्ष यह लाना चाहता हूं कि मेरे प्रयासों से आज वहां कैम्प्स लगवाने का काम किया गया, एनसीसी को अपील की कि आप भी आकर वहां कैम्प लगाओ। मगर एक नई परियोजना की शुरूआत वहां प्रदेश सरकार द्वारा नहीं की गई। मैं एक किसान का बेटा, किसान का पोता, किसान का पड़पोता हूं, किसानों की बात करता हूं। चौधरी देवीलाल जी कहा करते थे कि देश की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है, इसलिए देश को एक ठोस कृषि नीति लाने की जरूरत है। लेकिन राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में मुझे वह ठोस कृषि नीति की बात नजर नहीं आई। आज हम दुनिया का 2.2 लैंड एरिया हिंदुस्तान में रखते हैं। मगर 17 प्रतिशत जनसंख्या भी रखते हैं। अगर हम कृषि के बारे में नहीं सोचेंगे तो उन 17 परसैन्ट लोगों को भोजन देने का काम कैसे करेंगे।

मैं सरकार को बधाई देता हूं कि सरकार ने प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना की शुरूआत की है और अपील करूंगा क्योंकि माननीय कृषि मंत्री जी यहां बैठे हैं कि इस योजना को जल्द से जल्द हर खेत तक पहुंचाने का काम करें और जिस दिन यह पहुंचायेंगे, उस दिन बंजर धरती पर भी हमारे किसान बाग लगाकर इन्हें दिखाने का काम करेंगे।

महोदया, मैं इस सरकार से अपील करूंगा कि पिछली बार हमने लिंकेज ऑफ रिवर की बात सुनी थी, लिंकेज ऑफ रिवर जो पूर्व प्रधान मंत्री, माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का सपना था, इस बारी वह हमें इस सरकार के अभिभाषण में नहीं दिखाई दिया।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

श्री दुष्यंत चौटाला: सभापति महोदय, अगर मैं पांच मिनट बोलूं तो आप माइक बंद कर देते हैं, मैं माइनोरिटी से नहीं आता, मगर माइनोरिटी वाली पार्टी से जरूर आता हूं। हम दो सांसद हैं, कम से कम मुझे दस मिनट बोलने का मौका तो दीजिए।

यहां लिंकेज ऑफ रिवर की बात करते हैं।

HON. CHAIRPERSON: You will get only one minute more.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : मैडम, जब बेग साहब बोल रहे थे, तब आपने माइक बंद नहीं किया।

HON. CHAIRPERSON: It was his maiden speech.

श्री दुष्यंत चौटाला: मैडम, मेरी स्पीच भी मेडन मान लीजिए। यहां हम लिंकेज ऑफ रिवर की बात करते हैं। यह एक बड़ा अहम मुद्दा है, लिंकेज ऑफ रिवर बहुत जरूरी है। माननीय प्रधान मंत्री जी से अपील करता हूं कि लिंकेज ऑफ रिवर की जल्द से जल्द शुरूआत करें और सतलुज-यमुना लिंक, हांसी-बुटाना लिंक जैसे और अन्य लिंकेजिज की शुरूआत करके हमारे हर खेत तक पानी पहुंचाने की बात करें। जहां पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत की बात होती है, इस सदन का सबसे कम उम्र का सांसद होने के नाते मैं अपनी तरफ से विश्वास दिलाता हूं कि जहां हमारे युवा साथियों की पढ़ाई की बात आयेगी, जहां भी मेरी सुविधा की जरूरत है, प्रधान मंत्री जी, मैं 24 घंटे आपकी सेवा में हाजिर हूं। मैं आपसे अपील करता हूं कि हमारा देश आज कृषि प्रधान देश होने के साथ-साथ आपने पिछली बार बात की थी कि हम एजूकेशन सैक्टर के अंदर व्हाइट रिवोल्यूशन लेकर आयेंगे। लेकिन हमारे देश में एक भी वैटरिनरी यूनिवर्सिटी नहीं है। हिसार में 1882 का एक वैटरिनरी कालेज है और आज वह एक स्टेट यूनिवर्सिटी बना है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि उस वैटरिनरी कालेज को सैंट्रल वैटरिनरी यूनिवर्सिटी बनाकर व्हाइट रिवोल्यूशन को आगे बढ़ाने में किसानों का साथ दें।

इसके साथ ही आखिरी में दो शब्द और बोलकर जाऊंगा। मैं प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करता हूँ कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, उन्होंने हरियाणा की धरती से शुरू किया है और मैं उन्हें यह विश्वास दिलाता हूँ कि हरियाणा का, मेरे प्रदेश का एक-एक नागरिक उनके साथ खड़ा हो कर इस मुहिम में उनका साथ देगा। ...(व्यवधान) मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि राष्ट्रपति जी ने जाते-जाते अपने अभिभाषण में एक चीज़ कही थी जिस तरह से प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि " एक भारत श्रेष्ठ भारत " । इस सदन में सबसे युवा होने के नाते मैं इस सदन के हर सदस्य से अपील करता हूँ कि आप लोग जिम्मेदार नागरिक होने के नाते जो घर वापसी, चार बच्चे, धार्मिक संस्थाओं को तोड़ने की बात करते हैं, इसको बंद करें क्योंकि 50 साल बाद हम युवाओं को इस सदन में आना है, तब भी हम गर्व से कह पाएं कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत। माननीय सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

*श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला) ः यह खुशी की बात है कि राष्ट्रपति जी ने "सबका साथ-सबका विकास " की सरकार की मूल नीति को मानकर यह दिशा दिया कि यह हमारे देश में सभी वर्ग, धर्म, जाति, लिंग व क्षेत्र के लोगों को साथ लेकर उनके सर्वांगीण विकास करने के लिए कृत संकल्प है। भारत की विशेषता है कि हम विभिन्न धर्मों, जातियों, क्षेत्रों के साथ-साथ विभिन्न भाषाओं को बोलने के साथ-साथ एक हैं। भाईचारे की डोर मजबूत हुई है। घृणा का कोई स्थान इस देश में विभिन्नताओं के साथ होने पर भी एकता है Unity in Diversity को प्रथम स्थान दिया गया है। तभी तो यह देश एक बना हुआ है। इसके बावजूद कि कई बाहरी व अंदर की ताकतों ने इसे तोड़ने का प्रयास किया, पर उसमें वह कभी भी कामयाब नहीं हुए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के द्वारा मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए गरीब, कमजोर व वंचित समाज के वर्गों को अपना आधार बनाकर सरकार काम करेगी। ऐसी परिकल्पना अपने अभिभाषण में रखकर एक आधार बनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में "दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना " तथा दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय योजना के माध्यम से इस फिलोसफी को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। सभी गरीब लोगों को घर मिले एक छत के नीचे अपना जीवन बिता सके, इसके लिए "हाउसिंग फॉर ऑल " योजना को मिशन के रूप में लेकर 2022 तक पूर्ण करने का अच्छा संकल्प है। आज हमारी आबादी का लगभग एक तिहाई इसका लाभ उठा सकेंगे। इसी के साथ "दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना " के अंतर्गत 43,000 करोड़ रूपये के परिव्यय से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 24ग्7 बिजली की उपलब्धता का भी एक महत्वपूर्ण निर्णय है। गरीबी को दूर करने के लिए जो भी कदम उठाये जा रहे हैं उससे अधिकाधिक लाभ हमारे दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों को होगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के बच्चों को शिक्षा में आगे आने का मौका मिले, उन्हें छात्रवृति को सरल करने की योजना से लाभ मिलेगा। भारत के संविधान के रचियता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भी शिक्षा को आधार मानकर "शिक्षित बनो " का नारा इस वर्ग के उत्थान के लिए किया था।

अनुसूचित जाति को अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने में उद्यमों के माध्यम से उन्हें सेल्फ डिपेंडेंट बनाने हेतु योजना लाकर यह दर्शाता है कि सरकार इन वर्गों के हित में काम करना चाहती है।

किसानों को खुशहाल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लाए जाने की बात से यह स्पष्ट है कि सरकार की " प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना " के प्रारंभ होने से किसान के खेत को पानी मिल सकेगा। खेती की मिट्टी की सेहत का पता लगाने के लिए "भूमि स्वास्थ्य वार्ड " बनाने का अच्छा निर्णय है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण से इसमें गरीबी का उन्मूलन होगा। 2000 करोड़ रूपये के विशेष फंड बनाकर 72 फूड पार्कों में संचालित यूनिटों को कम दरों पर कर्ज दिए जाने की व्यवस्था है। " प्रधानमंत्री जन-धन योजना " के अंतर्गत 13.2 करोड़ नये बैंक खातों द्वारा 11.5 करोड़ रूपये डेबिट कार्ड से 11000 करोड़ रूपये इकट्ठा हुए हैं। इससे देश के अधिकांश लोग बैंकों के साथ जुड़ जायेंगे।

हमारे देश की आधी आबादी महिलाओं की है। लिंगानुपात पर दृष्टिपात करें तो लगता है कि आने वाले कुछ वर्षों में हमारे लड़कों को शादी के लिए लड़कियाँ नहीं मिल पायेंगी क्योंकि बच्चियों को पैदा होने से पहले ही मौत की भेंट चढ़ा दिया जा रहा है। इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है इसीलिए सरकार ने ठीक ही "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं " अभियान शुरू किया है। इसी के साथ-साथ "सुकन्या समृद्धि खाता " के अंतर्गत बेटियों की शिक्षा का ठीक प्रबन्ध हो सकेगा।

देश में औद्योगिक क्रान्ति लाने में उसका उन्मान बढ़ने में बिजली का विशेष रोल रहता है और अधिक बिजली पैदा करने की कई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। 25 सौर पार्कों के जरिए "स्वच्छ ऊर्जा " का उत्पादन करने की योजना से तथा नवीकरणीय ऊर्जा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने से देश को अच्छा पर्यावरण मिल सकेगा।

युवाओं को इस सरकार से भारी उम्मीद है। इसलिए उन्हें रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए सरकार अधिकाधिक रोज़गार पैदा करने की योजना बना रही है। "मेक इन इण्डिया " इस दिशा में अधिक रोल करेगा। विश्व के अन्य देशों को इसके साथ जोड़कर किस प्रकार से ज्यादा से ज्यादा रोज़गार पैदा किये जाए, इसके लिए अमेरिका, चीन, जापान व रूस आदि देशों के साथ गुणात्मक व्यापारिक सुधार लाये जा रहे हैं।

आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों को विकास के साथ ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाये। इसके लिए आवश्यक है कि वहाँ पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाये। हिमाचल प्रदेश को नॉर्थ-ईस्ट की तर्ज पर केंद्रीय

योजनाओं में 90ः 10 अनुपात में सहायता की जरूरत है। हिमाचल प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों खासकर के सिर और टिला को ट्राइबल घोषित किया जाये तथा वहाँ पर फूल, फल व सब्जी पर आधारित उद्योगों को पी.पी.पी. मोड पर लगाये जाने की योजना बनाई जाये। हिमाचल प्रदेश स्वतंत्रता के बाद मात्र 50 कि.मी. की रेल पटरी का निर्माण नहीं कर पाई है। इसलिए हिमाचल प्रदेश में रेल पटरी को बिछाकर वहाँ पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ऐसी योजनाओं को निर्मित किया जाये ताकि पहाड़ से बहने वाला पानी रोककर उसे सिंचाई मे लाया जाये।

*श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) ः माननीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के अभिभाषण के जरिए मोदी सरकार ने एक बार फिर साफ कर दिया कि शिक्षा और स्वास्थ्य आगे भी इसकी प्राथमिकता में बने रहेंगे। नवगठित कौशल विकास मंत्रालय की मदद से सरकार युवा शक्ति का लाभ उठाने में भी कोई कसर नहीं रहने देगी। लोगों को रोग मुक्त बनाने के लिए अगले वर्ष के दौरान सरकार का ज़ोर उन सभी इलाकों में टीकाकरण की पहुंच बढ़ाने पर है जहां अब तक इसकी पहुंच बहुत कम है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन इलाकों तक सरकारी टीकाकरण कार्यक्रम को पहुंचाने पर है जहां अब तक बहुत सीमित संख्या में ही बच्चों तक यह पहुंच सका है। इसके लिए खास तौर पर सात तरह के टीकों वाली इंद्रधनुष योजना शुरू की गई है। यह कदम सराहनीय है।

यह बहुत अच्छी बात है कि जल्द ही सरकार देश की पहली राष्ट्रीय हुनर विकास और उद्यमिता नीति घोषित करने जा रही है। इसके जरिए भारत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के गुणवत्ता मानक लागू हो सकेंगे।

सरकार के लिए किसानों के हित सर्वोपरि हैं। किसानों की खुशहाली को लेकर सरकार ने उनके लिए कई उपाए किए हैं। छोटे व मंझले किसानों की दशा सुधारने के लिए जैविक खेती और ग्रीन हाउस प्रौद्योगिकी पर विशेष ज़ोर दिया है। शीघ्र खराब होने वाले बागवानी उत्पादों को संरक्षित करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष का गठन भी किया गया है। इससे आवश्यक खाद्य उत्पादों की महंगाई पर काबू पाने में सहूलियत मिलेगी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के क्रियान्वयन से खेती की उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। मूल्य बाधित कृषि, बाज़ार सुधार, प्रौद्योगिकी के उपयोग और अपयुक्त क्षमता वाले क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया गया है तथा सरकार ने भूमि अधिग्रहण पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश भी की है।

देशी पशु प्रजातियों के संरक्षण और विकास के उद्देश्य से राष्ट्रीय गोकुल मिशन शुरू किया है। छोटे व सीमांत किसानों को अतिरिक्त आय के लिए पशुधन विकास को प्राथमिकता दी गई है। मिट्टी की सेहत जांचने और उसके अनुरूप खाद का प्रयोग करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

गांव हमारी समृद्ध आयुर्वेदिक विरासत के भंडार रहे हैं, आयुष विभाग को एक पूर्ण मंत्रालय बना दिया गया है। किफायती आयुष सेवाओं से संबंधित शिक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने तथा उत्तम गुणवत्ता की आयुष दवाओं को उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन की शुरूआत की गई है।

श्रम कल्याण हेतु विनिर्माण क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में पूंजीकृत करने हेतु पूंजीकृत प्रोत्साहन योजना की भी शुरूआत की गई है।

कई निर्णायक कदम उठाने के परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति विशेषकर खाद्य मुद्रास्फीति में रिकॉर्ड कमी आई है। पूंजी बाज़ार ऊँचाई के स्तर पर है और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है।

आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बताया गया है इससे निपटने के लिए सरकार प्रभावित लोगों व प्रभावित राज्यों की सरकारों से समन्वित सहयोग के साथ पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

राज्य में विस्थापितों के लिए अनुकूल माहौल बनाने का प्रयास किया गया है। इसमें 60 हज़ार से अधिक कश्मीरी पंडित परिवारों के पुनर्वास को सुगम बनाना शामिल है और सरकार ने इस संबंध में कारगर कदम भी उठाए हैं। इससे अन्य कार्यों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों, आर्थिक अवसर और सुरक्षा उपलब्ध होगी।

अधिकतम सुशासन-न्यूनतम सरकार के सिद्धांत को अपना कर सरकार आधिकारिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर ध्यान दे रही है और प्रौद्योगिकी के माध्यम से निर्णय लेने के स्तरों को कम कर रही है।

हमारा भविष्य हमारे पड़ोस से जुड़ा हुआ है। पड़ोसियों के साथ हमारे संबंधों ने नई जान फूँकी है। इससे दक्षिण एशिया में और अधिक सहकारिता व मेल-मिलाप को बढ़ावा मिल रहा है। चीन के राष्ट्रपति श्री क्षिनफिन्ग और अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आना ऐतिहासिक है।

व्यय सुधारों पर सरकार की योजना पर प्रकाश डाला साथ ही फाइनेंशियल सेक्टर लेजिस्लेटिव रिफॉर्म्स कमीशन की कुछ सिफारिशें लागू करने की भी घोषणा की। संसद में विधायी प्रक्रिया सरलतापूर्वक आगे बढ़ाने और प्रगतिशील कानून बनाने की दिशा में पूरी निष्ठा से काम हो, यह सराहनीय है।

सरकार ने आयकर पर भी छूट बढ़ाने को कहा है। राष्ट्रपति ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत किए जाने के सकारात्मक पहलुओं की चर्चा भी की। हमारी जी.डी.पी. 7.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रही है जिसने भारत को विश्व में तीव्रतम गति से वृद्धि करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है।

स्वच्छ भारत मिशन से सभी जुड़े। अक्टूबर 2019 तक खुले में शौच की प्रथा से मुक्त भारत का लक्ष्य है। इसके तहत ही स्वच्छ विद्यालय कार्यक्रम शुरू किया है यह 15 अगस्त, 2015 से पहले हर स्कूल में एक शौचालय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद निधि का 50 प्रतिशत स्वच्छता मिशन में खर्च होगा। इससे स्वच्छ भारत मिशन को पूर्ण करने में मदद मिलेगी।

शिक्षा को सरकार की प्राथमिकताओं में सर्वोच्च स्थान दिया गया है। इसके तहत पढ़े भारत-बढ़े भारत योजना बनाई गई। अनुसंधान एवं विकास के लिए और अधिक संसाधनों का उपयोग करने, विश्व स्तरीय अनुसंधान केंद्रों का निर्माण करने, युवा प्रतिभा को विकसित करने और विश्व के सबसे बड़े ऑप्टिकल 30 मीटर टेलीस्कोप सहित अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए हैं तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है।

बेटियों के जीवन, सुरक्षा एवं शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान की शुरूआत की जिससे लोगों की सोच में बदलाव आया है। बेटियों की शिक्षा को प्रभावी बनाने हेतु सुकन्या समृद्धि खाता नामक एक लघु बचत योजना अधिसूचित की गई है।

सरकार घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही स्तरों पर कालेधन के सृजन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। वित्तीय क्षेत्र में विधायी सुधार आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। इसके साथ ही माल एवं सेवा कर लागू करने के लिए एक संविधान संशोधन विधेयक भी लाया गया है जो अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनायेगा।

गरीबी हटाने के संदर्भ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी जिक्र किया गया। गरीबी के कई असर होते हैं इससे न सिर्फ हमारी इकोनॉमी पर बुरा असर पड़ता है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र को भी चोट पहुंचाती है। विकास को वास्तविक तभी माना जाएगा जब समाज के हाशिए पर खड़े आखिरी व्यक्ति की कम से कम न्यूनतम जरूरतें पूरी हो सकें।

मेक इन इंडिया के जरिए युवाओं को रोज़गार मुहैया कराया जाएगा। साथ ही 2022 तक देश के हर परिवार को मकान देने का वादा भी सरकार ने किया है।

भाजपा प्रेरित एन.डी.ए. सरकार का पारदर्शी सुशासन, यू.पी.ए. सरकार का कोयला कांड के कारण 204 कोयला खानों के आवंटन सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसमें से 18 कोयला खानों का ई-ऑक्शन हुआ जिसमें से राज्य सरकारों को 1.9 करोड़ रूपयों का लाभ हुआ। जिससे लुटा हुआ खज़ाना देश की जनता को वापस मिला है। इससे पता चलता है कि अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है। इसके कारण कोयले की आयात कम होगी, रोज़गार बढ़ेगा, देश की समृद्धि बढ़ेगी और बैंकों का एन.पी.ए. घटेगा।

67 वर्षों से हिंदुस्तान की करीब आधी जनता के पास बैंक खाते नहीं थे। देश की अर्थव्यवस्था के साथ जुड़ने का उनके पास कोई रास्ता ही नहीं था। लेकिन हमारी सरकार ने विश्व में रिकॉर्ड बनाया है कि 6 महीनों से कम समय में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 13.2 करोड़ नए खाते खोले गए हैं। लगभग हर परिवार को बैंक के साथ जोड़ा गया है। यह वाकई अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी को बधाई देती हू।

श्री नरेन्द्रभाई मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने मन की बात का नए आयाम वाला कार्यक्रम करके देश में सबको जोड़ने के काम की पहल की है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी साहब को जो तोहफे मिले उनका ऑक्शन सूरत, गुजरात में कराया गया जो पैसे मिले उसे गंगा शुद्धिकरण में लगाया गया। आज से पहले शायद ही कभी ऐसा हुआ हो।

कांग्रेस-यू.पी.ए. बिजली उत्पादन के तहत मेगावाट में उत्पादन गिनवाता था। बी.जे.पी. प्रेरित एन.डी.ए. सरकार का उत्पादन गीगा वाट में हो रहा है। साल के 365 दिन, 24 घंटे देश में बिजली की कमी न हो इसके लिए हमारी सरकार प्रयास कर रही है।

हमारी संसद एक परम पावन स्थल है। लोगों ने अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संस्था में अटूट विश्वास दिखाया है। सरकार भी प्रगतिशील कानून बनाने में निरंतर प्रयत्नशील है।

इसके साथ ही आओ हम आधुनिक भारत के निर्माण हेतु कार्य करें और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के नारे को आगे बढ़ाये।

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): Madam, I thank you for giving me an opportunity to speak. I rise to support the Motion of Thanks on the President's Address to both the Houses of Parliament.

John Ruskin in one of his famous treaties unto his last, which had inspired Mahatma Gandhiji, wrote that 'human-beings are the most precious resources of a given country which is the strongest instrument to build the nation. That is why, Dr. Shyama Prasad Mukherjee had said 'the strength of India is in her rich spiritual and cultural heritage.' The spirit of these lines is the driving inspiration of the President's Speech and it is rightly quoted in para 2 the fundamental tenet of this Government - *Sabka Saath Sabka Vikas*. Being the welfare of all human beings is the real spirit of the ancient mantra "सर्वे जनः सुखिनो भवन्तु, समस्त मंगलानि भवंतु". The ultimate aim of any government is to achieve the greatest good of the great number and to see that the benefit of development reaches to the last person of the society.

With this in mind, under the dynamic leadership of Shri Narendra Modi, it is not just committed to alleviation of poverty; it is decided to eradicate and eliminate poverty from this country. Just after nine months are over – the Opposition is not ready to wait – it is being repeatedly asked 'what has been done in nine months?' I do not want to repeat the same points which have already been said about the GDP, inflation, food inflation, Jan Dhan Yojana. All those things have been mentioned. Recently, coal blocks allocation has also been done and it has fetched more than one lakh crore of rupees of revenue to the Government.

16.59 hrs (Hon. Deputy-Speaker *in the Chair*)

I do not want to repeat all those things, but basically people are feeling that there is a Government in the country. In the last ten years, people were not feeling that there was a Government in the country. सरकार चीज़ है, यह भी लोगों के मन में नहीं आता था। ऐसी एक स्थिति लोगों के मन में बन रही थी। There was a famous saying which was going around – 'Prime Minister presides, Madam decides'. That was the situation in the last ten years in the country.

Many things have been achieved which many people have enlisted. I just want to tell one thing. One poor person in my constituency met me and said that he was getting LPG cylinder not without any problem now and that he was very happy.

17.00 hrs

What happened in 2011, 2012, 2013 and 2014? People were not getting cylinders. ...(*Interruptions*)

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Please do not mislead the House. ...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: No, I am not misleading the House. ...(*Interruptions*) Go and ask in your constituency. ...(*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): We are also coming from the constituency. ...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: I have conducted many meetings. ...(*Interruptions*) आप पहले सुनिए। ...(व्यवधान) I know as to what is happening. I am the Chairman of the Standing Committee on Petroleum and Natural Gas. I know how things are happening. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: He is telling his constituency problem, and not your constituency problem.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: First you said six cylinders; then you said 9 cylinders; and then you said 12 cylinders. ...(*Interruptions*)

SHRI K.C. VENUGOPAL: There is no problem in my constituency. ...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI : आधार - निराधार, क्या आपने किया, उसका आपको ही पता नहीं लगा। Everybody was thinking that in your AICC meeting ...(*Interruptions*) आप हमारी पूरी बात सुनिए। ...(व्यवधान) People from my constituency had come to the AICC meeting, and it was projected that Mr. Rahul Gandhi is going to be projected as the Prime Ministerial candidate. प्राइम मिनिस्टर का केंडीडेट घोषित करने का छोड़िए, 12 सिलेंडर अनाउंस करके सब लोगों को वापस भेज दिया।

Now, people are feeling that there is a stable Government and an able leadership. This is the achievement of Shri Narendra Modi Government. ...(*Interruptions*) दिल्ली में आपका क्या हो गया, आप सोच लीजिए। A total of eight State elections were held. Out of that ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: If you are going to debate with them, then you would not come to the point. Both parties are having problems.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI : Okay, Sir. Out of that, we have won seven of them. You should understand this, and you please understand what has happened to you. Now, you are talking about what has happened. What did you do in almost 60 years, out of 68 years, that you ruled? ...(*Interruptions*)

SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR): What about Karnataka? ...(*Interruptions*) What is going on in Karnataka? ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Mr. Joshi, please address the Chair and try to conclude.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: Yes, I am addressing you, but they are disturbing. Please ask them to sit down. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: You should address the Chair.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: Sir, I am addressing you. आपने क्या बोला, गरीबी हटाओ, रोटी, कपड़ा और मकान, क्या हो गया, what is the status today? In your tenure, you appointed three committees, namely, the N. C. Saxena Committee, World Bank, Tendulkar Committee and Arjun Sengupta Committee. After your rule of almost 58 years, all the Committees have said that an average of 40 per cent people are below poverty line, and more than 50 per cent are shelter-less even today. You ruled for 58 years, and you are asking Shri Modi to give reply for 9 months. Whatever was to be done in a very short span of 9 months has been done, but you people â€¦ (*Interruptions*) दिल्ली से दिल्ली तक आपकी सरकार थी। But what did you do? Nearly 40 per cent of people are below poverty line, and as per the Arjun Sengupta Committee Report -- on which I know there is a difference of opinion -- still 77 per cent of people have a spending capacity of less than Rs. 20. This is what Arjun Sengupta Committee had said, which was appointed by you. Now, you are talking about Shri Narendra Modi Government.

Sir, I would like to ask this. Mr. Kharge also talked about black money, and Mr. Chautala, an hon. Member, also spoke about black money. हाँ, ब्लैक मनी वापस लाने की कोशिश हो रही है, लेकिन आपने क्या किया? Mr. Kharge also referred to it. Hon. Moilyji is here, who is our senior Leader and I respect him very much. But I have a straight question, through you, to them. Why did you not ratify the UN Convention against corruption, which came into force in 2005? It was supposed to be ratified, but you did not ratify it till 2011. Why is it so? It is because you wanted to give safe passage to somebody. So, you did not constitute the SIT. After the Supreme Court directive in 2012, they went on appealing to the Supreme Court through the Review Petition saying that they cannot constitute SIT. Why did they do that? What was their intention? Their intention was not good. Their intention was not to trace out the black money. Their intention was to give safe passage to somebody. That is why, they did not constitute the SIT. That is why, they did not ratify the UN Resolution on Anti Corruption. That is the thing which has happened.

There are many points to be covered. But due to paucity of time, I have only a few things to say. In all these ten years many things have happened because the intention was not good. As soon as Shri Narendra Modiji came to power, as per the Supreme Court direction, in the first Cabinet meeting, he constituted SIT which is doing its job.

A mention was made about NREGA and also about Karnataka. NREGA is an expenditure-based fund release system. It means that it is a demand driven scheme. In this year, circulars were issued time and again by the UPA Government because it was a flagship programme of the UPA Government that it is a demand driven programme. As per that programme, whenever people demand for work, at that time only, expenditure-based fund release was done. Last year, the allocation was Rs.33,000 crore. This year, it is Rs.34,000 crore and already Rs.26,000 crore to Rs.27,000 crore is released and this month further amount will be released.

As far as Karnataka is concerned, Rs.1,369 crore is released and another Rs.400 crore to Rs.500 crore is yet to be released. But the RDPR Ministry of the Karnataka Government has submitted a wrong utilization certificate. I am saying this with all responsibility that a wrong certificate was issued. इसीलिए मैं आपको रिक्वैस्ट करता हूँ कि जो कुछ भी आपको करना है कर्नाटक में, we are with you. That is what I have been telling Shri Khargeji. ...(*Interruptions*)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : उन्होंने कहा कि बंगलौर में बिजली पानी नहीं है। ...(व्यवधान)

श्री प्रह्लाद जोशी: उन्होंने कहा कि बंगलौर में पानी नहीं है तो who is responsible for that? They have to answer that question. I do not want to go into that detail.

Lastly, when our Government was there and even during the time of Shri S.M. Krishna, the contribution from the State Government for the Railway project was declared. The previous Government had said that flatly fifty per cent would be shared by the Karnataka Government and Karnataka was the first State in the country to share fifty per cent. Now the present Chief Minister is saying that they

are not going to share fifty per cent. What is that? By that, ultimately Karnataka is going to lose. ...(*Interruptions*) Last point is this. स्वच्छ भारत और निर्मल भारत के बारे में कहा गया है कि हमारी कॉपी कर दी है। मैं इनको कहना चाहता हूँ कि अगर आपको हमने कॉपी कर दिया तो हमारी स्थिति भी आप जैसी हो जाएगी, इसीलिए हम कभी भी आपको कॉपी नहीं करेंगे। ...(व्यवधान) अंत में मैं कहना चाहूँगा कि आप भारत को अस्वच्छ करके गए थे, हम स्वच्छ भारत बना रहे हैं। It is the reply of the people to you.

*DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): I whole-heartedly support the motion as moved by Hon. Shri Anurag Singh Thakur and seconded by Hon. Nishikant Dubey.

Hon. President in his last Presidential Address in June last said that his new Government would take steps to contain inflation, boost growth and create jobs. Perhaps, this has been the only way to serve our fellow citizens.

Now, the Hon. President has defined the fundamental tenet of his government -All together, Development for All. We must thank the Hon. President for this.

In a developing country like ours, where democracy is getting matured, the most basic issue is to empower our citizen. How to do it is the crux of our entire endeavour. To me, it is a possible proposition.

Within the framework of 'Minimum Government, Maximum Governance' as mentioned in his last Presidential speech, whatever schemes and programmes initiated by the new NDA Government are now in the beginning mode.

So far so god. I have my good wishes for the new Government. However, there is a word of caution. It is always easier said than done. We must all remember that the road is long, but our journey should be in progress by maintaining continuity. We all know that governance is a continuous process and no one should try to forget that the society has been always dynamic. I, very respectfully urge upon all the Hon'ble members in this august House to extend their fullest co-operation to maintain the continuity in governance.

In the Address along with the mention of 'Integral Humanism' and 'cooperative Federalism', there is also a mention of 'Clean and Open Defecation Free India by October 2019' by reinvigorating for a 'Skill India', 'Housing for All by 2022' etc.

I would very humbly submit that continuity being the lifeline of the Governance; it appears to be all mixed up. Giving any datelines should be realistic. This Government is for five years ending in April-May 2019. Perhaps it has no right to talk beyond this time frame. Hence mention of October 2012 and of 2022 etc. is not at all realistic.

In para 13 of the Address it is mentioned that Education is the priority of the Government. Here, I would like to seek indulgence of my colleagues to the fact that for near universal belief about No. 13 being the unlucky appears remain as it is. I would like to urge the Government to allocate the minimum of 6 percent of GDP for education. Till then, I am afraid, nothing will come out from education. Education is fundamental to everything. We have to educate our children about the basic fact of the country -Unity in Diversity, about our culture and tradition polarity/plurality, about the history and geography of various regions and most importantly about the different people inhabiting this vast country. It requires continuous practice of a sound national education policy. This is the paramount duty of any Government for this type of country. I am sorry this has not been able to find place in the recent Presidential Address.

In the area of internal security, on the national policy of zero tolerance towards terrorism, extremism, riots and crime including cyber threats find no place in the Address. It is indeed not encouraging.

There is a complete silence on the empowerment of women through legislation. I do very humbly look forward towards passing of women reservation Bill. This will help getting Zero Tolerance for violence against women.

We demand an anti-rational law to completely mitigate the various racial attacks on the NE people in different parts of the country following the recommendation of MP Bezbarua Committee. This has also been missing in the Address.

Infiltration in the NE region and J&K is a grave concern for all of us. A sensible proposition including a political solution of insurgent problem of the NE region, Manipur in particular are not at all mentioned in the Address.

Next being the case of rising prices of essential commodities. It is the fervent hope of every one of us that the prices of essential commodities get stabilized immediately. However, all of us are aware of the fact that considering the enormous size of the country and her population size, it is but natural that the demands are more while the supply is limited. This theory of demand-supply is, to a large extent, responsible for the price rise. But we cannot leave it here.

With our subsidy regime is still on, we must find ways to mitigate the same very earnestly and quickly. I do very respectfully place on record the fact that the Flagship Programmes and the Welfare measures of the previous UPA Government, did wonders to bear fruits in this direction.

Next I would like to make a sincere attempt to address the issue of terror in the country and abroad, which is nevertheless an issue both National and International. Terrorism, as I do understand, is a war against humanity.

The Zero tolerance policy of our Government has to be practiced in its fullest meaning, both in spirit and in action. Civilizations grew on the lives of millions and that the King can do no wrong, do remain and had been the greatest tragedy of mankind. We who practice Democracy should think together and work together for a better world so that our children enjoy the fruit of their birth and live happily. Together we must be able to give to our children a better tomorrow.

Finally, I wholeheartedly support the motion as moved by Hon'ble Shri Anurag Singh Thakur and seconded by Hon'ble Shri Nishikant Dubey and request all Hon'ble Members present here in this august House to pass the motion unanimously.

*SHRI C.R. CHAUDHARY (NAGAUR): It is my immense pleasure to write few words of thanks over the marvelous address by H.E. the Hon'ble President of India in the joint session of Parliament on 23.02.2015.

Hon'ble President has given emphasis over all the best schemes launched by our Union Government in the last eight months for the overall development of every citizen of the country. The fundamental tenet of the Government is "Sabka Saath Sabka Vikas". In the address, Hon'ble President indicated the inclination and measures initiated and taken by the Government ranging from the flied of Sanitation to smart cities; Poverty elimination to creation of wealth; Skill development to conquering space; Tapping democratic dividend to diplomatic initiatives; Empowering individuals to ensuring quality infrastructure; Shortening the gap between have and haves not by making the country a manufacturing hub; Containing inflation to stimulating economy and Promoting cooperative federalism.

Hon'ble President has given the mind of his Government to do more work on the "Beti Bachao, Beti Padhao", Swatch Bharat Mission", Clean and Open Deification Free India by 2019, Housing for all, Skill India, Annadaata Sukhibhava Rastriya Gokul Mission, Pradhan Mantri Sinchai Yojna and Digital India. Hon'ble President also indicated that more useful works will be taken under "MGNREGS" with renewed vigour. At least sixty

percent of expenditure be directed for creation of Agriculture Infrastructure.

H.E. the Hon'ble President has also given the commitment of the Government to improve the infrastructures for the development of the country by formulating and installing "Sagar Mala Project, Green Energy Corridor, Clean Energy and Make in India, etc.

I would like to submit my sincere thanks for the energetic, development and employment oriented address of the Hon'ble President, India will certainly make the progress ii all sectors and will be the super power of the world under the regime of the present dynamic government.

श्री विजय कुमार हाँसदाक (राजमहल) : उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हो रही चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। हमें एक प्रारूप देखने को मिला कि आने वाले समय में किस तरह से सरकार काम करने वाली है। भविष्य को देखते हुए कई सारी योजनाओं की रूपरेखा हमें राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में देखने को मिली है। अगर ये योजनाएं जमीनी स्तर पर उतरती है तो वास्तव में इनसे हमारे देश को जरूर लाभ मिलेगा।

मैं बहुत ज्यादा समय न लेते हुए कुछ बिंदु सदन के सामने रखना चाहूंगा, जो बहुत जरूरी हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' बहुत अच्छी सोच के साथ शुरू किया गया और उसमें सारा देश शामिल हुआ। सभी देशवासियों की देश को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी बनती है। इसके साथ ही साथ इसमें यह भी कहा गया कि एम.पी. लैड का पचास प्रतिशत हिस्सा इसके अंतर्गत इस्तेमाल किया जाए। मुझे लगता है जो बात मैं कहने जा रहा हूं उससे सभी सांसद सहमत होंगे। मैं अपने क्षेत्र की बात करता हूं तो लगभग 21 ब्लाक्स 5600 गांवों से ऊपर हैं और इनके लिए पांच करोड़ की राशि बहुत कम है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यह बहुत अच्छी स्कीम है और इसमें सभी एम.पीज़. अपना-अपना सहयोग देना चाहते हैं। पांच करोड़ रुपए की रकम एक संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए खर्च करने के लिए बहुत कम होती है, लेकिन अगर स्वच्छ भारत अभियान के लिए अतिरिक्त आवंटन किया जाए तो कहीं न कहीं सभी सांसद अपने क्षेत्र के लिए और बेहतर ढंग से काम कर पाएंगे।

मनरेगा देश में हमारे गरीब बंधुओं को रोजगार देने के लिए बहुत अच्छी स्कीम है। हमारे कई मित्र इस बारे में शिकायत कर चुके हैं कि इस योजना में कहीं न कहीं त्रुटि रह जाती है और जमीनी स्तर पर सही लोगों को इसका फायदा नहीं मिल पाता है। आज इस योजना की साठ प्रतिशत राशि खेती के विकास पर खर्च करने की बात कही गई है, यह बहुत ही अच्छी बात है, लेकिन यह राशि सही हाथों तक पहुंचे, इसे देखना आज हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जन-धन योजना के माध्यम से आज राशि सही हाथों तक पहुंच रही है। इसी स्कीम में मनरेगा स्कीम को भी इन्क्लूड करना चाहिए, ताकि आने वाले समय में जो इस योजना के सही हकदार हैं, उन तक इस योजना का लाभ सीधे पहुंच पाए। इसमें किसानों के हित की बात कही गई और कई योजनाएं जैसे 'अन्नदाता सुखी भवः', आदिवासियों के लिए, जन-धन योजना आदि बनाई गई लेकिन मैं अपनी झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की तरफ से लैंड बिल को अपोज़ करते हुए यह बात कहना चाहूंगा कि कहीं न कहीं किसानों और आदिवासियों की अगर बात कही जाए, तो सीधे तौर पर ये लोग अपनी जमीन से ही जुड़े हुए हैं और कहीं न कहीं यह लैंड बिल किसानों के विरुद्ध है, आदिवासियों के विरुद्ध है और हमारे देश की जनता के विरुद्ध है।

कल हमारे एक बहुत ही वरिष्ठ साथी आर्डिनेंस पर बात कर रहे थे कि पिछले 50 सालों में कितने आर्डिनेंस आए। आर्डिनेंस के बारे में कई अन्य माननीय सदस्यों ने कहा कि यदि बहुत जरूरी हो, तभी आर्डिनेंस लाना चाहिए। मैं पक्ष-विपक्ष की तकरार में नहीं पड़ना चाहता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि कहीं न कहीं इस तकरार में मुख्य मुद्दा हाथ से बाहर निकला जा रहा है। कुछ समय पहले दो आर्डिनेंस एक साथ लाए गए। एक आर्डिनेंस कोल आवंटन के लिए और एक आर्डिनेंस लैंड एक्विजिशन के बारे में आया। दोनों की तुलना करते हुए, मैं कुछ बातें सदन के सामने रखना चाहता हूं। जब कोल आबंटन की बात आई तो सिर्फ नेताओं ने बात की, मीडिया हाउसेज़ ने बात की और कोल ब्लाक्स को लेने वाले जो पूंजीपति थे, उनकी टिप्पणियां आई। लेकिन जब लैंड बिल की बात आयी तो मैं जानता हूं कि मेरे झारखण्ड राज्य में पिछले कई दिनों से केवल हमारी पार्टी ही नहीं, बल्कि कई समाज सेवी स्वतंत्र संस्थाएं भी इसका विरोध कर रही हैं। इसके लिए भी कई किसान ज़मीन पर उतरे हुए हैं। इसे देखने की बहुत जरूरत है। आप लोग बहुत सारे ऑर्डिनेंस लाए, पर किसी का विरोध नहीं हुआ, लेकिन, इसका लोग ज़मीन पर उतर कर विरोध कर रहे हैं। कहीं न कहीं यह किसानों और आदिवासियों के हित में बिल्कुल भी नहीं है, क्योंकि, आप उन्हें ज़मीन से उखाड़ रहे हैं और आप उन्हें कहीं भी कोई ज़गह नहीं दे रहे हैं। पुराने समय के पक्षी और जानवर जिस तरह से आज म्यूजियम में देखने को मिलते हैं, मुझे लगता है कि अगर यह लॉ इम्प्लीमेंट हो गया तो भविष्य में किसानों और आदिवासियों को हम लोगों को भी म्यूजियम में जाकर देखना पड़ेगा।

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up.

SHRI VIJAY KUMAR HANSDAK: I will conclude with two more points.

मैं बहुत ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि भारत दर्शन में बहुत सारे टूरिस्ट सर्किट्स जोड़े गए हैं, लेकिन, जिस तरह से हमारे भारतवर्ष में टिप्पणियां हुई हैं, उससे मुझे लगता है कि कहीं न कहीं से हमारी एकता तार-तार हो रही है। मुझे लगता है कि इस देश की अखण्डता को बनाकर रखने की जरूरत है और सारे धर्मों को एक सर्किट में दर्शाने की जरूरत है।

एक लास्ट प्वायंट कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने बिजली की बात की है। हमारे स्टेट से बहुत ज्यादा कोयला हर एक स्टेट को जाता है, लेकिन हमारे यहां ही थर्मल या अन्य कोई प्लांट सेट-अप नहीं हुआ है। इसमें बहुत सारी कमियां हैं जिससे हम लोग अपने स्टेट में ही बिजली प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

मैं जनता दल (यू) पार्टी की ओर से चर्चा में भाग ले रहा हूं। मैं बिहार राज्य से आता हूं। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जो आया है, उसमें मैं चाहता हूं कि बिहार के लिए भी कहीं न कहीं कुछ जुटे। बिहार एक पिछड़ा राज्य है। बिहार के मुख्य मंत्री आदरणीय नीतीश कुमार जी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा दिलाने के लिए चाहे पटना का गांधी मैदान हो, चाहे दिल्ली का रामलीला मैदान हो, उसके लिए उनका संघर्ष लगातार जारी है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने जब पटना के गांधी मैदान में भाषण दिया था तो उन्होंने कहा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा मैं ही दूंगा, मैं इस पर विशेष ध्यान भी दूंगा और बिहार को विशेष पैकेज भी दूंगा। मैं आपके माध्यम से, यहां सरकार में बैठे लोगों से, जिनमें बिहार से भी मंत्री हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा देने की कोई भी चर्चा माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नहीं है।

प्रधान मंत्री जन-धन योजना के बारे में कहा गया है कि इसमें लगभग तेरह करोड़ खाते खुले, करीब 1100 करोड़ रुपये जमा हुए और लगभग सौ प्रतिशत लोगों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है। गांवों में हम लोग घूम रहे हैं। निश्चित रूप से आज भी प्रधान मंत्री जन-धन योजना से कई लोग छूट चुके हैं। यह आंकड़ा सौ प्रतिशत नहीं है। प्रधान मंत्री का लिखा

हुआ भाषण राष्ट्रपति महोदय पढ़ते हैं तो उनसे गलत भाषण दिलवाया जाता है, यह मैं कहना चाहता हूं।

वर्ष 2006 में जो महंगाई थी, आज उससे हम तुलना करना चाहते हैं कि वर्ष 2006 में विश्व बाजार में कच्चे तेल का जो दाम था, उसके हिसाब से अगर आज जोड़ा जाए तो आज महंगाई उससे दस गुना ज्यादा है। महंगाई से हमारे गरीब किसान त्राहिमाम हैं। उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। पूरे बाजार में अगर देखा जाए तो सबसे ज्यादा क़ीमत दाल की है। इससे गरीबों के खाने-पीने के लिए दाल-रोटी का इंतजाम नहीं हो रहा है।

भूमि अधिग्रहण बिल लाया गया। भूमि अधिग्रहण अध्यादेश भी लाया गया। आज पूरे देश के किसान आंदोलन पर तुले हैं। उतना ही नहीं, दिल्ली में अन्ना हजारे जैसे किसान नेता आज आंदोलन कर रहे हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बिल किसान विरोधी है और इस बिल को वापस होना चाहिए। अगर आज यह बिल वापस नहीं लिया जाता है तो आज किसान आंदोलन पर उतारू हैं। इससे देश में कई घटनाएं भी घटेंगी। मैं समझता हूं कि आज पूरी दुनिया इसे नकार रही है, इसलिए इसे हटाने की जरूरत है।

बिहार में माननीय प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की थी कि उत्तरी बिहार में जो चीनी मिलें बंद पड़ी हैं, उनको मैं चालू कराउंगा, लेकिन राष्ट्रपति के अभिभाषण में इसकी चर्चा तक नहीं है। भागलपुर में माननीय प्रधानमंत्री जी ने वादा किया था कि जो सिल्क की मिलें बंद पड़ी हैं, मैं वहां बड़ी मिल बनवाऊंगा। इसके बारे में भी कोई चर्चा नहीं की गई। ...(व्यवधान)

माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में प्रधानमंत्री सड़क योजना चालू हुई। आज बिहार में लगभग बीस हजार किलोमीटर सड़कें प्रधानमंत्री सड़क योजना में लंबित हैं। इसकी लगातार पिछली सरकार ने भी उपेक्षा की और इस सरकार ने भी उपेक्षा की है। मैं चाहूंगा प्रधानमंत्री सड़क योजना में पैसा दिया जाए, इसके बारे में विचार करने की जरूरत है। ...(व्यवधान) नेशनल हाईवे की जो बिहार में सड़क है, उसे चार साल पहले राज्य सरकार के एक हजार करोड़ रूपए की लागत से बनवाया गया। जब एन.डी.ए. की वहां सरकार थी, तब एन.डी.ए. के तमाम लोगों ने मांग की थी। जो एक हजार करोड़ रूपए राज्य सरकार ने खर्च किए, उसे देने की बात हुई थी, लेकिन उस पर भी अभिभाषण में कोई चर्चा नहीं है।

मैं कहना चाहूंगा कि हर गरीब के लिए शौचालय की व्यवस्था की बात की गई, स्वच्छता की बात की गई।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER: Please do not divert him. Time is very short and the Minister also has to reply.

...(*Interruptions*)

श्री कौशलेन्द्र कुमार: उपाध्यक्ष महोदय, स्वच्छता की बात की गई है। मैं कहना चाहता हूं कि आज इंदिरा आवास योजना में कटौती हो रही है। जहां गरीब है, वहीं गंदगी है। गांव में गरीबों के घर में चले जाइए, वहां न नाली है, न उसके आने-जाने का रास्ता है, वहां पर स्वच्छता नहीं हो सकती है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि स्वच्छता के लिए अलग से पैसा दिया जाए। गांव स्वच्छ होगा, तभी देश स्वच्छ होगा। ...(व्यवधान)

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम कृपाल यादव): जो पैसा दिया है, उसे खर्च नहीं कर रहे हैं।

श्री निशिकान्त दुबे : मंत्री जी कह रहे हैं कि खर्च नहीं कर रहे हैं, यह मंत्री जी का आफिशियल बयान है।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर): महोदय, मैं श्री अनुराग ठाकुर जी द्वारा प्रस्तुत एवं श्री निशिकान्त दुबे जी द्वारा समर्थित महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में अपनी बात रखते हुए कहना चाहती हूँ और सबसे पहले माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहती हूँ स्वच्छ भारत अभियान के लिए, जिसके जरिए उन्होंने पूरे देश के नागरिकों की आत्मा को झकझोरा है और उन्हें अहसास दिलाया है कि देश को स्वच्छ रखना सिर्फ सफाई कर्मचारियों की नहीं, बल्कि हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने किसी भी उपहास या आलोचना की फिक्र किए बगैर स्वयं अपने हाथों में झाड़ू उठाकर एक बाल्मीकि बस्ती से इसकी शुरूआत की। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के पदचिन्हों पर चलते हुए सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन के नायक के रूप में उभरकर माननीय मोदी जी पूरे देश की जनता के सामने आए।

महोदय, कहने को तो वर्ष 1955 में हमारे देश में जाति आधारित भेदभावपूर्ण व्यवस्था का अंत हो गया, लेकिन हकीकत यह है कि यह सोच आज भी हमारे देश में जिन्दा है कि गन्दगी को साफ करना सिर्फ कुछ जाति विशेष के लोगों की जिम्मेदारी है। आज भी हम इस सोच को लेकर ही आगे चलना चाहते हैं। आज हमारे देश के ही एक राज्य के मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले इस सोच की पुष्टि भी की। उन्होंने कहा कि उनके अपने राज्य में जब उन्होंने एक मन्दिर के दर्शन किए तो उनके दर्शन करने के बाद उसके शुद्धिकरण की प्रक्रिया अपनाई गई। कहीं न कहीं ये जो भेदभावपूर्ण सोच की बेड़ियाँ हैं, उनसे हमें आजाद होने की जरूरत है। हम महात्मा गाँधी में आस्था तो रखते हैं, लेकिन उनकी उस सोच से किनारा करते हैं, जब उन्होंने कहा था, that everyone must be his own scavenger. मैं मोदी जी को बधाई देना चाहती हूँ कि वे देश को झकझोर कर एक बार फिर अहसास दिला रहे हैं कि जाति पर आधारित भेदभाव की बेड़ियों से हमें आजाद होना होगा। आज भी हम दलितों में अपनी इस भेदभावपूर्ण सोच से आजाद करने में कहीं न कहीं असफल साबित हो रहे हैं।

जहां तक भूमि अधिग्रहण विधेयक की बात है, मैं कहना चाहती हूं कि जब पिछली सरकार के कार्यकाल में यह कानून बना था, तो सभी दलों की सहमति ली गई थी। आज जब नये रूप में यह विधेयक सामने आया है तो कहीं न कहीं मेरे जेहन में समाज के कमजोर तबके के लोगों के लिए कुछ शंकाएं पैदा होती हैं। मुझे लगता है कि ये देश की अवाम और देश के किसानों की चिंताएं हैं। भूमि अधिग्रहण की जो नयी नीति है उसमें जमीन मालिक का पक्ष कमजोर प्रतीत होता है। कन्सेन्ट क्लाउज बहुत ही अहम् है। यहां मैं चीन का उदाहरण देना चाहूंगी। जब कन्सेन्ट क्लाउज को हटाया गया तो इसका भीषण विरोध हुआ। इस पर सरकार को दोबारा विचार करने की जरूरत है। सोशल इम्पैक्ट असैस्टमेन्ट इसलिए जरूरी है कि क्योंकि जिस जमीन का अधिग्रहण होता है उस पर सिर्फ मालिक, किसान और उसका परिवार ही निर्भर नहीं होते हैं बल्कि बहुत लोग, जैसे बटाईदार और मजदूर, उनके भी परिवार उस पर निर्भर होते हैं। जब भूमि का अधिग्रहण होता है तो उसके बाद जमीन मालिक को मुआवजा मिल जाता है लेकिन जो अन्य लोग और अन्य परिवार उस पर निर्भर होते हैं, उनके बारे में क्या, उनके भविष्य के बारे में सोचने की जरूरत है। इसलिए सोशल इम्पैक्ट असैस्मेन्ट बहुत ही जरूरी है। इसका अध्ययन होना चाहिए।

बहुफसली जमीनों के अधिग्रहण के सम्बन्ध में भी मैं यही कहना चाहूंगी कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। बहुफसली जमीनों का अधिग्रहण करने की बजाय, जो अन-उपजाऊ भूमि है, उसका अधिग्रहण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

साथ ही, परियोजना प्रारंभ न होने की स्थिति में जमीन वापसी के सम्बन्ध में सरकार ने फैसला लिया है, मेरा सरकार से आग्रह है कि सरकार उसके बारे में विचार करे। मैं ऐसा इसलिए कह रही हूं क्योंकि समाज के कमजोर तबके से आने वाले लोगों की जल, जंगल और जमीन पर निर्भरता, देश के सामान्य वर्ग से आने वाले लोगों से कहीं ज्यादा होती है। आज कमजोर तबके के लोग सिर्फ अधिग्रहण के ही कारण नहीं, बल्कि बाढ़, सूखा और देश की औद्योगिक नीति के कारण भी विस्थापित हो रहे हैं। बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं जो विस्थापितों और पलायन करने वालों का राज्य बन चुके हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास के तमाम आयामों और पहलुओं में वंचित तबकों की भागीदारी सुनिश्चित हो और सरकार देश के विकास का जो खाका खींचे, उसमें कमजोर तबका कहीं हाशिये पर न चला जाए।

मैं अपनी सरकार को "नीति आयोग" की स्थापना के लिए बधाई देना चाहूंगी क्योंकि लंबे समय से "प्लानिंग कमीशन" एक सफेद हाथी जैसी संस्था बनी हुई थी। समय-समय पर जिसमें नीति निर्धारण के नाम पर विवाद उत्पन्न होते थे, डिसिजन मेकिंग डिलेज होते थे। कई बार ऐसी कंट्रोवर्सिज पैदा हो जाती थीं, जैसे गरीबी रेखा के संदर्भ में जो परिभाषा प्लानिंग कमीशन द्वारा दी गई थी, इसलिए आज जरूरी है कि सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया जाये। मैं "नीति आयोग" की स्थापना के लिए सरकार को बधाई देती हूं। इसके माध्यम से फिर से एक बार माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपनी एक ऐसी व्यावहारिक सोच का परिचय दिया है जिसके जरिये देश की बहुत समस्याओं को सुलझाया जा सकता है। समय कम है, इसलिए मैं अपनी बात को समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you Mr. Deputy-Speaker, Sir, for giving me this opportunity to take part in the discussion expressing thanks to the hon. President for having delivered his Address to both the Houses of Parliament.

The President's Address to the nation is a policy proclamation of the present Government and it gives the policy directions to the Government also. But it is quite unfortunate to state that His Excellency, the President of India's Address to the Parliament does not indicate any policy directives in respect of public sector undertakings as well as disinvestment policy.

Sir, it is well known to everybody that Pundit Jawaharlal Nehru once described that the public sector undertakings are the temples of modern India. But unfortunately this Government has not spelt the policy in respect of public sector undertakings which were having high economic growth once in our country and it is a basic economic structure in respect of industrial sector in India.

This was a one hour long speech and I tried my level best to get something new. But it is also quite unfortunate to say that there is nothing new in the speech. The programmes, the policies and the schemes which were announced by the hon. President are the same as that of the previous UPA Government except in two cases, namely, Jan Dhan Yojana and NITI Aayog. Almost all the other schemes are same as that of UPA Government but with a changed name. We can say that it is the old wine in new bottle and there is nothing new. Almost all the schemes are the xerox copies of the previous Government.

One paper has described that His Excellency, the President, has tried his level best to give a feel good feeling regarding the nine months administration of the NDA Government at the Centre. But the people of India could not feel any feel good factor except that of *ex tempore* and eloquent speech of the hon. Prime Minister, also the very impressive slogans and also the diplomatic appearance of the hon. Prime Minister. But the nine months of his Government could very well prove that this *ex tempore* and eloquent speeches could deliver nothing and that all these things are only in words but not in action.

I feel that this is the right time to compare the UPA Government with the NDA Government at the Centre and the present Prime Minister and the former Prime Minister. I was a very severe critic of the then Prime Minister Dr. Manmohan Singh particularly in respect of his neo-liberal principles. I would now like to say that the then hon. Prime Minister, Dr. Manmohan Singh and his Cabinet or his Government was far better when compared to this 9 months governance of the present Government. The principle of the last Prime Minister and the last Government was 'less talk, more work'. Here, in this Government it is 'more talk, less work'. That is the basic difference between the UPA Government and the NDA Government.

Sir, coming to the Presidential Address, I will confine myself only to two points. You may kindly give me time to establish my points. The first point is the significance of Parliamentary Democracy. His Excellency, the President's Address ended with paragraph 56 and I would like to quote from it. It says, "Our Parliament is the *sanctum sanctorum* of Democracy. People of India, particularly the poorest of the poor in the remotest areas have reposed unflinching faith in this institution for fulfilment of their hopes and aspirations". I do fully agree with the observation of the hon. President and also this Government. I would like to know from the Government and the hon. Prime Minister whether this Government or the Prime Minister is according any respect to this Parliament. The *sanctum sanctorum* of Democracy is not being respected.

Sir, I would like cite four examples. The first is the Ordinance route. The first Ordinance that was brought was on the land acquisition amendment Ordinance. It was very well discussed in the House. For whom is this Ordinance being promulgated? For whose interest is it being promulgated? The House adjourned *sine die* on 23rd December, 2014 and the Members went back to their constituencies and within a week an Ordinance was promulgated with respect to land acquisition. What was the necessity and urgency of promulgating an Ordinance with respect to land acquisition? Is it meant for the poorest of the poor? I would say that this is acquisition of land for unaided universities, educational institutions and private hospitals. This is the first amendment. Second is the Insurance Laws Amendment Bill. What is the significance of Democracy? The Government could not get through the Bill in Rajya Sabha because of lack of majority. The point is that since they did not have the majority in Rajya Sabha so they decided to issue Ordinances. What is the respect that is being shown to the *sanctum sanctorum* of Democracy? Third, the Civil Liability for Nuclear Damage Act, 2010 – the Parliament is still in darkness about it. What discussions did take place between the Indian Prime Minister and the American President on this? What is the fate of this Bill? The sole liability and responsibility was with the promoter if there was a nuclear damage as per the provisions of the 2010 Act. There is an understanding between the Indian Prime Minister and the American President that the entire responsibility will be with the Government of India. What is the *sanctum sanctorum* of Democracy? I would like to know whether the Parliament is aware of this, whether there is a concurrence and consent of the Parliament. The supreme sovereignty of the Parliament is being taken away and the hon. President is saying that Parliament is the *sanctum sanctorum* of Democracy.

The other point is about the Plachimada Coca Cola Victims Compensation Bill. I had piloted the Bill in the Kerala Legislative Assembly in 2011. The Bill was sent to the hon. President for his assent. The Bill was referred to the Ministry of Home Affairs. You may be aware that the Bill has been sent back by the Home Ministry officials stating that the Bill must be dropped. The provisions of the Bill were against Coca Cola. Sir, whose will is being expressed in the Parliament and Legislatures? My question is whether bureaucracy has the authority to undermine the legislative competence and capacity of a Legislature? So, the Coca Cola Company's interest and will is being prevailed over the poor downtrodden people in this country.

On the Ease of Doing Business, three paragraphs are there. The prime motto of Narendra Modi's Government is to make the business more easier for the corporates and the business houses.

My concluding point is on the Delhi election. Delhi election is not a positive vote in favour of AAP and Shri Arvind Kejriwal alone but it is also a negative note against the anti-people policies of this Government also. This is a warning to you. If you are not reviewing and correcting your policies, the collapse of this Government will be beginning by the Delhi Assembly elections.

With these words, I conclude.

*SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): President's Address is the policy statement of the Government. Nine months have passed since the new Government has come in office.

The most important issue is the price rise that we are facing. The price of petroleum products in the international market has come down. It has come down about 60%. Government has to take a decision to reduce the various taxes in accordance with price decline in the international market. But twice the Government has increased the various taxes and only 20% of the decline of the petroleum product is declared. So, Government has to change the decision by changing the tax structure to assist the poor people.

The agriculture situation in our country is serious in various parts. In Kerala, the price of rubber has declined to such an extent that the farmers are forced to commit suicide. Last year, for one kg. of rubber the price was 250 rupees now, it is 80 to 90. This shows how the rubber farmers can survive.

The Finance Minister had stated in the last budget that fiscal and revenue deficit should be within 4.3 and 3.4. The Government has failed to achieve this goal. There was a well planned PDS system in the State of Kerala and in some other parts. They can intervene in the market and control the prices but a new Government has taken the decision to abolish the PDS system. It will also adversely affect the poor people.

The traditional Industries are labour intensive and the backbone of the villages. Modernization and diversification are yet to take place. Otherwise we will be losing the beauty of our indigenous technology and tradition of our country. The problems faced by the workers in the traditional sector, especially coir, handloom, bamboo, fisheries, cashew industry and plantation are not attended with sincerity. Under the guise of SEZs, our sea shores are becoming pastures of the corporates while the soil are being driven out of their native places for ever. Ecological protection should also be people-friendly. While we speak about the preservation of water resources, we should also give due importance to Inland Waterways.

Increasing attacks against women and children is a matter of grave concern and it has become a " National Shame". Even our judiciary is under staffed. Decentralization has yet to come in judiciary and electoral reforms has become over due. The danger caused by the ever increasing black money and its parking aboard under secret accounts have become a threat to the real Indian Economy, thus causing the everyday life difficult for the common Indian. A parallel economy of black money is swallowing the real economy. Thus, I reserve my comments on the address of the President of India.

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Mr. Chairman, Sir, I rise to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. My Party, the Sikkim Democratic Front led by the hon. Chief Minister of Sikkim Shri Pawan Chamling, who is in his fifth term, supports the President's Address. Since today is the day in which the hon. Railway Minister outlined four goals, five paradigms and 11 thrust areas, I would also make five points and I would take one minute each for all these five points.

The first relates to crimes against the people of the Northeast. I must state that there is a huge amount of improvement on this issue and I thank the Government for this. I specially thank the Home Ministry for taking adequate action and after seeing the Bez Barua Committee Report, the important steps that were needed to be taken have indeed been taken. I think we will see much more reconciliation on this. Nevertheless, I would like to keep the pressure on the Government on this particular issue through this particular statement on the floor of the House today.

Sir, we know about the Act East Policy. The Look East Policy has now been transformed into the Act East Policy. In this connection I would like to make two sub points. The first is the food processing that the North Eastern Region needs in great measure. Food processing, which includes fruit processing, is something that needs a huge amount of investment and we would request the Government to take cognizance of this so that all the organic food and fruits from the North Eastern Region can be enjoyed by the rest of the country.

18.00 hrs

The second part is regarding tourism. I would like to make a mention that due to the Government action in opening up and putting up visa requirements online and seeing that visa can be taken online, the amount of tourists that have started coming into the country has actually jumped manifold. I believe it is more than 2000 per cent. This shows that if you take some of the systemic measures, especially in the tourism industry, you will see some really good results.

The third item I would like to mention is digital India.

HON. CHAIRPERSON: Rai *sahib*, one minute. Hon. Members, I have a list of 10 speakers to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. If the House agrees, the time for the discussion may be extended by one hour.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

HON. CHAIRPERSON: Thank you. Shri Rai, kindly continue.

SHRI PREM DAS RAI: Sir, I was stating that in the Act East and Look East policies, digital India would play a very important role. But yesterday when the Minister was answering the questions relating to the optical fiber networks that are being laid, and I was looking at the chart that had been given, in none of the States of the Northeast even a single tender has been floated. I think, except in Tripura, not a single tender has been floated. So there is a lot of tardiness and I do not know if this is the case then how the GST rollout will also happen.

The third point I would like to mention is regarding the Himalayan States and providing valuable ecosystem services. I think there is a need to understand that as per the B.K. Chaturvedi Report, the annual transfer was slated to be in the region of two per cent of the Gross Budgetary Support. I would like to highlight this particular point out here so that we, the Himalayan States can get much more adequate compensation for the amount of services and, to that extent, the ecosystem services that the mountains and the Himalayas provide to the nation and this needs to be recognized.

I would also like to make a mention about smart cities in the mountains. More and more smart cities should be made in the mountains because mountain cities cannot be made into another Mussoorie or another Nainital or another Shillong. It really needs to be something much different and in this regard I would like to state that the cities like Gangtok can be made in that manner.

I would also like to talk about combating drug abuse. Especially in our country, as has already been mentioned by the previous speaker, there is a huge problem of drug abuse. For that, the first thing that we need to do is to start the surveys and to understand what the ground realities are. We do not seem to have the numbers with validation. To that extent, I think this is important that we need to start this particular process. I would request the Government for the same.

Finally, on the question of Swachh Bharat, as my colleague had mentioned earlier about Swachh Bharat, it is such an important programme. But, I think, most importantly, we have to have *swachh* in our hearts. With that, I will conclude. Thank you very much.

SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY (CHEVELLA): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity. It was a truly inspiring speech; we heard the President speaking regarding the various achievements, plans and schemes of the Government. We are indeed proud but we want to continue to be proud.

People elected us for a change and they have great expectations. All the schemes mentioned in the President's speech are truly the need of the hour and can transform India. If the Government implements all the schemes, the Jan Dhan Yojana, Swachh Bharat, Make in India, Skill India etc., the Government has a whole-hearted support. If the Government succeeds, we succeed. However, Sir, there are three concerns.

Firstly, there are conflicts and contradictions between the schemes and the policies. Instead of the schemes complementing each other, there are various instances where they conflict with each other.

Secondly, they are focusing on some loftier goals, instead of immediately reaching the low-hanging fruits.

Thirdly, showcasing some isolated islands of excellence and achievements, without connecting the dots, completing the picture and without bringing the benefits of these achievements to society.

On the Swachh Bharat Abhiyan, as we all talked about, there is a subsidy for village solid and liquid waste management for common septic tank upto Rs. 15 lakh. There is also a subsidy of Rs. 10,000 for common toilets. But these are not connected. They cannot be connected. This subsidy of Rs. 10,000 will be paid to the individual household toilets only if they have their own septic tanks. So, there is a big conflict within the schemes.

The Government has initiated the Swachh Bharat Abhiyan and the Clean Energy Programme. But it has not focussed to convert waste plastic to oil conversion machine. There is no subsidy for this. Incidentally, this machine is also made in India. All these programmes are running independently. They are not complementing each other.

Sir, we put satellites in space – GSLV Mark III, Manglayaan, etc. We all seem to be very proud of it. But we are not able to get the remote sensing data, analyse it and give it to our fisherman so that our fisherman know where the fish are. The Thies and the Japanese are exploiting our Bay of Bengal better than we do.

Sir, can we hold our head high and say that the clear stream of satellite imagery data has not lost its way into the dreary jungles of files and scientific journals instead of reaching our fishermen and farmers who are the real intended beneficiaries? What is the point in having satellites and publishing scientific journals? It should reach our farmers and our fishermen. Today morning I spoke to one of my friends in Thoothukudi. He said, 'fishermen do not even know that such technology exist. That exists but it is not reaching them.'

We plan to have 30 metre telescope but we do not have sufficient doppler radars to predict the cyclones accurately.

It is said that the methane produced by 150 million cattle is sufficient to drive all the cars, buses and other vehicles in India. But we subsidise LPG much which is polluting much more than our biogas plants in our country. The subsidy for biogas plants is meagre and the subsidy for LPG is huge. There is something wrong here. They are not matching.

We have put a lander on Mars but we have not been able to develop a multi feedstock biogas generator. These are the low hanging fruits the Government has not recognised. I would like to give one more example. We have this post-harvest burning which is causing pollution. There is a machine made in India. It is called a Biomass Gasifier. It produces electricity out of biogas. We are not promoting it. The Government does not recognise it and promote it.

Our most important concern is the Skill India Mission. Earlier programmes focussed on education and we ended up with educated unemployed. I am afraid that we are going to have skilled and yet unemployed youths because the way this Skill India Mission is going. We missed a great opportunity in appropriately amending the Apprentices Bill because India is one of the few countries which entered the industrial age without appropriate Apprentices Bill.

Jobs can be created by industries and industries need design, innovation and quality. None of these can be taught in colleges or in our Skill Development Programme. They can only be taught in our apprenticeship system. In this way we missed a great opportunity.

Lastly, many of these programmes are already being done in various States including the programmes introduced by our Chief Minister of Telangana Shri K. Chandrashekar Rao. Some of them are the Mission Kakatiya, Drinking Water Grid, Palamoor lift irrigation, KG to PG, Kalyana Lakshmi.

We request the hon. Prime Minister and the Central Government to help and support all these. Once again, I thank you and I wish the Government well because if the Government succeed we all succeed. Thank you.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR (HAMIRPUR): Hon. Chairperson, Sir, I would like to say that today is the birthday of the hon. Member who has just finished his speech, and we must wish him.

HON. CHAIRPERSON: That is why, I have allowed him two more minutes.

Now, Shri Hukumdeo Narayan Yadav.

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी) : सभापति महोदय, सदन में महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, मैं उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। भाषण के अलावा मैं वैसे भी भारत के राष्ट्रपति जी को हृदय से इसलिए भी धन्यवाद देता हूं कि वह भारत के एक गांव से चले थे, स्वतंत्रता आंदोलन के एक परिवार से निकले थे, गांवों को देखते देखते लम्बे अनुभव के बाद भारत के राष्ट्रपति भवन तक पहुंचे हैं। उन्होंने देश को देखा है, समाज को देखा है। इसलिए इस भाषण में भी उनके इस चिंतन और अनुभव के प्रभाव जरूर हैं। मेरे जैसे अनेकों राजनीतिक कार्यकर्ताओं को राष्ट्रपति जी ने व्यक्तिगत रूप से राजनीतिक जीवन में प्रोत्साहन दिया। वह आज के राजनेताओं में संभव नहीं है। मैं इस भाषण को प्रारम्भ करने से पहले कहना चाहूंगा कि कांग्रेस पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन जी जब भाषण दे रहे थे, उन्होंने अपने भाषण में भारत में जाति प्रथा का जिक्र करते हुए कहा कि आज भी गांवों में जो पिछड़े, दलित या वनवासी समाज के लोग हैं, उनके साथ सामाजिक भेदभाव होता है, यह उनकी पीड़ा है। उनको प्रताड़ित किया जाता है, वे लोग उपेक्षित हैं। हमारे कुछ साथियों को यह बात अच्छी नहीं लग रही थी, वे उपहास कर रहे थे। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि हमारे बिहार में यह कहावत है कि "जाके फटे न पैर बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई।" जिसने गरीबी, दुख, उपेक्षा और अपमान को नहीं देखा है, वह किसी की पीड़ा को क्या समझ पाएगा? मैं भी उसका भुक्तभोगी हूं। मैंने 1960 में ग्राम पंचायत का चुनाव लड़ा था। अब 1960 से लेकर आज तक 54 वर्ष तक हिन्दुस्तान की राजनीति में मैं चुनाव लड़ता रहा। ग्राम पंचायत से यात्रा प्रारंभ करते हुए, विधान सभा होते हुए, लोक सभा, राज्य सभा से होते हुए भारत सरकार के मंत्रिमंडल तक गया लेकिन आज भी कहीं न कहीं मेरे अंदर वह पीड़ा जरूर रहती है जो मैंने अपने बचपन और जवानी में भोगी थी। उस पीड़ा को मैं कभी नहीं भूल सकता और यही लोक सभा के चुनाव में भी था। क्या कारण था कि एक चाय बेचने वाला, गरीब मजदूर का बेटा, पिछड़े वर्ग में जिसने जन्म लिया, वह भारत के प्रधान मंत्री पद का चुनाव लड़ रहा था, तो उस समय ऐसे बहुत नेता थे जो यह कहते थे कि क्या प्रधान मंत्री का चुनाव लड़ते हो? मेरे ऑफिस के सामने चले आओ, मेरे घर के सामने आ जाओ, चाय की दुकान खुलवा देते हैं। क्या ये सब बातें यह नहीं बताती हैं कि हिन्दुस्तान के अंदर जाति प्रथा का रोग कहां तक व्याप्त है कि अगर हिन्दुस्तान के किसी गरीब, पिछड़े या दलित का बेटा भारत के प्रधान मंत्री बनने का सपना देखता है और आगे बढ़ता है तो उसकी उपेक्षा की जाएगी, उसका उपहास बनाया जाएगा, उसके प्रति व्यंगात्मक शब्द कहे जाएंगे? यही भारत की जाति प्रथा के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि भारत में जाति प्रथा थी, अब भी है और जाति प्रथा तब तक रहेगी जब तक कि हिन्दुस्तान के करोड़ों गरीब, पिछड़े, दलित, निर्धन, निर्बल उपेक्षित, प्रताड़ित और पीड़ित रहेंगे। माननीय प्रधान मंत्री जी ने उन लोगों को उस पीड़ा, प्रताड़ना से निकालने के लिए जो कदम उठाया है, इसलिए भारत के प्रधान मंत्री जी को भी मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं क्योंकि उन्होंने उस गरीबी, उस पीड़ा और उस प्रताड़ना को भोगा है। इसलिए वह चाहते हैं कि देश के गरीब, निर्धन और निर्बल को वह प्रताड़ना न भोगनी पड़े। इसलिए उस तरह की योजनाएं बनती हैं जिससे समाज के गरीबों का उद्धार होगा। आज भी समाज के जो बड़े लोग हैं, ऊपर वाले लोग हैं, निहित स्वार्थी लोग हैं, संपन्न लोग हैं, जब वे गरीब, पिछड़े और दलित को ऊपर उठने की बात देखते हैं, उनको ऊपर सम्मान के पद पर देखते हैं तो कहीं न कहीं उनके मन में यह पीड़ा जरूर होती है कि कहां से यह ऊपर उठकर आ रहा है? इसलिए उन योजनाओं का विरोध भी करते हैं और उस व्यक्ति का विरोध भी करते हैं। इसलिए मैं प्रार्थना करना चाहूंगा कि जब तक समाज में ये जातीय बंधन हैं, तब तक समाज पीड़ित रहेगा। नरेन्द्र मोदी जी के मंत्रिमंडल से तैयार महामहिम राष्ट्रपति जी ने जो भाषण दिया है, उसमें उन्होंने जाति को तोड़ने के लिए, गरीबी-अमीरी के भेदभाव को मिटाने के लिए, शहर और देहात के भेदभाव को मिटाने के लिए, कृषि और उद्योग के भेद को मिटाने के लिए, किसान और उद्योगपति के भेद को मिटाने के लिए समरस समाज और डॉ लोहिया के समता समाज की स्थापना के लिए जो कदम उठाने के लिए जिन कार्यक्रमों की घोषणा की है, उसके लिए वे अभिनंदन के पात्र हैं।

वे अभिनंदन के पात्र हैं। हिंदुस्तान का गांव, गरीब, किसान, मजदूर सब आभारी हैं। मैं इस संसद में खड़ा होकर अपने इस छोटे समय में केवल यही कहूंगा कि गांव, गरीब, मजदूर, किसान मिलकर बनायेगा हिंदुस्तान और उनके लिए श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो कार्यक्रम चलाया है, वह नरेन्द्र मोदी जी का आभारी रहेगा, ऋणी रहेगा। आने वाली पीढ़ी, गांव, गरीब, किसान, मजदूर नरेन्द्र मोदी जी के प्रति जय-जयकार करता रहेगा, उनके प्रति सदा आभारी रहेगा। धन्यवाद।

* **श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह)** ः मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूं। राष्ट्रपति जी का अभिभाषण अत्यंत ही सराहनीय था। उन्होंने लगभग देश के सभी क्षेत्रों, चाहे कृषि हो, विज्ञान हो, चिकित्सा हो या रोज़गार हो, अपने अभिभाषण में सभी बिन्दुओं पर प्रकाश डाला है। उन्होंने "सबका साथ-सबका विकास" का जिक्र कर वर्तमान सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान से लेकर शहरों को "स्मार्ट सिटी" बनाने जैसे संकल्पों से मा. प्रधानमंत्री जी का दृढ़ संकल्प है।

उन्होंने कहा कि भावी सरकार ने निर्धनता उन्मूलन के लिए वित्तीय समावेशन करते हुए सभी लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी "प्रधानमंत्री जन-धन योजना-- शुरू की है जिसमें बैंक खाते के साथ 'रूपे डेबिट कार्ड' एवं दुर्घटना बीमा की सुविधा प्रदान की गई है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण कार्यक्रम (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रोग्राम) के अंतर्गत एल.पी.जी. अनुदान इत्यादि को 1 जनवरी, 2015 से आरंभ कर दिया गया है।

हमारी सरकार के लिए स्वच्छता आस्था का विषय है। स्वच्छता का प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर गरीबों के समग्र जीवन स्तर और स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अक्तूबर, 2019 तक स्वच्छ एवं खुले में शौच से मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया गया है। सरकार ने 'स्वच्छ विद्यालय' कार्यक्रम शुरू किया है और यह 15 अगस्त, 2015 से पहले हर स्कूल में एक शौचालय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छता का राष्ट्रीय विकास पर प्रभाव पड़ेगा और अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग किया जा सकेगा।

हमारी सरकार ने निम्नलिखित योजनाएं तैयार कर ली हैं और उनमें से बहुत सारी आरंभ हो चुकी हैं। जिनका लाभ भविष्य में दिखायी देगा जैसे-"हुनरमंद भारत"", ""दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना"", ""दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना"", ""सांसद आदर्श ग्राम योजना मिशन"", ""हाउसिंग फॉर ऑल"" के अंतर्गत 2022 तक सभी परिवारों, विशेष रूप से अत्यधिक गरीब परिवारों को आवास। प्रत्येक गाँव की सिंचाई आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से निरंतर पूरा करने के लिए ""प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना"" प्रारंभ की जा रही है। देशी पशु प्रजातियों के संरक्षण और विकास के उद्देश्य से ""राष्ट्रीय गोकुल मिशन"",""वन बंधु कल्याण योजना,""नानाजी देशमुख योजना"", शिक्षा सुधार हेतु ""पढ़े भारत-बढ़े भारत"", शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने एवं उनके सशक्तीकरण हेतु ""पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षण एवं शिक्षक प्रशिक्षण राष्ट्रीय मिशन"" की शुरूआत की गई है। छात्रों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने हेतु ""राष्ट्रीय आविष्कार अभियान"" की शुरूआत की गई है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देते हुए ""ईशान विकास"" तथा ""ईशान उदय"" नामक योजना, 8-12 वर्ष की उम्र के बच्चों में तखेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए ""राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज"" योजना, परिहार्य शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए ""भारत नवजात शिशु कार्य योजना"" की शुरूआत तथा चार नई वैक्सीन का अनुमोदन किया गया। सार्वभौमिक ईम्यूनाइजेशन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ""मिशन इन्द्रधनुष"" की शुरूआत की गयी है, शिक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने तथा उत्तम गुणवत्ता की आयुष दवाओं को उपलब्ध कराने के लिए ""राष्ट्रीय आयुष मिशन"" की शुरूआत की गई है। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ""हिम्मत"" नामक मोबाइल ऐप शुरू किया गया है। बेटियों के जीवन, सुरक्षा एवं शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार ने ""बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं"" अभियान की शुरूआत की है। बेटियों की शिक्षा को प्रभावी बनाने हेतु ""सुकन्या समृद्धि खाता"" नामक एक लघु बचत योजना अधिसूचित की गई है।

बाल अपराध से जुड़े कानून में सुधार हेतु बाल अपराध अधिनियम में संशोधन के उद्देश्य से एक बिल संसद में प्रस्तुत किया जा चुका है। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों में प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करने हेतु ""प्रशिक्षु प्रोत्साहन योजना, अलग-अलग रिटर्न फाइल के बजाय एक ही ऑनलाइन रिटर्न फाइल के लिए ""श्रम सुविधा पोर्टल"" शुरू किया गया है। ये तमाम योजनाएं हैं जो भारत के भविष्य को उज्जवल कर एक नवीन स्वच्छ भारत का निर्माण करेंगी।

माल एवं सेवा कर को लाने के लिए एक संविधान(संशोधन) विधेयक लाया गया है जो अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाएगा, कर आधार को व्यापक बनाएगा जिससे कर नियमों का बेहतर अनुपालन होगा। वर्तमान सरकार ने व्यवसाय करने को आसान बनाने के लिए अनेक पहल की हैं तथा ""मेक इन इंडिया"" कार्यक्रम शुरू किया है।

गंगा नदी का हमारे देश की सामूहिक चेतना में एक विशेष स्थान है। ""नमामि गंगे"" एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन 2000 करोड़ रूपए से अधिक के बजटीय आबंटन के साथ प्रारंभ किया गया है। ये सभी योजनाएं भारत के भविष्य को उज्जवल करके एक नवीन एवं स्वच्छ भारत का निर्माण करेंगी।

SHRI VARAPRASAD RAO VELAGAPALLI (TIRUPATI): Mr. Chairman, Sir, I feel it is an honour to speak on the Address of His Excellency, the President of India, to Parliament. I thank the Chair and my leaders – Mr. Jaganmohan Reddy and my floor leader Mr. Rajamohan Reddygaru – for giving me this opportunity.

Our party, YSR party, has taken a stand to maintain equidistance between the Ruling party and the Opposition. Whenever there is a good scheme, undoubtedly, our party will be supporting the Government. We will definitely give credit to the Government whenever and wherever there is some good scheme and good work.

Therefore, we would like to put on record our appreciation for the schemes touching cleanliness, effective governance, Make in India, which ultimately creates adequate employment, Financial Inclusion, Jan Dhan Yojana, Skill Development, Girl's Education, NITI Aayog, Space Programmes and in maintaining rapport with other countries in the comity of nations.

However there are certain shortcomings, which we thought that the hon. President in his Address would have covered. Where the shortcomings, according to us, are? While all of us are very proud of our civilization and heritage, the same civilization and heritage have given us certain shortcomings, it has also delivered us certain social evils. It is because the social gap between different people in the country is too wide.

Just to narrate a few incidences here, 30 per cent of our population is oppressed and depressed; the other 50 per cent of the people are highly backward; and only 20 per cent people are enjoying the fruits of 80 per cent of the development. But unfortunately, this Address has not covered any part of it as to how to address these issues. It could be done by providing these people either asset creation schemes or income generation schemes, which have not at all been touched. But we hope, at least, in the coming Budget, this major issue would be addressed.

Similarly, our legal system is very inadequate. But it has also not been touched in the President's Address. As much as 70 to 80 per cent of the under-trials, prisoners and those who are waiting for their death hail from only the weaker sections and minorities, which clearly proves that

there are some loopholes in the legal help system. Therefore, if we want to have a proper democracy, it is essential that everybody in the country, in every form, will enjoy social democracy and financial democracy. It is not merely the Parliamentary democracy, which gives happiness; certainly not. It is also social democracy, which we need. We also need financial democracy. Therefore, we would earnestly request the Government to take care of all these issues while forming the policies in the future.

The third point, which I would like to mention here, is that we have to learn from the European system in one aspect. In the 18th and 19th Century, with the whole idea of developing the industry, we have totally ignored agriculture. As a result, all of us know that in the twentieth century, some of the countries in Europe have to give incentives.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI VARAPRASAD RAO VELAGAPALLI :I hope that the Chair will give me some more time.

HON. CHAIRPERSON: Five minutes time is given to each Member.

SHRI VARAPRASAD RAO VELAGAPALLI : I am so sorry. The point is that unless we give adequate importance to agriculture, what price the European countries are paying now, we have to pay in future. They have to give incentives to develop cultivation. Therefore, we do not want that means. We have to give adequate importance to this.

Again with the consent of the farmers, the Government should re-look at the proposed Land Acquisition Bill any number of times and try to modify it.

The next point is that all of us know that 50 per cent of the population is women. In the whole of 10-20 pages of his speech, barring girls' education and correcting the sex ratio, nothing has been discussed about the security of women. Everyday in and out there is incident of rape, molestation and sexual harassment and that has not at all been discussed. It is very unfortunate.

The Government is repeatedly touting about black money. Not a single point has been mentioned about how to control black money. Therefore, on these points where the Government is repeatedly taking pride, I would request that at least in future policies, these issues and shortcomings may be addressed. Thank you very much.

***श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी)** ः मैं श्री अनुराग ठाकुर द्वारा माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। जैसा कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कोट करते हुए कहा है वह सच ही नहीं प्रमाणिक भी है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत समृद्ध आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत है। यह वह ताकत है जिसने बहुत विषम परिस्थितियों में भी भारत की रक्षा की है। उसके वाहक इस देश के लोग हैं और यह तथ्य है कि वह संख्या 125 करोड़ है, जिसमें बड़ी संख्या युवाओं की है। यह दुनिया में किसी देश से ज्यादा है, हम कह सकते हैं कि आज हिन्दुस्तान ऊर्जा व उत्साह का देश है। पूर्व की सरकार इस ताकत को समस्या मानती थी जबकि हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने इस बेशकीमती जनशक्ति का सदुपयोग करके देश को स्वच्छ, सुरक्षित, स्वस्थ, शिक्षित व सुखी बनाने के प्रयास शुरू किये हैं, जिसमें लगातार सफलता भी प्राप्त हो रही है।

अभी 2014 के लोक सभा चुनाव से पहले पूरे देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, महंगाई, आतंकवाद, देश की सीमाओं के असुरक्षित होने व सरकार के नाकाम होने के कारण पूरे देश में हताशा तथा निराशा का माहौल था। ऐसे में इस देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में भारी जनादेश दिया और भारतीय जनता पार्टी ने जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करते हुए देश के समर्थ, योग्य, कार्य करने की योग्यता एवं क्षमता वाले श्री नरेन्द्र मोदी को इस देश का प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी जैसे विचारकों व स्वामी विवेकानन्द जैसे महापुरूष से प्रेरणा लेकर मात्र नौ महीने के शासन में ही देश में सुशासन स्थापित करके अनेकों योजनाएं लागू करके पड़ोसियों से अच्छे संबंध बनाकर देश की सीमायें अभेद्य करके और लोगों में उत्साह व ऊर्जा का संचार किया है। कल तक जिस देश का सम्मान दुनिया में घट रहा था, लोग हताश व निराश थे आज वही देश उत्साह से भरा इस दुनिया का एक सम्मानित देश है।

पं. दीनदयाल जी के सूत्र वाक्य हर व्यक्ति की न्यूनतम जरूरतें पूरी हो व अटल जी के सूत्र वाक्य कि गरीबी के अनेक दुष्प्रभाव हैं, से प्रेरणा लेकर माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सबको शिक्षा, चिकित्सा व अच्छा रोज़गार उपलब्ध कराने, बिजली,पानी, सड़क, संचार व आवास की सुविधायें उपलब्ध कराने, कानून व्यवस्था ठीक रखने, लोगों को सम्मानित जीवन जीने, महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेकों योजनायें बनाई हैं तथा जो हमारी धरोहर है, हमारे प्राकृतिक संसाधन हैं जैसे- नदियां, जंगल, जमीन, खानें(माइन्स) उनका भी सदुपयोग देश के लिए हो, विभिन्न पेंशन योजनायें, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आर्थिक प्रगति हेतु भी यह सरकार सफलतापूर्वक कार्य कर रही है।

इस सरकार ने जन-धन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, पढ़े भारत-बढ़े भारत, सांसद आदर्श ग्राम योजना, शौचालयों के निर्माण, हुनरमंद भारत, पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना, मनरेगा में सुधार, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय गोकुल मिशन व अल्पसंख्यक समुदाय के परम्परागत कौशल विकास हेतु ""उस्ताद"" योजना, जनजातियों के लिए वन बंधु कल्याण योजना, अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए नानाजी देशमुख योजना ऐसी कई योजनायें शुरू करके देश में शिक्षा के स्तर को उठाने, स्वास्थ्य सुविधायें बढ़ाने, लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने हेतु बुनियादी ढांचा बनाने, लोगों की आमदनी बढ़ाने, रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने, आर्थिक स्थिति को मजबूत करने हेतु लोगों में कर्त्तव्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास व सम्मान का भाव पैदा करने के लिए काम किया है।

हमारे अनेक मंत्रालयों जैसे कोयला मंत्रालय ने ऐसी योजना बनाई है कि देश में उपलब्ध संसाधनों का लाभ देश के लोगों को मिले उस प्रदेश को मिले। वहीं पेट्रोलियम मंत्रालय ने कीर्तिमान बनाया है। एल.पी.जी. उपभोक्ताओं को डायरेक्ट सब्सिडी ट्रांसफर स्कीम द्वारा 15 करोड़ उपभोक्ताओं में से 11 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ ही नहीं दिया है वरन् भ्रष्टाचार को भी रोका है। रेल मंत्रालय ने जहां स्वच्छता, समय पर रेल, सुरक्षा, महिला सुरक्षा और अनेक सुविधायें उपलब्ध करायी हैं। वहीं महिलाओं की सुरक्षा, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि खाता आदि योजनायें महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय ने महिलाओं व बालिकाओं के लिए अनेकों सफल योजनायें बनाई है।

वहीं किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने, भूमिकों को उनके पसीने की कीमत तथा स्वास्थ्य हेतु राष्ट्रीय आयुष मिशन, कपड़ा के व्यवसाय को बढ़ाने, लघु व मध्यम उद्योग स्थापित करने, कृषि उपज पर आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने, गांवों में शहरों के समान सुविधायें उपलब्ध कराने व शहरों को स्मार्ट सिटी में बदले जैसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किये हैं।

राष्ट्रीय मार्गों के निर्माण के साथ-साथ तटीय क्षेत्रों के विकास के लिए सागरमाला योजनायें, जल मार्गों से परिवहन हेतु जल मार्गों के विकास के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में भी बड़ी सफलतायें प्राप्त की हैं।

मेक इन इंडिया योजना के माध्यम से व्यवसाय को सरल बनाने, न्यायिक व लोकतांत्रिक प्रणाली को पारदर्शी बनाया है। वहीं आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद व प्राकृतिक आपदाओं को रोकने में भी सफल हुयी है, निरंतर योजनाओं पर काम करके आगे भी सरकार निपट सके ऐसी क्षमता भी विकसित कर रहे हैं।

नीति आयोग बनाकर जहां भारतीय संघ की सरकार ने सभी प्रदेशों के साथ मिलकर टीम इंडिया के माध्यम से देश के विकास की योजना बनायी है, वहीं प्रदेश सरकारों की बहुत पुरानी मांग को भी मानकर टैक्स शेयर 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करके पूरा किया है। किसानों व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भूमि सुधार अधिनियम ला रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने व स्रोत प्रतिभाओं की खोज का काम भी सरकार कर रही है।

हमारी जी.डी.पी. 7.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रही है, महंगाई नियंत्रण में है, आवश्यक वस्तुएं बाज़ार मे उचित मूल्य पर उपलब्ध है । वही आर्थिक व्यवस्था भी मजबूत हो रही है तथा पर्याप्त विदेशी मुद्रा भण्डार भी है।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ -साथ दुनिया के अनेक देशों को अपना मित्र बनाया है। इसके कारण पूरी दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है, प्रमाण स्वरूप हम कह सकते हैं कि योग दिवस 21 जून के प्रस्ताव को मात्र 75 दिनों में 193 में से 177 देशों का समर्थन मिलना भारत की दुनिया में बढ़ती विश्वसनीयता व सम्मान को प्रदर्शित करता है।

हमार प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सक्षमता व पारदर्शिता से काम किया है। जिसके कारण देश के लोगों और बाहर रहने वाले भारतीयों का भी विश्वास इस सरकार पर बढ़ा है।

यही हमारी सरकार व हमारी पार्टी की विचारधारा है, बिना किसी भेदभाव के सबको शिक्षा, सबको चिकित्सा, सबको रोज़गार, देश में शान्ति, सुरक्षित सीमायें, दुनिया में देश का सम्मान और सुखी भारत और सरकार यह लक्ष्य प्राप्त करने की तरफ आगे बढ़ रही है। धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मेरा विपक्ष से अनुरोध है कि सरकार को काम करने दें, आलोचना के साथ अच्छे कामों की तारीफ करे, अच्छे दिन बने रहेंगे।

डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चंदौली) ः मैं संसद के वर्तमान सत्र 2015 के दौरान भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा संसद के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए अभिभाषण का स्वागत एवं अनुमोदन करते हुए गौरव का अनुभव कर रहा हूं, क्योंकि भारत की जनता ने जिन अपेक्षाओं को लेकर देश के ऋणि तुल्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथ में देश के शासन की बागडोर सौंपी वे सभी अपेक्षाएं महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण में प्रतिध्वनित हो रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार भारत को एक गौरवशाली राष्ट्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

माननीय महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में श्री नरेन्द्र मोदी जी के पथ-प्रदर्शक एवं प्रेरणा पुंज जिन महापुरूषों का उल्लेख किया है, उनके बताए रास्ते पर चलकर हमारे प्रधानमंत्री जी का सपना एक ऐसे भारत के निर्माण पर केन्द्रित है जो पूरे विश्व के लिए एक मिसाल बन सके। देश से गरीबी का समूल निर्मलन करने हेतु सरकार का संकल्प महामहिम के अभिभाषण में स्पष्ट है जिसमें उन्होंने कहा है कि विकास को वास्तविक तभी माना जाएगा जब समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की कम से कम न्यूनतम जरूरतें पूरी हो रही हों। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानव के पावन विकास पर बल दिया तथा सरकार की कई योजनाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से नांव किए जाने की घोषणा अपने अभिभाषण में की।

महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में गरीब का विकास, जनशक्ति का सदुपयोग, स्वच्छ भारत मिशन, गरीबों के लिए आवास, बेटियों की प्रगति और महिलाओं की सुरक्षा को शामिल करके देश के आम जनमानस में एक नए विश्वास का संचार किया है।

देश में हाल के अनुमानों के मुताबिक हमारी जी.डी.पी. 7.4 फीसदी की दर से वृद्धि कर रही है जिसने भारत को पूरी दुनिया में तेजी से विकास करने वाली एक बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। सरकार की तरफ से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने के परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति विशेष तौर पर खाद्य मुद्रास्फीति में रिकॉर्ड कमी दर्ज की गई है। इसके साथ ही, देश का पूंजी बाजार भी ऊँचाई के स्तर पर है और हमारे विदेशी मुद्रा भण्डार में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। देश में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किए जा रहे हैं कि लोक कल्याण में लिए गए अच्छे निर्णयों के संरक्षण प्रदान किया जाए ताकि प्रशासन तंत्र में विश्वास को बढ़ाया जा सके।

सरकार का सूत्र वाक्य ""अधिकतम सुशासन-न्यूनतम शासन"" के आधार पर सरकार अधिकारिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण और प्रौद्योगिकी के माध्यम से निर्णय लेने के स्तरों में कमी करने का प्रयास कर रही है।

निष्कर्षतः महामहिम जी के अभिभाषण का मुख्य स्वर जनता जनार्दन के कल्याण को केन्द्र में रखकर सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों का लाभ तेजी से उन तक पहुँचाने का प्रयास करके उनके जीवन को सुगम बनाना है।

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर संसद में प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। हमारी सरकार भारतीय सभ्यता के मूल मंत्र सर्वजन हिताय के लिए सबका साथ ले कर सबका विकास करना चाहती है ताकि इस भारत को श्रेष्ठ भारत बनाया जा सके। नौ माह की सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं पूरी तरह से राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में प्रस्तुत की हैं। हमारे कांग्रेस के मित्र ज्योतिरादित्य जी यहां पर कह रहे थे कि जनता ने पीछे देखने के लिए नहीं, आगे देखने के लिए आपको भेजा है। उन्होंने बिल्कुल सही कहा है। लेकिन जब महल बनाना हो तो नींव की तरफ तो देखना ही पड़ेगा। आज देश में महल बनाने की जरूरत है। नींव बहुत कमज़ोर है। उसको देखे बगैर महल की कल्पना करना ठीक नहीं होगा। हमारी सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं तय की हैं। सबसे पहले दुनिया में आज भारत का सम्मान बढ़ाया है। इसके पहले हमारे देश का सम्मान आज की तुलना में बहुत कम था। प्रधान मंत्री जी ने पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाया और आज हर भारतवासी को अत्यंत गर्व का अनुभव हो रहा है। पड़ोसी देशों के साथ भी हमारे रिश्ते ठीक हुए हैं। पूरी दुनिया में हमारी पहचान एक स्कैम कंट्री के रूप में थी, लेकिन आज हमारी पहचान स्किल्ड देश के रूप में मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया के माध्यम से होने जा रही है। आज हमारी सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं जो तय की हैं, जो काम शुरू किए हैं, उनमें सबसे पहले गरीब के विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वच्छता से ले कर स्मार्ट शहर बनाना, गरीबी उन्मूलन से ले कर संपत्ति सृजन करना, कौशल विकास से ले कर अंतरिक्ष पर विजय प्राप्त करना, आबादी का फायदा लेने से ले कर राजनयिक पहल करना, व्यवसाय को आसान बनाने से ले कर नीतिगत ढांचा तैयार करना, लोगों को सशक्त बनाने से ले कर उत्तम बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना, वित्तीय अनिमितताओं को दूर करने से ले कर देश को विनिर्माण का केंद्र बनाना, मुद्रास्फीति को रोकने से कर, अर्थव्यवस्था को उन्नत करना, सहकारी संघवाद को बढ़ावा दे कर राज्यों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना, ये हमारी सरकार की प्राथमिकताएं हैं। एक अच्छी शुरूआत हो चुकी है। उज्जवल भविष्य हमारी राह देख रहा है। हमारी सरकार के बारे में कहा जाता है, अभी कुछ दिनों से चर्चा है कि हम किसान विरोधी हो गए हैं। जिस पार्टी का जन्म इस देश के गरीबों के हितों के लिए, किसानों के हितों के लिए,

युवाओं के हितों के लिए हुआ है, वह पार्टी कैसे विरोधी हो सकती है? हमारी पार्टी की शुरूआत सबसे पहले गरीबी से हुई है। हमारे नेता पं. दीन दयाल उपाध्याय कहा करते थे कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा हुआ जो व्यक्ति है, जब तक उसका जीवन स्तर न सुधरे, समझो आपका काम पूरा नहीं हुआ है। सरकार के हर फैसले में गरीब की भागीदारी होनी चाहिए। आज हमारी सरकार ने इसे

दिखाया है। पहले प्रधानमंत्री हमारे नरेन्द्र मोदी जी हैं, जिन्होंने अपनी सरकार की प्राथमिकतायें तय करते हुए कहा कि देश के खजाने में पहला हक अगर किसी का है तो वह गरीब का है। यह लोकतंत्र क्यों आया? सरकार की जरूरत किसको है, गरीब आदमी को है, सरकार की जरूरत किसको है, बेरोजगार नौजवान को है, सरकार की जरूरत किसको है, हमारे देश के किसानों को है। आज सबसे बड़ी प्राथमिकता हमारी सरकार ने यही तय की है कि आज देश के अंदर जितनी गरीबी है, उसे मिटाने का संकल्प हमारे प्रधानमंत्री जी ने लिया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना इसकी पहली शुरूआत है। आज उसका उपहास उड़ाया जा रहा है। 13 करोड़ से ज्यादा खाते खुलना, यह सरकार की प्राथमिकता का पहला कदम है। हमारी बैंकिंग व्यवस्था भी इससे मजबूत हुई है।

माेदय, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि हमारे देश का जो पढ़ा-लिखा बेरोजगार नौजवान है, उसे आज कहीं भी रोजगार नहीं मिल रहा है। मेक इन इंडिया एक ऐसा प्रस्ताव हमारे देश के सामने है, जिसमें करोड़ो-करोड़ रोजगार भी पैदा होंगे और उससे जो उत्पादन पैदा होगा, वह मेड इन इंडिया का काम करेगा। देश का गरीब आदमी, जिनको आज तक रहने के लिए मकान नहीं मिला, मैं दो समुदाय की बात करूँगा, एक एस.सी. समुदाय है, जिसके परिवार पूरे देश में चार करोड़ हैं। एस.टी. समुदाय के दो करोड़ परिवार हैं। अभी भी उनमें चालीस प्रतिशत से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जिनके पास खुद का रहने का मकान नहीं है। साठ वर्ष तक राज करने वाली सरकार ने एक इंदिरा आवास नामक योजना चलाई। उस इंदिरा आवास योजना के भरोसे पर रहकर लोगों ने इतने वर्ष अपनी आजादी के बिता दिए। माेदय, मेरी पार्टी का पर्याप्त समय है। मुझे पाँच मिनट का समय दीजिए। मैं बहुत महत्वपूर्ण बात कह रहा हूँ। आज उन गरीबों के लिए समय सीमा तय कर दी। हमारे प्रधानमंत्री जी ने कह दिया कि वर्ष 2022 में जब देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी, तब तक हमारे देश के हर गरीब का पक्का मकान होगा। आज यह सबसे महत्वपूर्ण बात है और हमारी सरकार की यह प्राथमिकता है।

माेदय, भूमि अधिग्रहण कानून को लेकर जिस तरह से अध्यादेश के मामले में चर्चा हो रही है। इस पार्टी ने तय किया था कि हम किसानों की पार्टी हैं। अटल बिहारी वाजपेयी जब देश के प्रधानमंत्री थी, वे पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर 9 प्रतिशत किया। इसके बाद हमारी कई राज्य सरकारें इसे जीरो परसेंट पर ले आई। पहली बार किसानों को क्रेडिट कार्ड देने वाली यह सरकार है।

प्रधानमंत्री जी ने सिंचाई योजना शुरू की है। किसानों का जो उत्पाद खराब हो जाता है, प्रधानमंत्री जी ने उसके लिए फूड पार्क बनाने के लिए दो हजार करोड़ रूपए दिए हैं। क्या यह छोटी बात है? किसानों

को हम पूरी मजबूती के साथ कहते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है। भारतीय जनता पार्टी न कभी किसानों के खिलाफ थी और न कभी रहेगी। आने वाले समय में यह सरकार शुद्ध किसानों का काम करने वाली है, बेरोजगारों का काम करने वाली है, मजदूरों का काम करने वाली है, गरीबों का काम करने वाली है। मैं यही आपसे निवेदन करना चाहता हूँ। मैं सभी साथियों से कहता हूँ कि इस सरकार के साथ चलिए और एक नया भारत बनाइए।

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : माेदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बात रखने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। पिछले 9 महीने में हमने राष्ट्रपति जी के दो अभिभाषण देखे। 9 जून को आदरणीय महामहिम राष्ट्रपति जी ने अभिभाषण दिया और 23 फरवरी को राष्ट्रपति जी ने फिर से दोबारा संसद के दोनों सदनों के सामने अपनी बात रखी। अभी हमारे वरिष्ठ सांसद गणेश सिंह जी कह रहे थे कि पीछे देखना चाहिए। मेरा भी सरकार से आग्रह था कि जब यह अभिभाषण आप बना रहे थे तो कम से कम पिछला अभिभाषण तो पढ़ लेते। पिछले अभिभाषण में क्या बात रखी थीं, इसके बारे में अगर आप थोड़ा ध्यान रखते तो जो बार-बार विपक्ष के लोग कहते हैं कि यह यू-टर्न की सरकार है, इसकी फिर से पुष्टि नहीं होती।

माेदय, अगर आप पिछला अभिभाषण देखोगे तो उसमें सिटिजन्स की सिक्योरिटी के बारे में एक पैरा था। लोगों की रक्षा करने के बारे में एक पैरा था, लेकिन इस अभिभाषण में हमें दूर-दूर तक उसके बारे में कोई बात नहीं दिखती है। पिछले अभिभाषण में हर स्टेट में आई.आई.टी., आई.आई.एम., एम्स खोलने के बारे में बात हो रही थी, लेकिन इस अभिभाषण में उसके बारे में दूर-दूर तक कहीं भी कोई बात हमें दिख नहीं रही है। सबसे बड़ी और गम्भीर बात हमें जो लगती है, पिछले अभिभाषण में आदरणीय राष्ट्रपति जी ने कहा था कि यह सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए वचनबद्ध है, लेकिन वह बात पिछले 8 महीने में यह सरकार अब भूलने लगी है। इसलिए इसे यू-टर्न की सरकार हम कहते हैं। 8 महीने पहले आप कह रहे थे कि हम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए वचनबद्ध हैं और 8 महीने में अब राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इसको भूलते हो।...(व्यवधान) 10 साल में हमसे क्या गलती हुई, वह हमें पता है। अब 8 महीने में, 9 महीने में आपको क्या करना है, आप इसके बारे में बात कीजिए। पिछले अभिभाषण में आपने कहा था कि हमारा जीरो टॉलरेंस है, हिंसा के खिलाफ हमारा जीरो टॉलरेंस है।

इस अभिभाषण में आप भूल गए और हिंसा के बारे में बात ही नहीं करना चाह रहे हैं, ज़ीरो टॉलरैन्स की बात ही नहीं हो रही है। आठ महीने पहले आपकी सरकार ने अभिभाषण लिखा, आठ महीने में आप अभिभाषण को बदल रहे हैं, उसको भूल रहे हैं। इतना तो यू-टर्न मत लीजिए। इतना बार-बार यू-टर्न लेंगे तो बड़ी मुश्किल में आ जाएँगे। पिछले अभिभाषण में राष्ट्रपति जी ने जब पढ़ा, पहली बार हम संयुक्त सत्र में बैठे थे, हमें बड़ा अच्छा लगा, हमें राष्ट्रपति जी ने कहा था कि कालाधन ज़रूर वापस आएगा। हमें लगा था कि हर भारतीय के खाते में 15-15 लाख रुपये तो मोदी जी जमा करके ही छोड़ेंगे। अब ऐसा हो गया कि वह काला धन तो आप भूल गए, काला धन का मैन्शन भी राष्ट्रपति जी के इस अभिभाषण में नहीं है। आठ-नौ महीने में आप इतना यू-टर्न ले रहे हैं, यह लज्जा की बात है, यह कोई अच्छी बात नहीं है।

डिजीटल इंडिया मिशन- डिजीटल इंडिया मिशन कोई छोटा प्रोग्राम नहीं है। ढाई लाख गांवों को पहले चरण में जोड़ा जाएगा। हमारी सरकार इसके लिए पूरी ताकत के साथ लगी हुई है। आखिरकार अगर हमें गांव में स्वास्थ्य की सुविधा को अच्छा करना है, शिक्षा की सुविधा को अच्छा करना है तो सभी को मिलकर यह काम करना होगा। डिजीटल इंडिया के माध्यम से टेक्नॉलोजी के माध्यम से ई-लर्निंग, ई-गवर्नेंस, ई-फार्मिंग, ई-मेडिसिन क्यों नहीं हो सकता है। जब किसान को रीयल टाइम डाटा मिलेगा और उसे पता चलेगा कि किस समय पर किस चीज की खेती है, कौन-सा बीज बोना है, मार्केट में किस प्रोडक्ट की क्या कीमत मिलने वाली है, कब सामान बेचना है, मार्केट लिंकेज प्रोपर होगी तो निश्चित तौर पर टेक्नोलॉजी का वहां लाभ होगा। जब गांव में पढ़ने वाले विद्यार्थी के लिए टीचर नहीं होते और वर्चुअल क्लास रूम के माध्यम से अच्छे शिक्षक के माध्यम से गांव के पिछड़े से पिछड़े क्षेत्र में रहने वाले बच्चे को अच्छी शिक्षा देंगे तो निश्चित तौर पर गांव में पढ़ने वाला बच्चा भी शहर के साथ पढ़ने वाले बच्चे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उसे चुनौती दे सकेगा। जब हम ई-गवर्नेंस की बात करते हैं या ट्रांसपेरेंसी की बात करते हैं लेकिन हम पारदर्शिता में विश्वास रखते हैं और ई-ऑक्शन इसका सबसे बड़ा नमूना होगा जिसके कारण एक लाख नौ हज़ार करोड़ रूपये इकट्ठा हुआ है। जब ये सब एक-एक करके होगा तो डिजीटल इंडिया मिशन के अंतर्गत इन सबका लाभ मिलने वाला है।

स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, नीति आयोग जैसे प्रोग्राम के लिए देश भर के लोगों ने अपने विचार रखे हैं। मुझे लगता है कि टेक्नोलॉजी का जो बहुत बड़ा लाभ मिलता है, हमें उसका लाभ उठाना चाहिए। अगर भारत को नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी बनाना है तो हमें डिजीटल इंफ्रास्ट्रक्चर को और सुदृढ़ करना होगा। टेक्नोलॉजी का लाभ उठाना होगा और कहीं न कहीं जो हम पिछले 67 वर्षों में कमी देखते आ रहे हैं, उस कमी को पूरा करना होगा। मुझे आज यहां यह कहते हुए खुशी हो रही है कि जो विकास दर पिछले दस वर्षों में गिरती चली जा रही थी, वह ठीक हो रही है। अटल जी वर्ष 1998 में आए तो 3.8 प्रतिशत से लेकर 8.2 प्रतिशत पर विकास दर छोड़ कर गए। पिछली यू.पी.ए. सरकार ने उसे 4.5 फीसदी पर लाकर खड़ा कर दिया। आज मैं यहां पर खड़े होकर कहती हूँ कि नौ महीने के अंदर हमने विकास दर को 7.4 फीसदी पर लाकर खड़ा कर दिया है।

हमारी सरकार ने नौ महीने के अंदर महंगाई दर को सबसे कम करके दिखाया है। चिंता उस समय देश को होती थी, चिंतन करना आपकी जरूरत है, आपको करना चाहिए। जब आपकी पूर्व मंत्री इस तरह की बातें करती हैं तो देश की जनता यह जानना चाहती है कि आखिर कौन व्यक्ति उस समय किस तरह का टैक्स लगाया करता था ताकि फाइल आगे मूव करे, आगे बढ़े और विदेशी कंपनियां वापस चली जाती थी। हिन्दुस्तान की कंपनियां भी विदेश में पैसा लगाने पर मजबूर हो जाती थी। रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स एक और दुविधा थी। आपके एक निर्णय के कारण पूरी दुनिया भर में भारत की छवि बदली। यह किसी भी नयी सरकार के लिए एक बहुत बड़ा कदम था, मुश्किल कदम था। आखिरकार हाईकोर्ट की जजमेंट के बाद उसे चुनौती दे या न दे, लेकिन हिन्दुस्तान में निवेश आए। दुनिया भर की नज़रे हिन्दुस्तान की तरफ हैं। हिन्दुस्तान को एग्रेसिव्ली प्रोमोट किया जाए कि यहां पर निवेश हो, रोज़गार मिले। मेक इन इंडिया प्रोग्राम को बल मिले। हमारी सरकार ने वह कदम भी उठाया और पूरी दुनिया को सही संदेश देने का प्रयास किया है। उसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं।

मित्रो, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस किसी भी सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री जी गए हों, वहां पर भारत की अमिट छाप छोड़कर आए हैं। चाहे वह काले धन का विषय हो, हमने हिंदुस्तान की जनता से वादा किया था कि हम सत्ता में आएंगे तो विदेशों में पड़ा काला धन वापस लेकर आएंगे। हमारी प्रतिबद्धता इससे नज़र आती है कि सत्ता में आते ही शपथ में लेने के बाद पहली कैबिनेट मीटिंग में एस.आई.टी. का गठन करके काला धन वापस लाने का प्रयास हमने शुरू कर दिया है, इसकी शुरूआत की दी है।

विश्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परम्पराओं को मान्यता- मोदी जी की सरकार के प्रयासों ने विश्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परम्पराओं को मान्यता दी है। संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर ठीक 75 दिन में संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसम्बर, 2014 को 193 देशों में से रिकॉर्ड 177 सह-समर्थकों के साथ 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। जिस सोच के साथ प्रधानमंत्री जी ने भारत की उस खराब

छवि को बदलने का प्रयास किया, उसमें हमें बहुत सफलता मिली है। भ्रष्टाचार के दाग भारत के ऊपर लगे थे, पॉलिसी पैरालाइसिस था, इनडिसाइसिवनेस थी, निर्णय लेने की पुरानी सरकार में क्षमता नहीं थी और हिन्दुस्तान की जनता आपसे मुक्ति चाहती थी। अब महंगाई धरातल पर है और विकास दर लगातार बढ़ रही है। मेक इन इंडिया प्रोग्राम को बल मिल रहा है और स्किल इंडिया कैम्पेन को भी हम आगे बढ़ा रहे हैं।

अगर आप खेलों की बात देखें तो पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षण और प्रशिक्षण प्रोग्राम, राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत इसकी शुरूआत की गई है। वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि बच्चों में वैज्ञानिक सोच बढ़ सके और हम नई इनोवेशंस कर सकें। यह सोच अगर पहले कभी की गई होती तो इसमें और बल मिलता। हमारे दूर-दराज के क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए, उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देते हुए ईशान विकास और ईशान उदय नामक योजनाओं की शुरूआत की गई है। खेलें में भारत ज्यादा से ज्यादा मेडल जीते, इसके लिए टार्गेट ओलंपिक पोडियम स्कीम की शुरूआत की गई है। एक सौ करोड़ रूपए का कॉर्पस फंड बनाया गया है। नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड के अंतर्गत ओलंपिक, 2016 और 2020 में हम ज्यादा मेडल जीत सकें, इसके लिए कमेटी का गठन किया गया है। इसमें 75 से ज्यादा खिलाड़ियों को वर्ष 2016 के लिए चुन लिया गया है ताकि वर्ष 2016 के ओलंपिक में हम मेडल जीत सकें और वर्ष 2020 के लिए भी ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें। लक्ष्य ओलम्पिक पोडियम के बारे में, मैं यहां पर बार-बार बात कह रही हूं, छोटे बच्चों पर कैसे ध्यान दिया जाए, इसलिए टैलेन्ट रिसर्च प्रोग्राम उसकी भी सोच रखी है ताकि 8 साल से 12 साल के बच्चों को, जिनमें टैलेन्ट है, "कैच देम यंग" यानि कि उनको किशोरावस्था में प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे भारत के लिए मैडल जीत सके, उसकी शुरूआत भी हमारी सरकार ने की है।

स्किल डेवलपमेंट- स्किल डेवलपमेंट कैसे की जाए, इंडस्ट्री के अनुसार उसको कैसे तैयार किया जाए, चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र से हो या शहरी क्षेत्र से हो, उसके लिए भी हमारी सरकार ने न केवल एक नए मंत्रालय का गठन किया है बल्कि उसके अंतर्गत पूरे देश भर में करोड़ों नौजवानों को प्रशिक्षण देने की एक नई शुरूआत की है। मैं देश भर की युवाओं की तरफ से प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूँ।

देश का किसान- आज भी हमारे देश का किसान मौसम पर, बारिश पर और भगवान भरोसे क्यों रहता है, क्योंकि उनके खेतों तक सिंचाई की सुविधा नहीं है, वहां तक पानी की पाइप लाइन नहीं पहुंचती है, ड्रिप इरिगेशन की सुविधा नहीं है। शायद गुजरात में माननीय प्रधानमंत्री जी ने करके दिखाया है। वाटर हार्वेस्टिंग जो करके दिखाई थी, कृषि के विकास दर में जो वृद्धि लाकर दी थी, उसका लाभ आज देश को मिल सकता है और इसकी शुरूआत की है जिसके लिए 500 करोड़ रूपए का कॉरपस रखा गया है और ""प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना"" की भी शुरूआत की गई है ताकि किसानों के खेतों तक सिंचाई योजना के माध्यम से पानी पहुंच सके। जब तक मिट्टी की गुणवत्ता नहीं पता लगेगी तब तक शायद संभव नहीं है कि किस क्वालिटी के सॉइल से किस खेत में क्या किया जा सकता है? हमारे देश के किसानों को उसका लाभ भी मिलेगा और निश्चित तौर पर आने वाले वर्षों में उसका लाभ किसानों को मिलने वाला है।

मेक इन इंडिया- मेक इन इंडिया प्रोग्राम में एम.एस.एम.इज. (MSMEs) का बहुत बड़ा सहयोग होता है। पूरे देश में करोड़ों लोगों को रोज़गार देने वाली उद्योग को भी बल देने के लिए हमारी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसमें से 21 समूहों को कला कौशल और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए 965 गतिविधियों के जरिए प्रदान किए जा रहे हैं। यही नहीं, देश के युवाओं को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण मिले, इन सबके लिए हमने जो काम किया है उससे देश को लाभ मिलेगा। मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले एक-दो बातों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए क्या-क्या करना हैं? मेक इन इंडिया इस सरकार का एक फ्लैगशिप प्रोग्राम है, जिसकी चर्चा आज दुनिया भर में होती है, लेकिन चर्चा तो वापस शुरू हो गई है, लोग आकर्षित भी होने शुरू हो गए हैं। छवि को बदलने की सबसे पहले जरूरत थी। रेट्रोस्पेक्टिव टैक्सेज न लगाए जाएं, जी.एस.टी. को लागू किया जाए। हिन्दुस्तान में "ईज ऑफ डुइंग" बिजनेस हो और पावर सप्लाई 24 घंटे हो ताकि ज्यादा से ज्यादा उद्योग लग सकें। हम उद्योगों के लिए स्किल्ड मैन पावर लाकर दें और इसके साथ-साथ डिजीटल इफ्रास्ट्रक्चर पूरे देश में खड़ा करें। भ्रष्टाचार मुक्त भारत हो और सुशासन देश में आए, ये सब मेक इन इंडिया को सफल बनायेंगे।

आपदा- कश्मीर में जो आपदा आई, वह शायद हम सबके लिए एक बहुत बड़ी चुनौती थी। हुदहुद में भी जो हुआ, वह भी बहुत बड़ी आपदा थी। लेकिन जिस तरह से आपदा आने के बाद प्रधानमंत्री जी स्वयं कश्मीर गए और वहां भारतीय सेना ने जिस तरह दिन-रात एक करके काम किया है, वह काबिले तारीफ है वर्ना वहां हज़ारों लोगों की जान जा सकती थी। सरकार के काम-काज के कारण जम्मू-कश्मीर की जनता ने उसका धन्यवाद किया है। आंध्र प्रदेश की जनता ने धन्यवाद किया है और ओडिशा की जनता ने भी उसका धन्यवाद किया है। अब कश्मीरी पंडितों के री-हैबिलिटेशन के लिए हमने 60 हज़ार से अधिक कश्मीरी पंडित परिवारों के पुनर्वास का काम शुरू कर दिया गया है।

स्मार्ट सिटीज़- स्मार्ट सिटीज़ हमारी सरकार का एक बहुत बड़ा प्रोग्राम है। वह जल्द ही शुरू होने वाला है। उसका लाभ भारत के सौ से ज्यादा शहरों को मिलेगा। लेकिन सौ स्मार्ट सिटीज़ को देखकर कई और सिटीज़ स्मार्ट होंगी और उनकी सुविधाएं भी बढ़ेंगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिस तरह इस सरकार ने नौ महीने में काम किया है। वह अभी शुरूआत है, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि हम सबको अपना-अपना योगदान देना है। इस देश को मजबूत भारत, एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए हम सबको अपनी-अपनी ओर से काम-काज करना है। 125 करोड़ की जनता के लिए हमारी सरकार वचनबद्ध, कटिबद्ध है। मैं यही कहना चाहती हूं कि यह सरकार गरीबों, नौज़वानों, पिछड़ों, मज़दूरों और अल्पसंख्यक किसानों की है। इन सबके काम के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

मैं विनम्रता के साथ सरकार से मांग करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में मोतिहारी से सीमामढ़ी वाया शिवहर रेल लाईन का निर्माण हो। बॉर्डर रोड के लिए जमीन का अधिगृहण जल्द से जल्द करके सड़क निर्मित हो। एन.एच. 104 का निर्माण जल्द हो। शिवहर सहित बिहार राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए समुचित कदम केन्द्र सरकार उठाये। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण के माध्यम से सरकार की आगामी नीतियों द्वारा देश की प्रत्येक जनता के विकास पर ध्यान दिया है। इस अभिभाषण से देश का हर वर्ग आशान्वित है।

SHRI P.C. MOHAN (BANGALORE CENTRAL): First of all, I am thankful to you for giving me an opportunity to say a few words on the Motion of Thanks. The President's speech covers the achievements of the Government, especially the achievements registered so far in terms of development.

First of all, I would like to congratulate the Government for registering a growth rate of 7.4 per cent as against the 4.6 per cent growth rate last year. This has made India the fastest growing economy in the world. In addition, the steps taken by the Government to contain inflation, especially food inflation, have eased the burden of the poor and middle-class people.

With regard to the launch of Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, I would like to say that the poorest of the poor, who have not even seen the bank till today, have opened accounts in various banks. In all, 13.2 crore bank accounts have been opened which will benefit the poorest of the poor. This has resulted in the availability of credit to the manufacturing sector due to the improved credit.

With regard to Direct Benefit Transfer Programme, I would say that around 35 schemes have come under this programme by which the benefit of developmental programme reaches to the poor without any leakage. DBT covers scholarship to the women, students, Jana Surakhsa Yojana, welfare measures to minorities, beedi workers, housing subsidy, scheduled castes and scheduled tribes, pension schemes, LPG subsidy and others.

Launch of Swachh Bharat Mission has made everybody aware as everybody wants to keep the city and their own places clean. Under the Swachh Vidyalaya Scheme the Government is committed to construct toilet in every school. I suppose every elected representative is doing this in their respective constituencies.

Under the Sansad Adarsh Gram Yojana I have adopted a village called Yerappanahalli in my constituency. People are very happy about it.

19.00 hrs

The Modi Government has streamlined the scholarship schemes for students of SC, ST, OBC and other minorities and set up a new Venture Capital Fund for SC entrepreneurs. I would request the Government to earmark higher percentage for procurement by the Government from these entrepreneurs both private and government institutions.

***डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार):** महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इस पर मैं अपने विचार प्रकट करता हूं।

यह अभिभाषण सरकार का दृष्टिपत्र है जिसमें श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार का दृष्टिकोण, योजनाएं और उनके क्रियान्वयन का दृढ़संकल्प परिलक्षित होता है।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस प्रकार प्रकार से 9 माह में तमाम क्षेत्रों में क्रांतिकारी कदम उठाकर इतिहास बनाया है वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अद्वितीय है।

इससे पूर्व यदि श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार को छोड़ा जाए तो देश की आजादी के 68 वर्षों बाद भी देश हताशा और निराशा के माहौल में जी रहा था, ऐसा लग रहा था मानों चारों ओर अंधेरा अपना पांव तेजी से पसार रहा है। ऐसी स्थिति में रोशनी की किरण के रूप में देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी जी पर पूरा भरोसा किया और उन्हें देश की बागडोर सौंपी। प्रधानमंत्री बनने के बाद 9 माह में देश की 125 करोड़ जनता की आशा और उम्मीद पर खरा उतरते हुए श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है। लोगों की आशाएं परिणाम में बदलती दिख रही हैं और लोगों का भरोसा और मजबूत हो रहा है।

मैं मानता हूं सरकार के सामने अभी चौतरफ चुनौतियां हैं क्योंकि देश की आजादी के 68 वर्षों बाद भी अभी देश की आबादी का कुल 26 प्रतिशत अर्थात् लगभग 32 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से नीचे अभावा का दंश झेल रहे हैं।

आवास - करोड़ों लोगों के पास आज भी सिर ढकने के लिए मकान नहीं है।

शौचालय - 68 प्रतिशत अर्थात् लगभग 70 करोड़ लोगों के पास आज भी शौचालय नहीं है, वह खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हैं।

शिक्षा - देश में 38 प्रतिशत अर्थात 45 करोड़ से अधिक लोग शिक्षा से वंचित है, इतना ही नहीं तो

पेयजल - 50 प्रतिशत अर्थात् 60 से 65 करोड़ लोगों को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

चिकित्सा - भारत में आज भी 1700 व्यक्तियों पर एक चिकित्सक है जबकि यह संख्या एक हजार होनी चाहिए थी। अधिकांश ग्रामीण जनता आज भी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है।

ऐसी दुष्कर परिस्थितियों में वर्तमान सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर चुनौती का मुकाबला कर रात-दिन अहर्निश भाव से इस देश की 125 करोड़ जनता के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है। यह देशवासियों का इन 9 महीनों में देखा जाए तो सौभाग्य का विषय है।

1. स्वच्छ भारत अभियान

पहली बार लाल किले की प्राचीर से किसी प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीणों का शौचालय उपलब्ध कराने का संकल्प किया है क्योंकि देश की आजादी के 68 वर्षों के बाद भी 68 प्रतिशत ग्रामीण भारतीयों के पास शौचालय नहीं है।

1. पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए अक्तूबर, 2019 तक भारत में खुले में शौच को बंद करने का लक्ष्य रखा था।
2. अगले पांच सालों में स्वच्छ भारत अभियान में 2 लाख करोड़ रूपये का व्यय होगा।
3. अगले 5 सालों में देश के ग्रामीण इलाकों में 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया जाएगा।
4. शहरी क्षेत्र में 62000 करोड़ रूपये और ग्रामीण क्षेत्र में 1.34 लाख करोड़ रूपये व्ययय करके आमूलचूल परिवर्तन लाया जाएगा।
5. 15 अगस्तव, 2015 तक देश के हरेक विद्यालय में 1 शौचालय का निर्माण करने का लक्ष्य।
6. स्वच्छ भारत अभियान के लिए 450 करोड़ स्वीकृत।
7. पूरा देश इस मिशन से जुड़ा है, हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोग इसमें अपना योगदान दे रहे हैं।

2. वित्तीय स्थिति

देश में विदेशी निवेश वर्ष 2013 में 1767 मिलियन यूएस डालर से बढ़कर 2014 में 3459 मिलियन यूएस डालर हो गया। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत की विकास दर वर्ष 2017 में चीन को पीछे छोड़ जाएगी। औद्योगिक विकास दर 2014 के पहले क्वार्टर में 0.4 से 4.2 प्रतिशत हुई।

1. जीडीपी की विकास दर 2014-15 में 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2013-14 में पुरानी गणना में यह मात्र 4.7 प्रतिशत ही थी।

2. पिछले वर्ष प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष आय में 5.4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई थी। जबकि इस वर्ष 2014-15 में यह 6.1 है। यह भी आशानुरूप वृद्धि हुई है। लोगों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति प्यार और उत्साह व विश्वास का भाव भी तेजी से बढ़ा है।

3. <u>महंगाई नियंत्रण</u>

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने महंगाई से जूझती जनता को राहत दी है। जहां देश में पेट्रोलियम उत्पादों की दरें घटी वहीं पर सरकार ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाए। पिछले कुछ महीनों में मुद्रास्फीति की दर 5 प्रतिशत के आसपास रही। पर जमाखोरी रोकने के लिए मोदी सरकार ने फलों, सब्जियों को कृषि उत्पाद विपणन कमेटी से हटाने के लिए राज्य सरकारों से कहा है। इससे किसान अपना उत्पाद सीधे दुकानदार को दे सकते हैं।

पिछले 9 महीनों में सरकार ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जो अद्भुत है ः

- नवम्बर, 2013 में मुद्रास्फीति की दर 11.6 प्रतिशत थी जो नवम्बर, 2014 में घटकर 4.38 प्रतिशत पर आ गई।
- थोक मूल्य सूचकांक 2013 में 6 प्रतिशत था जो दिसम्बर, 2014 में घटकर 0.1 पर आ गया जो ऐतिहासिक है।
- खाद्य मुद्रास्फीति 2013 में 9 प्रतिशत थी जो दिसम्बर, 2014 में 4.1 प्रतिशत पर नीचे आ गई है। यह इस बात का प्रमाण हे कि सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण ही नहीं किया बल्कि महंगाई को घटाया भी है।
- आयकर छूट सीमा को दो लाख से बढ़ाकर 2.50 लाख की है इससे मध्यम वर्ग को राहत मिली है।
- 80सी के अंतर्गत सीमा एक लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख कर दी गई है इससे सेवा मिशन में जुटी संस्थाओं को और अधिक कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई जिसका सीधा लाभ आज जनता को मिला है तथा जुलाई, 2014 से पेट्रोल रू. 16.29 प्रति लीटर सस्ता हुआ है। जुलाई, 2014 से डीजल में प्रति लीटर रू. 12.35 की कमी आई है। यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ। यूपीए की सरकार में हर माह महंगाई बढ़ती थी।
- कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए पीपीएफ सीमा को बढ़ाकर 1.5 लाख कर दी गई है।
- देश के सभी गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु 14389 करोड़ का प्रावधान किया गया है। श्री अटल जी द्वारा शुरू इस योजना से करोड़ों ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है।
- बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक को 8000 करोड़ का आवंटन किया गया है ताकि सभी बेघरों को समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराया जा सके।

यह सरकार गरीबों की आशाओं का केन्द्र भी बनी है।

4. <u>वर्ष 2022 तक ""सभी के लिए आवास""</u>

भारत में करोड़ों बेघर लोगों को सिर के ऊपर छत उपलब्ध कराने के लिए एनडीए सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना ""सभी के लिए आवास"" के क्रियान्वयन के लिए संकल्पबद्ध है।

1. इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 तक यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी लोगों को आवास उपलब्ध हो सके।
2. समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं कम आय वर्ग के लिए एक लाख से 1.8 लाख तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है।
3. मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाने हेतु हाउसिंग ऋणों का सरलीकरण एवं अधिक टैक्स की रियायतें देने की योजना बनाई गई है।
4. इसी शृंखला में राष्ट्रीय आवास बैंक के कॉरपस को बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है।
5. योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु हाउसिंग बैंक को 8000 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है।

5. <u>प्रधानमंत्री जन-धन योजना</u>

देश की 68 साल की स्वतंत्रता के बाद भी 68 प्रतिशत जनसंख्या का खाता नहीं था। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई इस महत्वाकांक्षी योजना ने गिनीज बुक में अपना स्थान बनाया है। आज इस योजना के अंतर्गत खाता संख्या 13.2 करोड़ है और जमा राशि 11,000 करोड़ है।

इस योजना के अंतर्गत जहां लाभार्थियों को एक ओर 30 हजार रूपये चिकित्सा बीमा और एक लाख रूपये दुर्घटना बीमा की सुविधा मिलेगी वहीं ऋण के रूप में उन्हें 5 हजार लेने की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, इस योजना से देश को निम्नलिखित लाभ होगा।

1. देश की आर्थिक रूप से पिछड़ी जनता का शत-प्रतिशत समावेश सुनिश्चित किया जा सकेगा।
2. योजना के अंतर्गत सब्सिडी की सरकारी भुगतान का खातों में सीधे हस्तांतरण से मनरेगा, एलपीजी सब्सिडी आदि सीधे उनके खातों में जाने से लीकेज रूकेगी। देश को अगले तीन वर्ष में 58000 करोड़ से अधिक की बचत हो पाएगी।
3. देश की मातृ शक्ति जिनके कि 51 प्रतिशत खाते हैं उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सकेगा।

6. <u>विदेश नीति</u>

इतिहास इस बात का साक्षी है कि पिछले 8-9 महीनों में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति ने कई उंचाइयों को छुआ है चाहे वह सार्क देशों का समूह हो, चाहे ब्रिक्स या फिर अमेरिका, आस्ट्रेलिया या यूरोपीय संघ, सभी ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व क्षता पर अपना विश्वास प्रकट किया है। इन सभी देशों के साथ परस्पर मैत्री और सहयोग का नया अध्याय शुरू हुआ है।

अमेरिका ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का इतना समर्थन किया है। अगले पांच साल में अकेले जापान ने 40 बिलियन अमेरिकी डालर या 240 हजार करोड़ का निवेश करने के लिए आश्वासन दिया है।

इसी कड़ी में चीन ने भी अगले पांच वर्षों में 20 बिलियन डॉलर (120 हजार करोड़) के निवेश का वायदा किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भी 41 बिलियन डालर के निवेश की योजना है और उसने भारत के साथ सामरिक महत्व के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों के साथ काम करने की इच्छा जतायी है।

इसके अतिरिक्त, भूटान, नेपाल, फीजी, श्रीलंका से हमारे रिश्तों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पाकिस्तान को भी कड़े शब्दों में आतंकवाद से बाज आने को कहा गया है। रूस, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका से द्विपक्षीय मामलों में निकटता बढ़ी है।

7. <u>मेक इन इंडिया</u>

भारत में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अगुवाई में एनडीए सरकार ने मेक इन इंडिया योजना क्रियान्वित की है। देश में रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश 26 से 49 प्रतिशत तक बढ़ने से इस क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। निर्माण और रेल से जुड़े आधारभूत ढांचे में सौ प्रतिशत विदेशी निवेश से रेलवे में वही आ रही आर्थिक संसाधनों की कमी दूर रहोगी।

मेक इन इंडिया अभियान राष्ट्र को ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। पूरी दुनिया में भारत में निर्मित हर प्रकार की वस्तु उपलब्ध होगी और दुनिया को इस पर गर्व होगा।

8. <u>देश में व्यापारिक माहौल अनुकूल करने हेतु</u>

- सरकार द्वारा कई औद्योगिक कॉरिडोरों की स्थापना की योजना बनाई गई है। इतना ही नहीं तो 48-72 घंटे तक सभी निवेशकों को सभी प्रकार के क्लीयरेंस दिए जाने की योजना है।
- कौशल विकास और उद्यमिता केन्द्रों के माध्यम से देश में औद्योगिक उत्पादन को नई गति देने की कवायद की जा रही है।
- स्मार्ट सिटीज का निर्माण कर देश के नागरिकों को विश्वस्तरीय आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।
- डी-लाइसेंसिंग जैसे महत्वपूर्ण कदम उइकर देश के उद्यमियों को नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- मेक इन इंडिया से एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।
- चौबीसों घंटे ई-बिज पोर्टल के माध्यम से उद्यमियों एनं उनसे जुड़े सभी लोगों को सभी सूचनाएं आनलाइन दिए जाने का प्रावधान किया गया है।
- सरकार द्वारा देश में औद्योगिक उत्पादन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए 25 मुख्य क्षेत्रों की पहचान की गई है जिसमें दूरसंचार, पर्यटन, फार्मास्टयूटिकल, ऊर्जा आदि महत्वपूर्ण है।
- दो वर्षों से पूरे देश में 1000 से अधिक विश्वस्तरीय प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जाएगी। प्रशिक्षण संस्थाओं के लिए 15000 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिए 15-35 वर्ष के युवाओं को निर्माण, पेंटिंग, प्लंबिंग, मेसन, फिटर और नर्सिंग प्रशिक्षण दिए जाने की विशेष सुविधा का प्रावधान किया गया है। जो पूरे देश की काया को बदलेगी।

9. <u>उद्यमियों का विकास</u>

समूचे विश्व में आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में कुशल उद्यमियों और कारीगरों की कमी है। इसके दृष्टिगत सरकार द्वारा समुचित उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को चलाया जा रहा है ताकि हमारे उद्यमी समय की मांग पर खरे उतर सकें। मौजूदा समय में इनका अभाव है और ये समय की मांग पर खरे नहीं उतरते।

मौजूदा सरकार सभी प्रकार के कारीगरों को प्रशिक्षित करने का प्रयास कर रही है।

वाइट कॉलर ः प्रबंधन

ग्रे-कॉलर ः नोलेज वर्कर

ब्लू कॉलर ः उत्पादन सर्विस/सेक्टर

रस्ट कॉलर ः असंगठित मजदूर

विश्व परिदृश्य में भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

10. <u>सबका साथ सबका विकास के अंतर्गत राज्यों को अधिक आर्थिक संसाधन बढ़ाने का ऐतिहासिक</u>

<u>निर्णय</u>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने क्रांतिकारी कदम उठाकर राजस्व का 42 प्रतिशत राज्य सरकारों को देने का अभूतपूर्व निर्णय लिया है। वर्ष 2013-14 की अपेक्षा राज्यों को अब 175 हजार करोड़ अतिरिक्त मिलेगा। अगले पांच वर्षों में स्थानीय निकायों को 2.87 हजार करोड़ दिए जाने का प्रावधान है।

इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर आदि कम राजस्व वाले राज्यों को 1.94 लाख करोड़ का अतिरिक्त अनुदान प्राप्त होगा।

सभी राज्यों के मुख्यमंत्री नीति आयोग में बराबर के हकदार होंगे। मोदी जी ने यह कदम उठाकर अपनी 4डी छवि को प्रस्तुत किया है।

1. Decisive (निर्णायक)
2. Dynamic (प्रगतिशील)
3. Development (विकास)
4. Devolution (विकेन्द्रीकरण)

11. <u>नमामि गंगे</u>

प्रधानमंत्री जी हिमालय के प्रति समर्पित रहे हैं, इसलिए गंगा का अलग मंत्रालय बनाया गया है तथा गंगा स्वच्छता अभियान के तहत सरकार ने गंगा की निर्मलता, स्वच्छता, अविरलता और

संरक्षण हेतु व्यापक मिशन की स्थापना की है।

इस योजना के लिए सरकार ने 2037 करोड़ रूपये का आवंटन किया है। देश के शीर्ष आईआईटी का कंसोर्टियम बनाकर उन्हें गंगा के सफाई अभियान से जोड़ा जा रहा है। ""नमामि गंगे"" अभियान के उद्देश्यों को देखें तो विश्वास होता है कि जो काम 68 वर्षों में नहीं हो सका उसकी तेजी से शुरूआत हो गई है।

(क) निर्मल धारा - इसके तहत नगरपालिका क्षेत्र में सीवरेज प्रबंधन कर गंगा को शुरू रखने का प्रयास किया जाएगा।

(ख) निर्मल धारा - इसमें ग्रामीण अंचलों में हो रहे सीवरेज द्वारा प्रदूषण को रोका जाएगा।

(ग) निर्मल धारा - इसमें औद्योगिक कचरे को गंगा में जाने से रोक लगाई जाएगी।

(घ) अविरल धारा - गंगा घाट, सिंचाई योजना और वेटलैंड का संरक्षण इसके मुख्य लक्ष्य रहेंगे। इसके अतिरिक्त, गंगा की जैव विविधता, पारिस्थितिकी, पर्यटन, जहाजरानी क्षमता पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

(ङ) एक पृथम गंगा ज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

अविरल और निर्मल गंगा के अहर्निल प्रवाह के लिए यह सरकार संकल्पबद्ध है। मैं गंगा के प्रदेश से आता हूं। हमारा सौभाग्य है कि स्वर्ग से उतरकर गंगा उत्तराखंड की धरती गौमुख में अवतरित हुई और विश्व के कल्याण के लिए तमाम थपेड़े खाते हुए भी आगे बढ़ रही है।

12. **<u>कौशल विकास</u>**

देश में मेक इन इंडिया को सफल बनाने के लिए कुशल कारीगरों का होना अत्यंत आवश्यक है। इस बात के मद्देनजर सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं।

1. सरकार ने 2020 तक 500 मिलियन यानी की 50 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य बनाया है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि देश में कारीगर प्रशिक्षण क्षमता केवल 25 लाख है जबकि 128 लाख लोगों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है यह सरकार इस दिशा में सशक्त होकर काम करेगी।
2. देश में जर्जर होते आईटीआई एवं पुराने पाठ्यक्रमों की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने एक हजार नए प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना का मन बनाया है। इसके लिए 15000 करोड़ की व्यवस्था की गई है। यह स्वागत योग्य है।
3. ग्रामों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना और अनु.जाति, अनु. जनजाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लिए उस्ताद USTTAD योजना का शुभारंभा किया गया है।

ये सब योजनाएं भारत के युवाओं को तथा भारत की आर्थिकी को सशक्त करेंगे।

13. **<u>काला धन वापस लाने के लिए एनडीए सरकार संकल्पबद्ध है।</u>**

भारत सरकार द्वारा विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने के लिए जिस संकल्प शक्ति का परिचय दिया गया वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में देखने को नहीं मिलती। काले धन की समस्या से निजात पाने के लिए सरकार आवश्यक, विधायी एवं प्रशासनिक ढांचे का विकास कर रही है। सूचना प्रौद्योगिकी, क्षमता विकास और विभिन्न एजेंसियों में समन्वय स्थापित करना भी इस कवायद के मुख्य भाग हैं। सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जो ऐतिहासिक पहल हुई, पूरे देश ने उसे सराहा है।

- मई, 2014 में स्पेशल इनवेटीगेशन टीम (एसआईटी का गठन) किया गया जिसमें उच्चतम न्यायालय के दो अवकाश प्राप्त न्यायाधीशों को शामिल किया गया।
- काले धन बड़ी अनियमितताओं पर विशेष ध्यान देते हुए 31 जनवरी, 2015 तक 445 समूहों के माध्यम से 609 करोड़ की अघोषित राशि पकड़ी गई।
- 31 दिसम्बर, 2014 तक आयकर विभाग ने 6468 करोड़ की अघोषित संपति पकड़ी।
- वैश्विक प्रयास काला धन लाने के लिए विश्व की संस्थाओं और आर्थिक संगठनों से विचार-विमर्श।
- अक्तूबर, 2014 में राजस्व सचिव अघोषित विदेशी खातों की जांच के राजस्व सचिव स्विटजरलैंड गए और वहां उन्हें सहयोग का आश्वासन मिला है।
- कालेधन की 633 शिकायतों में से 391 केस फाइल किए गए। इनमें से 77 शिकायतें एचएसबीसी बैंक से संबंधित है।

देश को पूरा भरोसा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हर हाल में देश के पैसे को जो विदेशों में है, निश्चित रूप से वापस लाएंगे।

14. **<u>हिमालयीय राज्य</u>**

मैं सरकार का ध्यान हिमालीय राज्यों की विशिष्ट दुर्गम परिस्थितियों की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं जोकि पारिस्थितिकी की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील एवं सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैव विविधता से परिपूर्ण यह क्षेत्र अपने हिमनदों नदियों और अपवाह के माध्यम से विश्व की 130 करोड़ जनता को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभांवित करता है। हिमालय में अपार खनिज, वन और जल संपदा है जिसका क्षेत्र और देश के लिए समुचित दोहन किया जाना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में मेरा अनुरोध है कि हिमालीय राज्यों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अलग से मंत्रालय का गठन किया जाए। यहां पर जब तक ऐसा संभव नहीं तब तक परिषद का गठन किया जाए ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

संपूर्ण हिमालीय क्षेत्र की विशिष्ट पारिस्थितिकी के मद्देनजर, पृथक सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत इस क्षेत्र के राज्यों का उनके नियोजित विकास के लिए प्रोत्साहन के रूप में समुचित ग्रीन बोनस दिया जाना चाहिए।

मुझे विश्वास हे कि प्रधानमंत्री जी को हिमालय से लगाव है। वे देश के हित में हिमालय राज्यों के समुचित विकास के लिए कठोर कदम उठाएंगे।

15. **<u>उत्तराखण्ड का विकास</u>**

महत्वपूर्ण वनाच्छादित दुर्गम सामरिक रूप से पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड का 66 प्रतिशत वन क्षेत्र है। नित प्रतिदिन उत्तराखंड में भीषण प्राकृतिक आपदाएं आती रहती है। बेरोजगार दुर्गम परिस्थितियों और आपदा के कारण तेजी से बढ़ रहे पलायन को रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। मेरा अनुरोध है कि राज्य में विशिष्ट भौगोलिक, आर्थिक, सामाजिक, परिस्थितियों को देखते हुए कृषि और बागवानी की विशेष परियोजनाएं बनाई जाए। पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए विशेष परियोजना के क्रियान्वयन की जरूरत है। देश के सैनय और अर्द्धसैनिक बलों में उत्तराखंड के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए यहां पर सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ युवकों को विभिन्न स्तरों पर भर्ती के लिए प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध सरकार जरूर कराएगी। विशेष प्रकार की कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को बागवानी कुटीर उद्योग, जड़ी-बूटी उत्पादन, पुष्प उत्पादन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए कृषि मंत्रालय ने तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

16. **हरिद्वार विश्व की आध्यात्मिक राजधानी है**

मेरा सौभाग्य है कि विश्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक समृद्ध हरिद्वार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। हरिद्वार क्षेत्र चारधाम यात्रा का प्रवेशद्वार होने के साथ-साथ अध्यात्म और भारतीय संस्कृति की राजधानी है। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु विभिन्न पर्वों पर हरिद्वार आते हैं। कुंभ में तो यह संख्या कई करोड़ तक चली जाती है। ऐसी स्थिति में हरिद्वार में सुचारू रूप से यातायात चलाने की गंभीर समस्या है जिस पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के दृष्टिगत एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देश-विदेश के जिज्ञासु श्रद्धालुओं के लिए यहां पर गंगा और भारतीय संस्कृति से जुड़े एक संग्रहालय की आवश्यकता है। हरिद्वार में स्थानीय निकायों को सशक्त बनाकर शहर में ढांचागत सुविधाएं बढ़ाए जाने की जरूरत है। हरिद्वार क्षेत्र में कई गांव वर्षा के दौरान दर्जनों जलभराव और खेतों में रेत आने की मार झेल रहे हैं। गरीब प्रभावित किसानों को गन्ने की फसल का भुगतान तक समय पर नहीं होता है। इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। गंगा के तटों पर मजबूत तटबंध बनाकर क्षेत्रीय लोगें को बाढ़ से बचाया जा सकता है।

यातायात की दृष्टि से रूड़की-हरिद्वार-ऋषिकेश तक मोनोरेल की मांग रही है ताकि यात्रा में और विशेषकर कुंभ के समय देश-विदेश से आए यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

17. **कोयला ब्लाकों की ई-नीलामी ने इतिहास रचा**

देश के संसाधनों का समुचित दोहन ओर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह सरकार संकल्पबद्ध है। कोयले के ब्लाकों का आवंटन करने में सरकार ने जिस कुशलता का परिचय दिया है उसका अन्यत्र कहीं भी उदाहरण नहीं मिलता। सरकार द्वारा कोयले की ई-नीलामी हेतु जो कदम उठाए गए उसको भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों की कमर को तोड़ा है।

- 18 कोयले के खदानों की ई-नीलामी की गई जिसके फलस्वरूप 1.2 लाख करोड़ रूपये के राजस्व की प्राप्ति हुई, यह ऐतिहासिक है।
- पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, झारखंड, उड़ीसा, मध्य प्रदेश जैसे कोयला उत्पादक प्रांतों को 1,08,010 करोड़ की प्राप्ति ई-नीलामी और रायल्टी प्राप्त होगी।
- इन राज्यों को ऊर्जा बिलों में 37000 करोड़ रूपये की रियायत मिलेगी।
- सरकार अति गंभीरता से देश में कोयला की खोज क्षमता बढ़ाने और घरेलू उत्पाद को 1000 मिलियन टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य है।

इस निर्णय से देश की आर्थिक स्थिति ही मजबूत नहीं होगी अपितु तमाम प्रदेशों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी और वे संबंधित राज्य तेजी से विकास कार्य कर सकेंगे।

यह ""सबका साथ सबका विकास"" को और सुदृढ़ करता है।

18. **कल्याणकारी योजनाएं**

अध्यापकों, महिलाओं, वृद्धों, संगठित और असंगठित मजदूरों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार ने विभिन्न स्तरों पर कदम उठाए हैं।

1. बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सुकन्या समृद्धि खाते का शुभारंभ किया गया है ताकि देश में लड़के-लड़की का भेद मिट सके और हमारी बेटियां भी राष्ट्र निर्माण और उत्थान में बराबरी की हिस्सेदार बन सकें।
2. अध्यापक और प्रशिक्षकों के कल्याण हेतु पं. मदनमोहन मालवीय प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ किया गया ताकि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में हमारे शिक्षक योग्य पठन-पाठन कर सकें।
3. कर्मचारियों भविष्य निधि हेतु न्यूनतम आय 15000 कर दी गई है जिससे संगठित क्षेत्र के 50000 श्रमिक लाभांवित होंगे।
4. 1 सितम्बर, 2014 से देश में न्यूनतम पेंशन 1000 रूपये कर दी गई है जिसका लाभ 3200000 लोगों को मिलने की उम्मीद है।

""सबका साथ और सबका विकास"" की उक्ति को चरितार्थ करते हुए हमारी सरकार ने पिछड़े, गरीब, उपेक्षित, कृषक वर्ग, महिला और युवाओं पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से भी यही परिलक्षित होता है। हमें विश्वास है कि हम विकसित, स्वाभिमानी भारत की कल्पना को साकार रूप दे पाएंगे।

*m67

SHRI M. CHANDRAKASI (CHIDAMBARAM): Hon. Chairman, Sir, I am grateful to our most respected leader, Puratchi Thalaivi, Amma for enabling me to represent the people of Chidambaram Lok Sabha Constituency and to participate in the conventional Motion of Thanks to the President's Address.

Gender inequality is a major challenge in India. Right from 2001, our dynamic leader, Amma has taken many measures like Girl Child Protection Scheme and Cradle Baby Scheme benefiting more than five lakh needy girl-children spending about Rs.830 crore and more. But only now the President's Address touches upon the importance of women welfare, especially girl-children.

Since the Government of Tamil Nadu guided by our able leader Amma has arrested the declining trend in women sex ratio, we expect the Union Government to cite Tamil Nadu as a role model and reward us richly.

I want to point out that the Union Government's Budget Estimates and Revised Estimates for 2013-14 show that schemes focused exclusively on women received reduced allocations and were not implemented. When that being the state of affairs, both our President and our Prime Minister are thinking about saving girl-child.

The recommendation of the 14th Finance Commission to increase the States' share of Central revenue from 32 per cent to 42 per cent has been approved by the Union Cabinet. The Finance Minister has also said that the States would be given a free hand to spend the allocation as they may decide. It appears the Centre wants to pass on the burden of social costs to the State Governments.

The Centre is still talking about inter-linking of rivers. The Union Government is yet to give their standpoint and action plan to the hon. Supreme Court about linking of rivers. To begin with, the Centre may commence the linking of inter-State rivers in the southern peninsula. An action plan has already been drawn by the Government of Tamil Nadu to link three rivers in the State. Our leader and the people's Chief Minister Amma has already written to the Union Government to allow and allocate funds liberally for the linking of rivers.

When it comes to education, I want to point out that the Centre's fund for Post Matric Scholarship Scheme meant for SCs has not been released. The delay is causing much of concern. The Tamil Nadu Government has got to release only Rs.254 crore of the total requirement of Rs.1204.76 crore. The Centre is yet to release the balance of Rs.950.76 crore. This has resulted in the non-payment of scholarship amount to the needy students last year.

The Scheduled Castes and Scheduled Tribes constitute 20.1 per cent and 1.1 per cent respectively in the total population of Tamil Nadu. The Central fund allocation for their welfare must be proportionate to population-mix and must be released in time.

The President's Address delivered last year mentioned about 'Housing for All'. This year's Address talks about the importance to be given to construction industry to boost economic activity. Here, I would like to point out the need to increase the per unit cost of houses to be constructed under Indira Avas Yojana.

Our Government of Tamil Nadu has written to the Centre to increase the cost at least up to Rs. 2 lakh. This is necessary because the unit cost fixed earlier is inadequate and makes the scheme unimplementable.

The prices of cement and building materials are on the increase disabling the poor and the middle class to go for constructing their own houses. In Tamil Nadu, an ambitious scheme called "Amma Cement Scheme" to sell cement at a subsidised cost of Rs. 190/- per bag has been introduced giving much relief to the needy people.

Government of Tamil Nadu has been pleading with the Centre to provide dedicated transmission line to draw electricity from other States and the national

grid. In the absence of special transmission lines, our State Government is not able to get power from States which are willing to divert the excess power at their disposal.

Thank you.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, discussion on the Motion of Thanks on the President's Address is over. Reply will be tomorrow.

Now, the House stands adjourned to meet again at 11 a.m.

19.01 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, February 27, 2015/Phalguna 8,1936 (Saka).

---

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* ग़्दद्य् द्ध्ड्ढहद्दद्ध्ड्डड्ढड्ड.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.

* **च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ**

* च्द्रड्ढड्ढहण् ठ्ठघ् थ्ठत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ठ्ठडथ्ड्ढ.